राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 23 नवंबर 2025
वर्ष 07, अंक 54, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

डीएम राजागणपति आर. ने सीएचसी पिसावां का किया निरीक्षण, लापरवाही पर स्टाफ नर्स को लगाई फटकार...03

लाखों क्विंटल बासमती धान पैदा करने वाले किसानों को जिले में नहीं मिल रहा बाजार...12

## SIR फार्म में महिला किसका लिखेंगी नाम? पति या फिर पिता, जानें क्या है चुनाव आयोग का निर्देश

**● चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण (SIR) में शादीशुदा महिलाओं को गणना प्रपत्र भरते समय पिता या पति का नाम लिखने को लेकर दुविधा है. महिलाओं में इस बात को लेकर कन्फ्यूजन है कि अभिभावक के कॉलम में पति या फिर पिता का नाम लिखें. आइए जानें चुनाव आयोग की गाइडलाइन क्या है?**

देश के नौ राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के तहत मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम चल रहा है. हर प्रदेश में बीएलओ मतदाताओं के घर जा रहे हैं और उसने गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं, हालांकि, फॉर्म भरने को लेकर लोगों में काफी कन्फ्यूजन है. सबसे आम सवाल जो शक पैदा करता है, वह है कि शादीशुदा महिलाएं अभिभावक के नाम के सेक्शन में किसका नाम लिखेंगी पति या फिर पिता का. आइए जानें कि इस बारे में चुनाव आयोग के क्या निर्देश हैं-

चुनाव आयोग की ओर से गणना प्रपत्र जारी किया गया है. गणना प्रपत्र के पहले पाराग्राफ में चुनाव आयोग की ओर से प्रिटेंड डिटेल्स हैं. इनमें सबसे ऊपर में बीएलओ का नाम और उनका मोबाइल नंबर लिखा हुआ है. इस मोबाइल नंबर की मदद से आप कभी भी अपने बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं।

उसके बाद तीन कॉलम बने हुए हैं. पहले कॉलम में मतदाता का नाम, उसका एपिक नंबर और एड्रेस है. उसके बाद के कॉलम में वोटर का सीरियल नंबर, पार्ट नंबर और जिस मतदान केंद्र में मतदाता वोट देता है, उस मतदान केंद्र का नाम और पता लिखा हुआ है. तीसरे कॉलम में क्यूआर कोड के साथ ही मतदाता की ब्लैक एंड ह्वाइट तस्वीर है. तस्वीर के पास में खाली स्थान है. उस खाली स्थान पर मतदाता को अपनी कलर फोटोग्राफ लगानी है।




### पिता या फिर पति का किसका नाम लिखें

उसके बाद अगले कॉलम में मतदाता को अपनी जन्म की तारीख लिखनी है और फिर उसके बाद के कॉलम में आधार नंबर लिखना और फिर उसके नीचे के कॉलम में मोबाइल नंबर लिखना है. अगला कॉलम अभिभावक या पिता के नाम का है. चुनाव आयोग की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि महिलाएं इस कॉलम में अपने पिता का नाम लिखें. उसके नीचे के कॉलम में पिता का एपिक कार्ड का नंबर और फिर उसके बाद मां का नाम और उनका एपिक नंबर लिखे।

**ये भी पढ़ें- BLO आया लेकिन घर पर लगा है ताला तो क्या कट जाएगा नाम? जान लें SIR से जुड़ी सभी जरूरी बात**

गणना प्रपत्र में एक अलग कॉलम पति का भी है. ऐसे में शादीशुदा महिलाएं इस कॉलम में अपने पति का नाम लिखें और उसके नीचे के कॉलम में अपने पति के वोटर कार्ड का एपिक नंबर लिखें।

चुनाव आयोग की ओर से साफ कहा गया है कि महिला की शादी हो गई है तो उसे अपने माता-पिता डिटेल देना होगा. परिवार का कोई सदस्य यदि घर से बाहर रहता है और यहां मतदाता हैं. वर्तमान समय में वो मौजूद नहीं है तो उसका प्रपत्र अभिभावक भर कर जमा दे सकते, हालांकि उसमें उसका जिक्र करना होगा।

### पिछले एसआईआर की डिटेल्स भरें

उसके बाद गणना प्रपत्र दो कॉलम में बंटा हुआ है. यदि मतदाता का नाम 2002-2003 के एसआईआर के वोटर लिस्ट में है, तो मतदाता अपना नाम, एपिक नंबर, संबंध, जिला, राज्य का नाम, विधानसभा केंद्र, सीरियल नंबर और पार्ट नंबर का विवरण भरे।

यदि मतदाता का नाम 2002-2003 के एसआईआर में नहीं है तो मतदाता एसआईआर की मतदाता सूची में अपने माता-पिता, दादा-दादी या नाना-नानी का विवरण लिखे. इसमें विधानसभा केंद्र संख्या, सीरियर नंबर और पार्ट नंबर लिखना जरूरी है और इसके साथ ही जिसका भी विवरण लिखा जा रहा है, उसकी प्रति फॉर्म के साथ अटैच करे. उसके बाद नीचे अपना हस्ताक्षर कर फॉर्म को बीएलओ को वापस कर दें।

### पिछले SIR में नहीं है नाम, फिर भी भरें फॉर्म

बता दें कि बीएलओ की ओर गणना प्रपत्र को दो फॉर्म दिए जा रहे हैं. जब आप फॉर्म जमा देंगे तो एक फॉर्म बीएलओ जमा ले लेगा और दूसरा फॉर्म पावती के रूप में हस्ताक्षर कर आपको वापस कर देगा. लेकिन किसी मतदाता का नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं है, लेकिन वर्तमान सूची में उस मतदाता का नाम है तो वह भी गणना प्रपत्र भरकर हस्ताक्षर करके बीएलओ को जमा दे दें।

2003 की SIR की लिस्ट में माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी यदि मतदाता रहे होंगे तो उनके नाम से मैपिंग होगी. इसके बाद ही ऐसे मतदाता को नौ दिसंबर को वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट प्रकाशित होने के बाद पहचान पत्र (आइडी) देने की नोटिस दी जाएगी, जिनकी मैपिंग अब तक नहीं हुई है. नोटिस मिलने के बाद मतदाता चुनाव आयोग की ओर से बताये गये 11 आइडी के साथ पेश होना होगा और उसका सत्यापन किया जाएगा।

## चुनाव आयोग ने BLO से ऐप में 'एडिट ऑप्शन' लिया वापस, EC के एक्शन से बंगाल में घमासान

**● चुनाव आयोग ने माना है कि EDIT/ अनमैप विकल्प से भ्रम की स्थिति पैदा हो रही थी, BLO और राजनीतिक दल इसका विरोध कर रहे थे, इसलिए विकल्प वापस ले लिया गया है**




पश्चिम बंगाल में मतदाता सत्यापन में अहम भूमिका निभाने वाले बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) की सुविधा के लिए ऐप में एडिट का विकल्प दिया गया था. ताकि कोई गलती होने पर वो बाद में ऐप में उसे सुधार सकें, लेकिन उस विकल्प को फिर से वापस ले लिया गया है.

राज्य के कई हिस्सों से शिकायतें आ रही थीं कि सत्तारूढ़ दल के BLA के दबाव में बीएलओ

को गलत जानकारी देने के लिए मजबूर किया जा रहा है. बीएलओ ने CEO से शिकायत की थी. कई मामलों में दबाव में गलत जानकारी अपलोड की जा रही है, जिसे आयोग के संज्ञान में भी लाया गया था. तब बीएलओ ने मांग की कि आयोग उनकी बातों को सुनने के बाद ही एडिट का विकल्प दे. ऐसे में बीएलओ जानकारी को सही कर सकेंगे.

### बीएलओ ऐप में एडिट का विकल्प

वोटर यूनिटी फ़ोरम के स्वपन मंडल ने कहा 'कुछ मामलों में, डेटा दर्ज करते समय भी अनजाने में ग़लतियां हो जाती हैं. हर कोई ऑनलाइन जानकार नहीं होता. आज मैंने देखा कि बीएलओ ऐप में एडिट का विकल्प दिया गया है'.

### BLO का आरोप

BLO) का काम आसान बनाने के लिए बनाया गया नया चुनाव आयोग गणना ऐप उनके लिए निराशा का सबब बन गया है. कई BLO इसमें खराबी, असहनीय दबाव और यहां तक कि दुखद परिणामों का आरोप लगा रहे हैं. BLO का कहना है कि ऐप बार-बार क्रैश हो जाता है, दस्तावेज़ों को स्कैन नहीं कर पाता, और समय सीमा के भीतर सैकड़ों फ़ॉर्म अपलोड करना लगभग असंभव बना देता है. एक बीएलओ ने बताया 'हमने लाइव डेमो में दिखाया था. ऐप ठीक से काम नहीं कर रहा है. चुनाव आयोग का दबाव असहनीय है. तीन बीएलओ आत्महत्याएं कर चुके हैं. हमें तत्काल मदद की ज़रूरत है'.

### चुनाव आयोग ने वापस लिया विकल्प

ऐप पर शुरू में उपलब्ध कराए गए अनमैप विकल्प ने भी भ्रम और विवाद पैदा किया था, जिसे चुनाव आयोग ने वापस ले लिया . चुनाव आयोग ने माना कि EDIT/ अनमैप विकल्प से भ्रम की स्थिति पैदा हो रही थी, बीएलओ और राजनीतिक दल इसका विरोध कर रहे थे, इसलिए विकल्प वापस ले लिया गया है.

### नेताओं ने कही ये बात

इधर बीजेपी नेता राहुल सिन्हा का कहना है कि 'ऐप में यह समस्या नहीं होनी चाहिए. BLO को संपादन की सुविधा की आवश्यकता नहीं है. अवैध मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल होने से रोकने का एकमात्र तरीका SIR प्रक्रिया है'. वहीं इस मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस के नेता और राज्य वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य का कहना है कि 'अगर BLO ऐप का सही इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे, तो गणना कैसे संभव होगी? यह SIR प्रक्रिया चुपचाप व्यवस्थित गहन धांधली जैसी लगती है. चुनाव आयोग कथित तौर पर उसके दबाव में हुई मौतों को नज़रअंदाज़ नहीं कर सकता'.

### 'समय सीमा बढ़ाना संभव नहीं'

इस बीच, शुक्रवार को फिर से जिलाधिकारियों के साथ बैठक में सीईसी ज्ञानेश भारती ने साफ कर दिया कि फॉर्म डिजिटलीकरण की समय सीमा किसी भी तरह से बढ़ाना संभव नहीं है. आयोग ने समय सीमा 4 दिसंबर नहीं, बल्कि 25 नवंबर तय की है.

बीएलओ ने समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया है. बीएलओ का एक वर्ग यह भी साफ तौर पर कह रहा था कि काम का बोझ इतना ज्यादा है कि इसे 2 हफ्ते में पूरा नहीं किया जा सकता. जिलाधिकारियों ने सीईसी के समक्ष यह मुद्दा उठाया. लेकिन सीईसी ने साफ कह दिया है कि भले ही बीएलओ पर अतिरिक्त दबाव है, लेकिन अगर पहले काम पूरा नहीं हुआ तो डिजिटलीकरण के बाद अन्य काम पूरे करने में दिक्कतें आएंगी

जैसे-जैसे SIR तकनीकी गड़बड़ियों और बढ़ते कार्यभार के बीच जूझ रहे हैं, ऐप और SIR प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज़ होता जा रहा है. फ़िलहाल, चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों, दोनों पर यह सुनिश्चित करने का दबाव है कि तकनीक लोकतंत्र को बाधित करने के बजाय उसे मज़बूत बनाए

## संक्षिप्त ख़बरें

### भाई पर जान से मारने की नीयत से फायर करने का लगाया आरोप

**हमीरपुर-** जनपद के बिवांर थाना क्षेत्र के बांधुर खुर्द निवासी रामआसरे ने अपने भाई भगवानदास पर जान लेने की मंशा से फायर करने का आरोप लगाया है।बताया कि वह शनिवार रात लगभग एक बजे जब मटर की फसल की रखवाली कर रहा था उसी दैरान उसका आरोपी भाई अपने एक अज्ञात साथी के साथ आया और अवैध असलहा से उसे जान से मारने की नीयत से फायर झोंक दिया ,जिसमें वह बालबाल बच गया।बताया कि उसके पिता ने मां की मौत के बाद दूसरी शादी की थी जिसके तीन पुत्र हैं ,आरोपी भगवानदास उन्ही में से एक है।बताया कि दूसरी मां के पुत्रों से उसका रास्ता सम्बन्धी विवाद न्यायालय में लंबित है ,जिसकी वजह से वे रंजिश मानते हैं।वहीं थाना प्रभारी नन्दराम ने फायरिंग की बात नकारते हुए कहा कि आपसी गालीगलौज और झगड़े का मामला है।

### संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम के सत्यापन कार्य में शिथिलता व लापरवाही बरतने पर वीडीओ नीतू शुक्ला सस्पेंड

**डीईओ ने समीक्षा बैठक कर डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम का सत्यापन कराए जाने का दिया निर्देश**

**भदोही** राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के अनुपालन में जनपद भदोही में पंचायत मतदाता सूची में संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम का सत्यापन कराए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी समीक्षा जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। मुख्य विकास अधिकारी /उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय बाल गोविंद शुक्ल ने बताया कि संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन कार्य में शिथिलता व लापरवाही बरतने पर नीतू शुक्ला ग्राम पंचायत अधिकारी अभोली को सस्पेंड कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने सख्त निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्य में लगाए गए सभी अधिकारी व कर्मचारी पूर्ण मनोयोग व तत्परता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निर्वाचन कार्य में निर्धारित समय सीमा में अपेक्षित प्रगति न कर पाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## दिल्ली में 15 वर्षीय लड़के की चाकू घोंपकर हत्या, दो संदिग्धों में एक नाबालिग शामिल

**पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कर्दमपुरी के रहने वाले 15 वर्षीय लड़के का दो व्यक्तियों से झगड़ा हुआ था जिसमें एक नाबालिग भी शामिल था।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तर-पूर्व दिल्ली के ज्योति नगर में शनिवार तड़के कहासुनी होने के बाद एक नाबालिग सहित दो व्यक्तियों ने 15 वर्षीय एक लड़के की कथित रूप से चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कर्दमपुरी इलाके में हुई इस घटना की सूचना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात मिली। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उसे पता चला कि स्थानीय लोग घायल किशोर को जीटीबी (गुरु तेग बहादुर) अस्पताल ले गए थे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि




कर्दमपुरी के रहने वाले 15 वर्षीय लड़के का दो व्यक्तियों से झगड़ा हुआ था जिसमें एक नाबालिग भी शामिल था। उन्होंने बताया कि झगड़े के बाद उनमें से एक ने उसे कथित तौर पर चाकू मार दिया। पुलिस ने दावा किया है कि उन्हें अपराध में दोनों संदिग्धों की संलिप्तता दर्शाने वाले महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। अधिकारी ने कहा कि एक फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने इकट्ठा किए हैं और हमले की वजह बनने वाली घटनाओं के क्रम का पता लगाने के लिए मामले में जांच जारी है।

## दलदल युक्त रास्ता स्वक्षता मिशन कि खोल रहा पोल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** सरीला तहसील के जलालपुर थाना क्षेत्र के कदौरा गांव मै प्राथमिक विद्यालय के सामने रास्ते मै लबालब भरे कीचड़ विद्यार्थी और ग्रामीणो के लिए बना मुसीबत। गांव निवासी गजेंद्र यादव ने बताया कि कई बार शिकायत कि लेकिन किसी ने कोई सुध नहीं ली। बच्चे और ग्रामीण इसी दलदल से निकलने को मजबूर हे। उपरांत इसके समस्या का कोई हल नहीं निकला।

केंद्र व प्रदेश सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों व नगरों की साफ सफाई पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं। सरकार की ओर से स्वच्छ भारत मिशन की सफलता के दावे भी किए जा रहे हैं किंतु जमीनी हकीकत कुछ और ही बंया कर रही हैं। आज भी दर्जनों गांव स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहें हैं। तमाम गांव कागज पर ओडीएफ घोषित हो चुके हैं किंतु धरातल पर सचाई कुछ और है। बताते चलें कि तहसील



सरीला के कदौरा, न्यूली बांसा, लोधीपुरा बरहरा, बसरिया, चंदौत डांडा, भेड़ी, जलालपुर, मसीदन, कुपरा बंगरा सहित दर्जनों गांव फाइलों में तो स्वच्छ भारत मिशन की सफलता के झंडे गाड़ दिये हैं किंतु वास्तविक स्थिति ठीक इसके उल्टा है। दर्जनों गांवों में अभी भी गंदगी का अंबार हैं। नालियां खुलेआम आने जाने वाले मार्गों पर बह रहीं हैं, वही आज भी कई गांवों में महिलाएं खुले में शौच करने को विवश हैं। हालात यह है कि क्षेत्र के कई गांवों में अभी भी गरीबों को शौचालय नहीं मिला हैं, जिसके चलते लोग खुले में शौच करने को मजबूर हैं। अधिकांश गांवों में साफ सफाई नहीं हो रही हैं, कई गांवों में तो सफाई कर्मचारी भी नहीं आते। इससे ग्रामीणों में घोर आक्रोश है। कदौरा गांव निवासी गजेंद्र यादव ने बताया कि सरकार की सभी योजनाएं सिर्फ नेताओं के भाषणों और उनकी जेब भरने तक सीमित हैं जबकि जमीनी हकीकत यह हैं कि योजनाओं के असली हकदार जो गरीब हैं उन्हें आज भी इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। इसके चलते पैसा खर्च करने के बाद भी सरकार की आम जनता में किरकिरी हो रही है।

## एसयूवी की ट्रक से टक्कर होने के कारण दो लोगों की मौत, पांच घायल

**महाराष्ट्र** के रायगढ़ जिले में जेएनपीए-पनवेल मार्ग पर शनिवार को एक एसयूवी वाहन और एक कंटेनर ट्रक की टक्कर होने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तथा पांच अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब एक व्यस्त सड़क पर कथित रूप से तेज रफ्तार से आ रही एक एसयूवी ने एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी जिससे हितेंद्र संजय पाटिल (22) और श्रीनाथ चंद्रलेखर (22) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वे दोनों नवी मुंबई के रहने वाले थे। अधिकारी ने बताया कि घायल व्यक्तियों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इन धाराओं के साथ मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों को भी जोड़ा गया है। पनवेल पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''शुरुआती जांच में पता चला है कि एसयूवी तेजी से और लापरवाही से चलाई जा रही थी। मामले में जांच जारी है।

## UP:शहरों में चार मीटर से कम चौड़ी सड़क पर भी मिलेगी भवन बनाने की अनुमति

**● संशोधित की गई भवन निर्माण उपविधि, जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 पर दिया गया स्पष्टीकरण**

**साढ़े चार माह पहले लागू की गई थी नई भवन उपविधि व आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स**

**नई उपविधि से ज्यादा निर्माण व आवासीय पर दुकानें बनाने की दी गई है सशर्त छूट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ :** राज्य सरकार ने लगभग साढ़े चार माह पहले लागू की गई उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियों में कुछ संशोधन किए हैं। संशोधन के तहत अब निर्मित क्षेत्र में चार मीटर से भी कम चौड़ी सड़क होने पर यदि भूखंड के आगे सड़क के मध्य से दो मीटर की दूरी है तो भवन निर्माण की अनुमति दी जा सकेगी। संशोधित उपविधि में व्यावसायिक भवनों के मामले में सेटबैक, पोर्च के मानकों में भी बदलाव किया गया है। अब केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार ही पेट्रोल पंप के लिए मानक होंगे।

उपविधि में संशोधन के साथ ही आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 के प्राविधान के संबंध में स्पष्टीकरण भी जारी किया गया है। आवास एवं शहरी नियोजन के प्रमुख सचिव पी गुरूप्रसाद ने चार जुलाई 2025 से लागू उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियों-2025 और जोनिंग रेगुलेशन्स को लेकर हो रही दिक्कतों के संबंध में कठिनाई निवारण समिति के सुझाव पर उपविधि को जहां संशोधित करते हुए शुक्रवार को आदेश जारी किया वहीं रेगुलेशन्स के संबंध में स्पष्टीकरण भी दिया गया है। आवास एवं विकास परिषद के आवास आयुक्त और सभी विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्षों को भेजे गए आदेश में स्पष्ट किया गया है कि नौ मीटर न्यूनतम चौड़ाई वाली सड़कों पर उपविभाजन की



अनुमति होगी।

आवासीय के साथ ही गैर आवासीय मामले में भी उपविभाजन की अनुमति मिलेगी। स्टिल्ट को पार्किंग के रूप में इस्तेमाल करने पर उसको एक तल के रूप में नहीं माना जाएगा। स्पष्ट किया गया है कि 15 मीटर से अधिक ऊंचे भवनों में बेसमेंट शामनीय नहीं होगा। इसी तरह भवन निर्माण के मानकों के संबंध में और भी स्पष्टीकरण और संशोधन किए गए हैं।

उल्लेखनीय है 17 वर्ष पुरानी भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008, शमन उपविधि-2009 और उससे संबंधी 20 शासनादेश को समाप्त कर सरकार ने जुलाई में नए सिरे से बनाई गई उपविधि व जोनिंग रेगुलेशन्स लागू किए थे। इसके तहत भवन बनाने वालों को पहले से कहीं ज्यादा निर्माण और चौड़ी सड़क किनारे स्थित आवासीय भवनों के मिश्रित उपयोग की अनुमति सहित तमाम सहूलियतें दी गई हैं। नई उपविधि के माध्यम से पहली बार वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुसार 10 लाख तक आबादी वाले नगरों में 18 मीटर व उससे ज्यादा जनसंख्या वाले शहरों में 24 मीटर रोड किनारे स्थित भवनों के मिश्रित उपयोग(मिक्स्ड यूज) की छूट दी गई है। इससे आवासीय भवन में दुकान या कार्यालय आदि भी अब खोले जा सकते हैं।

## मुंबई में हार्बर लाइन की रेल पटरी के पास झुग्गियों में भीषण आग, बांद्रा-माहिम सेवा स्थगित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मुंबई के धारावी इलाके में हार्बर लाइन लोकल ट्रेन की पटरियों के पास स्थित झुग्गियों में शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई जिसके कारण प्रभावित हिस्से पर ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग 60 फुट चौड़े मार्ग पर स्थित नवरंग परिसर के अंदर स्थित झुग्गियों में दोपहर 12.30 बजे लगी। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि कम से कम चार दमकल गाड़ियां और अन्य अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचे तथा आग बुझाने का अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा, ''किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।''

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आग रेलवे पटरियों के बहुत करीब होने के कारण हार्बर लाइन पर बांद्रा और माहिम के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि आग लगने का कारण और इससे हुए नुकसान का अभी



पता नहीं चल पाया है।

पश्चिम रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा, ''माहिम और बांद्रा के बीच पूर्वी दिशा में अप हार्बर लाइन से सटी झुग्गियों में दोपहर करीब 12:15 बजे आग लगने की घटना के कारण सुरक्षा उपाय के तौर पर ओवरहेड उपकरणों के लिए बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है।'' स्थिति नियंत्रण में आने तक हार्बर लाइन पर ट्रेन सेवाओं को व्यवस्थित किया गया है। प्रवक्ता ने कहा, ''किसी भी यात्री या ट्रेन को कोई खतरा नहीं है क्योंकि उन्हें व्यवस्थित कर दिया गया है और वे घटनास्थल से दूर हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बस्ती में विश्व बाल दिवस के अवसर पर मनोरंजन के साथ सीख परक पपेट शो: उजाले की ओर के मंचन के साथ संपन्न हुआ



**बस्ती।** बस्ती जिले में10 नवंबर से 20 नवंबर 2025 तक तक चलने वाले विशेष बाल दिवस कार्यक्रम 'तरंग 'का राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) बस्ती में विश्व बाल दिवस के अवसर पर मनोरंजन के साथ सीख परक पपेट शो: उजाले की ओर के मंचन के साथ संपन्न हुआ। दस दिवसों में आयोजित आठ प्रतियोगिताओं में चित्रकला, समूह गान, पुस्तकालय व्यवस्था, कविता पाठ आदि के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 निरूद्ध किशोरों को प्रशस्ति पत्र व पदक देकर जनपद न्यायधीश ने उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश शमसुल हक, अपर जिला जज अनिल कुमार XIV व न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष राय ने किशारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चे सम्प्रेक्षण गृह से निकलकर जिम्मेदार व आदर्श नागरिक बनें। इस अवसर पर एसडीएम बस्ती सदर शत्रुघ्न पाठक की भी उपस्थित रहे। पपेट शो के उत्कृष्ट प्रस्तुतीकरण के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों आलोक शुक्ल, शीला मौर्या, संध्या त्रिपाठी, राम लखन मौर्य व माधुरी त्रिपाठी को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### ग्राम रोजगार सेवकों ने जिला प्रशासन को सौंपा गया ज्ञापन, कार्यवाही की मांग

**बस्ती।** बस्ती जिले के डारीडीहा ग्राम पंचायत में क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर शत्रुघ्न पाठक द्वारा ग्राम रोजगार सेवक एवं बीएलओ उत्तम गिरि को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल है, जिसके बाद जिलेभर के रोजगार सेवकों व ग्राम विकास विभाग के कर्मियों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष श्याम करन यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि एसडीएम ने अभद्र भाषा का प्रयोग कर सरकारी कर्मचारियों को धमकी दी। संघ ने कहा कि रोजगार सेवक वर्षों से कम मानदेय में मनरेगा, फार्मर रजिस्ट्री व बीएलओ जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य पूरी निष्ठा से कर रहे हैं। फिर भी इस तरह से अधिकारियों का उपयोग हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे अगर कार्रवाई नहीं हुई तो हम लोग आंदोलन करेंगे संगठन ने एक सप्ताह के भीतर उपजिलाधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। चेतावनी दी कि कार्रवाई न होने पर प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन के दौरान विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे।

### पड़ोसी की दबंगई से परेशान महिला ने डीआईजी से मांगी मदद



**बस्ती।** बस्ती जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के मूडघाट निवासिनी विद्यावती पत्नी जकसेन कुमार भार्गव ने पुलिस अधीक्षक और डीआईजी को पत्र देकर पडोसी द्वारा मारपीट करने, पालतू कुत्ते को घायल कर देने के मामले में दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने और परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है। पुलिस उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में विद्यावती ने कहा है कि वह अनुसूचित जाति की दलित महिला है। उसके घर के बगल में सुशीला पत्नी रामललित, गरिमा, आकाश, विकास पुत्र, पुत्रीगण रामललित निषाद ने रास्ते के विवाद को लेकर गत 30 अक्टूबर को छत पर से ईट फेंककर मारा और जाति सूचक गालियां दी। इस दौरान वह और उनका पालतू कुत्ता घायल हो गया। घटना की सूचना 112 नम्बर पर पुलिस को दिया गया। घटना सी.सी.टी.वी. कैमरे में रेकार्ड है। पुलिस ने अभी तक इस मामले में न तो मुकदमा दर्ज किया और न ही विद्यावती के चोटों का मुआयना ही कराया। इससे विपक्षियों का मनोबल बढ गया है। विद्यावती ने मांग किया है कि दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर उनके परिवार के जान माल की सुरक्षा करायी जाय।

# बहादुरपुर विकासखंड के बेनीपुर महिला ग्राम प्रधान ने फर्जी भुगतान कराया

**●महिला मेट द्वारा पुरानी फोटो के सहारे ऑनलाइन जारी फर्जी मस्टर रोल को किया पूर्ण**

**खंड विकास अधिकारी के लिए चुनौती बना बेनीपुर में फीड फर्जी मस्टर रोल के भुगतान को रोकना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के बहादुर विकासखंड केग्राम पंचायत बेनीपुर की महिला ग्राम प्रधान कमलावती देवी ने फर्जी भुगतान करने में बाजी मार रही हैं और जिम्मेदार अधिकारी अपना मन चाहा कमीशन लेकर आंखों में पट्टी बांधे हुए है एवं कान में तेल डाले हुए कुंभकर्णी नींद में मस्त




हैं । जानकारी के अनुसार विकासखंड बहादुरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेनीपुर में मनरेगा कार्य के नाम पर दो ऑनलाइन मस्टर रोल ग्राम प्रधान कमलावती देवी ने जारी कराया था लेकिन मनरेगा कर धरातल पर ना कराकर कागज में पूर्ण कराया है जिसमें महिला मेट मीना चौधरी ने अहम भूमिका निभाई है । महिला मेट मीना चौधरी ने ब्लॉक बहादुरपुर से लेकर जिले के उच्च अधिकारियों के आंख में धूल झोंक पुराने फर्जी फोटो से ऑनलाइन जारी मस्टर रोल को मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर पूर्ण की थी । महिला मेट मीना चौधरी का अजब गजब कारनामा फर्जी फोटो लगाकर हाजिरी लगाने का जिसमें खंड विकास अधिकारी ने जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था लेकिन जांच के नाम पर लीपापोती हुई थी और सचिव व तकनीकी सहायक जे ई ने ग्राम प्रधान कमलावती से मनचाहा कमीशन लेकर फर्जी ऑनलाइन पूर्ण मस्टर रोल को भुगतान प्रमाणित करके फीड करा दिया है । जब ऐसे ही भ्रष्टाचारी प्रधान पर कार्रवाई करने के बजाए जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा संरक्षण दिया जाएगा तो भ्रष्टाचारी प्रधान का मनोबल बढ़ेगा एवं ग्राम पंचायतों में विकास के बजाए विनाश होगा । ग्राम पंचायत बेनीपुर में फर्जी भुगतान हेतु फीड ऑनलाइन मस्टर रोल को लेकर जिले में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं । खंड विकास अधिकारी घीषम प्रसाद के लिए बेनीपुर के फर्जी फीड मस्टर रोल के भुगतान को रोकना चुनौती बना हुआ है अब देखना यह है कि ग्राम प्रधान कमलावती देवी के द्वारा फीड कराये गये फर्जी मस्टर रोल का भुगतान रुक पाता है या नहीं जिसको लेकर चर्चा का बाजार गर्म है ।

### पुरानी रंजिश में हुई मारपीट का केस दर्ज



**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे शिवावैश्य गांव निवासी नितेश यादव पुत्र जगदीश ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 19 नवंबर की शाम करीब 7.30 बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के मोहित सिंह पुत्र रणजीत सिंह, बजरंगी सिंह, रणजीत सिंह उसके दरवाजे पर आ धमके। आरोप है कि गालीगलौज करते हुए आरोपियों ने मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## गैसड़ी में एक करोड़ से बनेगी पांच सड़कें, तुलसीपुर को भी मिली दो सड़कों की सौगात

**●आवागमन होगा आसान, ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ेगी रफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** नगर पंचायत गैसड़ी और आसपास के ग्रामीण इलाकों के लिए राहत की खबर है। शासन ने क्षेत्र में सड़क निर्माण और मरम्मत के लिए एक करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इससे गांवों को जोड़ने वाले कई महत्वपूर्ण मार्गों की समस्या दूर होगी। गैसड़ी-नवाबगंज मार्ग की मरम्मत के लिए 21.21 लाख रुपये, गैसड़ी-रामनगर मार्ग हेतु 20.48 लाख रुपये, जबकि गैसड़ी-टकटूकपुर मार्ग के लिए 18.28 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा अन्य संपर्क मार्गों के लिए भी लगभग 19 लाख रुपये का बजट जारी हुआ है।

**तुलसीपुर में दो नई सड़कें मंजूर**

तुलसीपुर क्षेत्र में भी सड़क निर्माण को गति मिलने वाली है। तुलसीपुर-हर्रैया मार्ग के निर्माण के लिए 16.50 लाख रुपये तथा तुलसीपुर-शंकरपुर मार्ग के लिए 36 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। दोनों सड़कें लगभग 50 हजार से अधिक लोगों की बड़ी जरूरत थीं।

**ग्रामीणों को मिलेगा बड़ा लाभ**

नई सड़कों के बन जाने से गांव से कस्बा और बाजार तक पहुंचना आसान होगा। छात्रों, किसानों, मरीजों और व्यापारियों को सबसे ज्यादा सुविधा मिलेगी। बारिश में कीचड़ और खराब रास्तों से मिल रही दिक्कतें दूर होंगी। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि परियोजनाओं के पूरा होने के बाद क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और लोगों को लंबे समय से हो रही परेशानी से राहत मिलेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा।

## जमीनी विवाद में षड़यंत्र कर फायरिंग का मुकदमा लिखाने वाले वादी व घटना कारित करने वाले मुख्य आरोपी को अवैध असलहे के साथ किया गया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले केथाना हरैया पुलिस, एसओजी टीम व सर्विलांस टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में जमीनी विवाद में षड़यंत्र कर फायरिंग का मुकदमा लिखाने वाले वादी व घटना कारित करने वाले मुख्य आरोपी 1. विशाल चौहान पुत्र विश्वनाथ चौहान व सहयोगी 2. हरिओम मिश्र पुत्र अनुज कुमार मिश्र को मुखबिरी सूचना पर दिनांक 22.11.2025 को समय 03.25 बजे, बेलाड़े शुक्ल मोड़ से फायरिंग में प्रयुक्त अवैध शस्त्र देशी रिवाल्वर 32 बोर व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही किया जा रहा है। उक्त के सम्बन्ध थाना स्थानीय पर अभियुक्त/वादी द्वारा दिये गये प्रा0 पत्र के आधार पर मु0अ0सं0 311/25 धारा 115(2)/ 352/ 351(3)/ 131 BNS पंजीकृत कराया गया था। घटना में शामिल प्रदुम्मन चौहान व एक अन्य अभियुक्त की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है ।



**गिरफ्तार अभियुक्तगण**

1. विशाल चौहान पुत्र विश्वनाथ चौहान निवासी ग्राम गौहनिया थाना हरैया जनपद बस्ती
2. हरिओम मिश्र पुत्र अनुज कुमार मिश्र ग्राम डुहवा मिश्र थाना हरैया जनपद बस्ती

बेलाड़े शुक्ल मोड़ सेबरामदगी का विवरण- 1. एक अदद अवैध देशी रिवाल्वर 32 बोर व एक जिन्दा कारतूस 32 बोर उल्लेखनीय है कि दिनांक 15.11.2025 को आरोपी विशाल चौहान उपरोक्त द्वारा थाना हरैया पर सूचना दी कि उनके प्रतिपक्षी 1. राहुल चौहान 2. रोहित चौहान पुत्रगण रामचेत चौहान 3. डब्लू उर्फ शिवालिक चौहान पुत्र हरिशंकर निवासीगण ग्राम गौहनिया थाना हरैया जनपद बस्ती द्वारा उनके ऊपर मोटरसाइकिल से आकर फायरिंग की गयी । सूचना मिलते ही तहसीलदार सिंह प्रभारी निरीक्षक हरैया व पुलिस बल द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना की जांच व आरोपियों से पूछताछ की गयी तो विवेचनात्मक कार्यवाही साक्ष्य संकलन, स्थलीय निरीक्षण एवं गवाहों के बयान से यह तथ्य प्रकाश में आया कि सूचना देने वाला विशाल चौहान पुत्र विश्वनाथ चौहान ग्राम गौहनिया थाना हरैया जनपद बस्ती द्वारा जमीनी विवाद में अपने विपक्षियों को फांसाने की नियत से वास्तविक अभियुक्त 1. हरिओम मिश्रा पुत्र अनुज कुमार मिश्र ग्राम डुहवा मिश्र थाना हरैया जनपद बस्ती 2. प्रदुम्मन चौहान निवासी ढोलवापुर व एक अन्य साथी के साथ मिलकर सोची समझी नियत से अपने ऊपर फायरिंग करायी गयी थी। जिससे महूघाट चौराहे पर लोगों में दहशत का मौहाल पैदा हो गया था।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-1 प्रभारी उ0नि0 रुदल बहादुर सिंह थाना हरैया, जनपद बस्ती।

## थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा की अध्यक्षता में थाना दिवस हुआ संपन्न

**● थाना दिवस पर कुल 09 शिकायतें आई जिनमें पुलिस से संबंधित 01 शिकायत का मौके पर गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से किया गया निस्तारण**

**शेष शिकायतों के ससमय गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की टीम गठित कर मौके पर भेजी गई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार अमेठी।** जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु शुक्ल बाजार थाना प्रांगण में थाना दिवस, समाधान दिवस



का आयोजन थाना अध्यक्ष बाजार शुक्ल विवेक वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । थाना दिवस समाधान दिवस पर फरियादियों द्वारा दी गई समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया गया, थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि समाधान दिवस पर कुल 09 शिकायतें आई जिनमें 08 शिकायत राजस्व से संबंधित थी एक शिकायत पुलिस से संबंधित थी पुलिस से संबंधित शिकायत का मौके पर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाई गई है मौके पर जाकर सभी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जाएगा । थाना दिवस समाधान दिवस पर फरियादियों के उठने बैठने एवं जलपान की उत्तम व्यवस्था कराई गई थी। वहीं समाधान दिवस थाना दिवस पर आए हुए फरियादियों ने बताया कि सरकार द्वारा थाना स्तर पर समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है, जिसमें सक्षम अधिकारियों द्वारा थाना स्तर पर ही शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जाता है जिससे तहसील और जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने से निजात मिलती है। जिससे जहां धन की बचत होती है वही समय की भी बचत होती है । बताते चले उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु थाना स्तर पर समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है जिसमें राजस्व एवं पुलिस प्रशासन के सक्षम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहते हैं, जो जनमानस की समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण करते हैं, जिससे आम आदमी को जिला मुख्यालय और तहसील मुख्यालय के चक्कर लगाने से निजात मिलती है।

# दुकानदार पिता-पुत्र ने युवक को पीटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** देवगढ़ रोड जुगपुरा निवासी जयपाल सिंह पुत्र ऊदल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 17 नवम्बर की शाम करीब 7.30 बजे उसका छोटा भाई मुकेश पुत्र ऊदल सिंह कुछ सामान लेने के लिए पास की किराने की दुकान पर गया था। तभी दुकान मालिक बिट्टू जैन पुत्र राकेश जैन व राकेश जैन पुत्र भैयालाल की किसी बात को लेकर उसके भाई से कहा सुनी हो गयी। जिससे दुकानदार का पुत्र व पिता ने उसके भाई को गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। लाठी-डण्डों से मुकेश की पिटाई करते हुये उक्त लोगों ने उसका मोबाइल फोन भी क्षतिग्रस्त कर दिया और धमकाते हुये चले गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### काम से घर लौट रहे युवक से मारपीट



**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम कुंआतला निवासी गोलू पुत्र चाली राजा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते गुरूवार की शाम करीब 6.30 बजे उसका भाई बृजेश काम पर से घर की ओर आ रहा था, तभी गांव के केशवदास, मुकेश पुत्र लालसिंह, राजपाल पुत्र केशवदास ने उसके भाई को चलती गाड़ी में बिना कारण गालियां दीं और मारपीट कर दी, जिससे उसका भाई चलती गाड़ी से गिर गया। इतना ही नहीं मारपीट करते हुये उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## डीएम ने की विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा, बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन ने शनिवार को तहसील बलरामपुर सदर के सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) अभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में एसडीएम/ईआरओ, सुपरवाइजर एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने कहा कि एसआईआर में लगे सभी कार्मिकों के कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है। सुपरवाइजर व बीएलओ अपनी जिम्मेदारी निष्ठा और लगन के साथ निभाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन बूथों पर मतदाताओं को गणना पपत्र अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं, उन्हें तत्काल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बीएलओ मतदाताओं को गणना पपत्र भरने में सहयोग करें तथा भरे हुए गणना पत्र जल्द से जल्द एकत्र कर बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटाइजेशन कार्य में गति लाएं। डीएम ने एसडीएम को निर्देशित किया कि डिजिटाइजेशन में कम



प्रगति वाले बीएलओ को चिह्नित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। अभियान में उल्लेखनीय कार्य करने पर डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बीएलओ कृष्ण कुमार मिश्रा और बीएलओ रामपाल वर्मा को बुके देकर सम्मानित किया गया। बीएलओ कृष्ण कुमार मिश्रा (भाग संख्या 289, प्राथमिक विद्यालय रतनपुर) द्वारा 60% गणना पपत्र का डिजिटाइजेशन तथा बीएलओ रामपाल वर्मा (भाग संख्या 185, प्राथमिक विद्यालय साद्दोपुर) द्वारा 55% गणना पत्रों का डिजिटाइजेशन कर बेहतर कार्य प्रस्तुत किया गया है। इस दौरान एसडीएम सदर हेमंत कुमार गुप्ता तथा खंड शिक्षा अधिकारी बलरामपुर भी उपस्थित रहे।

## पत्नी के प्रेम-प्रसंग ने पति की ली जान : परसरामपुर पुलिस ने दो घंटे में खोला हत्या का राज, आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के परशुरामपुर थाना क्षेत्र के बेदीपुर गांव में बृहस्पतिवार की देर शाम एक युवक को रास्ता पूछने के बहाने गौर थाना क्षेत्र का रहने वाला रिंकू नाम का व्यक्ति ने अनीश के माथे पर असलहे से गोली मारकर घायल कर दिया इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।स्थानीय लोगों का कहना की युवक को माथे पर गोली मारी गई है लोगों की मानें तो बेदीपुर गांव निवासी अनीश अहमद पुत्र शमसुद्दीन बाजार से गोदाम के रास्ते अपने घर जा रहा था।कुछ दूर चलने पर उसे बाइक सवार एक अज्ञात व्यक्ति ने रोककर रास्ता पूछने लगा।अनीश ने रास्ता बताया तो उसने कहा कि थोड़ा आगे



चलकर बता दो जैसे ही अनीश थोड़ा आगे बढ़ा उसके माथे पर सटाकर गोली मार दी गई।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को इलाज के लिए श्रीराम चिकित्सालय अयोध्या ले गई।जहां उसका इलाज़ चल रहा है। करीब एक हफ्ता पहले अनीश की शादी हुई थी।परशुरामपुर के थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह सूचना मिलते ही मौकाए वारदात पर पहुंच गए उन्होंने अपने उच्च अधिकारियों को सूचना दी सूचना पर जिले के उच्च अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों से पूछताछ किये। मृतक के पिता के द्वारा तहरीर लेकर मुकदमा पंजीकृत किया गया पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी दो घंटे में ही कर ली गई है।आगे की कार्यवाही प्रचलित है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतक की शादी चार दिन पहले हुई थी मृतक की पत्नी का संबंध गौर थाना क्षेत्र के रहने वाला रिंकू से था पत्नी अपने ननिहाल गई थी वहीं पर अनीश को जान से मार देने का प्लान बनाया गया और आज देर शाम को अनीश को गोली मार दी गई

# कोतवाली देहात पुलिस ने बेरोजगारों से फर्जी नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले वांछित आरोपी को दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में बेरोजगार युवाओं से पैसा लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र देने वाले मुख्य आरोपी अमित कुमार उर्फ बड़े बाबू को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली देहात में धोखाधड़ी, जालसाजी और धमकी समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। मामला 07 नवम्बर 2025 का है, जब वादी आकाश कुमार गुप्ता ने तहरीर देकर बताया था कि आरोपी अमित कुमार ने महिला कल्याण विभाग के चाइल्ड लाइन के तहत केस वर्कर पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 1 लाख रुपये लिए और फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर दो माह काम भी करवाया। वेतन मांगने पर आरोपी अमित व उसके साथी संतोष कुमार और राजू श्रीवास्तव ने धमकी देकर भुगतान से



इनकार कर दिया। इस पर थाना कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार के निर्देश पर वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम बनाई गई। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय, क्षेत्राधिकारी नगर ज्योतिश्री के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश तिवारी के नेतृत्व में शनिवार को उ0नि0 अमित चौहान व उ0नि0 अनूप कुमार सिंह ने मुखबिर की सूचना पर नीलकोठी के पास घेराबंदी कर आरोपी अमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अमित कुमार ने बताया कि वह विकास भवन में कनिष्ठ सहायक पद पर नियुक्त है और किशोर न्याय बोर्ड में संबद्ध है। वहीं उसकी मुलाकात राजीव श्रीवास्तव और संतोष कुमार से हुई। तीनों मिलकर बेरोजगार युवाओं को नौकरी का झांसा देकर फर्जी नियुक्ति पत्र बनाते थे और रकम आपस में बांट लेते थे। वादी आकाश गुप्ता से भी इसी गैंग ने 1 लाख रुपये लेकर जालसाजी की थी। उल्लेखनीय है कि इस मामले में सह-आरोपी संतोष कुमार को 08 नवम्बर को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में शामिल थे प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश तिवारी, उ0नि0 अमित चौहान, उ0नि0 अनूप कुमार सिंह, हे0कां0 नीरज गिरी और कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार। पुलिस ने बताया कि पूरे गैंग की भूमिका की जांच की जा रही है तथा शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# सरदार पटेल यदि होते पहले प्रधानमंत्री तो आतंकवाद, कश्मीर समस्या देश में ना होती- सतीश शर्मा

**● सरदार पटेल का एक भारत श्रेष्ठ भारत आत्मनिर्भर भारत का सपना मोदी कर रहे साकार - अपर्णा यादव**

**सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर अमेठी में जन एकता यात्रा एवं सभा का भव्य आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** अमेठी जनपद की विधानसभा अमेठी के अमेठी नगर में शनिवार को लौह पुरुष, राष्ट्रीय एकता के प्रतीक एवं आत्मनिर्भर भारत के प्रणेता सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर जन एकता यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री एवं अमेठी के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा एवं राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा बिष्ट यादव रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की।भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा काशी प्रसाद तिवारी,पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र मटियारी, जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, सहित अनेक प्रमुख वक्ताओं ने भी सभा को संबोधित किया।

अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि 'सरदार पटेल के साहस,



दूरदृष्टि और राष्ट्र निर्माण के लिए उनके अथक प्रयासों की प्रेरणा इस पूरे आयोजन में स्पष्ट दिखाई देती है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने सरदार पटेल जी के विषय में देश जाने इसके लिए 2014 में लव संग्रहण किया और पूरे देश के गांव से मिट्टी मंगवा कर के भाव स्टेचू बनाने का भी कार्य किया जिससे सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से भारत का नौजवान परिचित हो और उनसे प्रेरणा। यदि सरदार पटेल देश के पहले प्रधानमंत्री होते तो आतंकवाद कश्मीर समस्या ना होती और आज देश विकसित हो चुका होता। पूरे भारत में 565 रियासतों को मिलाकर एक भारत श्रेष्ठ भारत का विजन साकार किया था हैदराबाद के निजाम के अहंकार को भी चकनाचूर करने का कार्य सरदार पटेल जी ने किया था।एक भारत-श्रेष्ठ भारत के उनके संकल्प को आगे बढ़ाने की भावना के साथ यह एकता यात्रा अत्यंत सफल रही।' उन्होंने सरदार पटेल के जीवन एवं योगदान पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा बिष्ट यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल के विजन एक भारत श्रेष्ठ भारत विकसित भारत के सपनों को साकार करने के लिए मोदी जी ने अथक प्रयास किया है प्रधानमंत्री ने एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने देश के एक राष्ट्र श्रेष्ठ राष्ट्र विजन 2047 को साकार करने के लिए देश में बहुत कार्य किया इसी के साथ विस्तार पूर्वक सरदार पटेल जी के जीवन एवं उनके बारे में विस्तार पूर्वक बताया। अंतिम में उन्होंने यदा यदा ही धर्मस्य ग्लानिर्भवति श्लोक पढ़कर के समझने का प्रयास किया कि जब-जब देश को आवश्यकता पड़ी है तब तक प्रभुजन में लिए हैं और आज के भारत में मोदी योगी जन्म लिए हैं तो भारत एक भारत श्रेष्ठ भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओरअग्रसर है।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर अंबेडकर तिराहा होते हुए गांधी चौक से होते हुए स्टेशन तिराहा से पुनः रामलीला मैदान में समापन हुआ एवं वहीं पर भव्य सभा का भी आयोजन हुआ।

जहां हजारों की संख्या में जनसभा का आयोजन हुआ।इस अवसर रविंद्र सिंह , विषुव मिश्रा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा,राजेश शुक्ला मंडल अध्यक्ष संग्रामपुर अमरेंद्र सिंह पिंटू विजय विक्रम सिंह अजय तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप विश्वकर्मा मंडल अध्यक्ष भादर, श्रीमती निमिषा त्रिपाठी कमलेश तिवारी एडवोकेट मंडल अध्यक्ष भेंटुआ, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं एवं सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्रेन हैमरेज के चलते शिक्षामित्र की इलाज के दौरान मौत



**मलिहाबाद।** मलिहाबाद के सरॉंवा गाँव मे प्राथमिक विद्यालय सरॉंवा मे तैनात शिक्षामित्र विजय कुमार वर्मा (50) की शुक्रवार को एक निजी अस्पताल मे ईलाज के दौरान मौत हो गई। डाक्टरों ने ब्रेन हैमरेज के चलते मौत होने की पुष्टि की है। मृतक की पत्नी का आरोप है कि एसआईआर ड्यूटी के दौरान जिम्मेदारों के फोन व वर्कलोड से हुआ ब्रेन हैमरेज। मलिहाबाद के सरॉंवा गांव निवासी विजय कुमार वर्मा गाँव के ही प्राथमिक विद्यालय मे शिक्षामित्र थे। पत्नी संगीता रावत ने बताया कि विजय एसआईआर मे बीएलओ की ड्यूटी कर रहे थे। तहसील के जिम्मेदार लोगों द्वारा विजय को बार बार फोन किया जा रहा था। वह दिनरात बीएलओ का काम कर रहे। आरोप है कि काम का अत्यधिक दबाव और बार बार फोन आने से विजय काफी परेशान थे। संगीता ने बताया कि इसी दबाव के चलते 14 नवम्बर को विजय को ब्रेन हैमरेज व पैरालाईसिस अटैक पड गया। उन्हे चरक अस्पताल लखनऊ मे भर्ती कराया गया। 15 नवम्बर को बीएलओ और अधिकारियो के ग्रुप पर इसकी लिखित सूचना दिये जाने के साथ ही ईलाज के लिये आर्थिक मदद की गुहार भी लगाई गयी। मगर अभीतक किसी भी जिम्मेदार का कोई सहयोग नही मिला। मृतक परिवार मे पत्नी संगीता रावत और बेटा हर्षित वर्मा है।शिक्षामित्र विजय गुप्ता का कहना है कि दबाव के चलते पूरा दिन काम करते थे रात-रात काम करते थे काम में दबाव बहुत है इस काम को सही तरीके से करना चाहिए सर हम लोगों को सुविधा दी जाए दबाव बनाकर कार्य नहीं करना चाहिए। इसी दबाव के चलते आज अपने साथी को खो दिया ब्रेन हेमरेज के चलते उनकी मृत्यु हो गई।

### छोटी देवरई स्थित सिद्धपीठ शनिधाम में धूमधाम से भंडारा, दूर-दराज से उमड़े श्रद्धालु



**लखनऊ।** शनिवार को श्री सिद्धपीठ शनिधाम, श्री सिद्धपीठ माता बंगलामुखीधाम,श्री पशुपतिनाथ द्वादश ज्योर्तिलिंग, श्री बजरंग बली धाम,श्री सिद्ध पीठ साई बाबा धाम मंदिर के चौदहवां वार्षिकोत्सव एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आपको बता दें कि बख्शी का तालाब क्षेत्र के चंद्रिका देवी रोड पर छोटी देवरई गांव स्थित श्री सिद्धपीठ शनिधाम, श्री सिद्धपीठ माता बंगलामुखीधाम, श्री पशुपतिनाथ द्वादश ज्योर्तिलिंग, श्री बजरंग बली धाम, श्री सिद्ध पीठ साई बाबा धाम मंदिर का चौदहवां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूम धाम से विशाल भंडारे के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में सुबह साढ़े आठ बजे गणेश पूजन व साढ़े नौ बजे शनि महाराज का तेलाभिषेक भी किया गया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद चखा।

**क्या बोलें मुख्य पुजारी**

मंदिर के मुख्य पुजारी नरेश चंद्र शास्त्री ने विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर का विशाल भंडारे के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। यह वार्षिकोत्सव चौदहवां वार्षिकोत्सव है। मंदिर में आए भक्तों की मुरादें पूरी होती हैं। दूर दराज से लोग पूजा अर्चना के लिए यहां पहुंचते हैं।

### चीखती रही पत्नी... पति के नहीं कांपे हाथ', लखनऊ में शराब के पैसे नहीं देने पर सिलबट्टे से कूचकर मार डाला

**लखनऊः** शराब के लिए रुपये न देने पर सुलतानपुर रोड स्थित माढ़रमऊ कला में शुक्रवार को पति नन्हकऊ और पत्नी नन्ही देवी के बीच विवाद हो गया। विरोध करने पर पति ने पास में पड़े सिलबट्टे से नन्ही देवी की सिर कूचकर हत्या कर दी। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) गोसाईगंज रिषभ यादव ने बताया कि आरोपित नन्हकऊ को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसीपी के अनुसार, 58 वर्षीय नन्ही देवी मूल रूप से उन्नाव के असोहा स्थित समाधा गांव की रहने वाली थीं। बीते डेढ़ वर्ष से माढ़र मऊ कला गांव में रहने वाली बेटी और दामाद के घर रह रही थीं। जांच में सामने आया कि नन्हकऊ नशे का आदी है। शराब के लिए आए दिन किसी न किसी से विवाद करता था। रुपये न मिलने पर पत्नी को पीटता था। बेटी और दामाद बीच-बचाव करते तो वह बाहर चला जाता था। शुक्रवार की सुबह वह शराब पीने के लिए पत्नी से रुपये मांग रहा था। बार-बार मांगने पर पत्नी ने रुपये नहीं दिए तो गाली-गलौज करने लगा। घर पर इन दोनों के अलावा कोई नहीं था।

# डीएम राजागणपति आर. ने सीएचसी पिसावां का किया निरीक्षण, लापरवाही पर स्टाफ नर्स को लगाई फटकार

**● चीफ़ फार्मासिस्ट से स्पष्टीकरण किया तलब**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में डीएम राजागणपति आर. ने सख्त रूख अपनाते हुए शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिसावां का आकस्मिक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं में लापरवाही पर कई निर्देश जारी किए डीएम ने इस दौरान इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, भर्ती वार्ड, महिला वार्ड, लेबर रूम, औषधि कक्ष, केएमसी, टीबी यूनिट, ड्यूटी कक्ष सहित सभी प्रमुख स्थानों का गहन निरीक्षण किया। डीएम ने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, इसलिए दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता और अवस्थापना सुविधाओं में त्वरित सुधार सुनिश्चित किया जाए उन्होंने अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान डीएम ने बीपीएम और बीसीपीएम को व्यवस्थाएं सुधारने तथा भर्ती मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन व नाश्ता उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए चीफ फार्मासिस्ट दयाशंकर से स्पष्टीकरण तलब किया गया, जबकि लापरवाही पर स्टाफ नर्स रेनू देवी को फटकार लगाई गई। फैमिली काउंसलर रामखुशी को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने आरसीएच पोर्टल व ई-कवच पोर्टल पर नियमित डाटा फीडिंग सुनिश्चित कराने, शत-प्रतिशत प्रसव कराए जाने तथा सभी वार्डों में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों का विवरण प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। रिफर मरीजों का रजिस्टर अद्यतन रखने, नियमित रूप से बेडशीट बदलवाने तथा कर्मचारियों को निर्धारित यूनिफॉर्म में रहने के आदेश भी दिए। उन्होंने डिलीवरी रजिस्टर में पूरा विवरण दर्ज करने और जन्म पंजीकरण प्रमाणपत्र डिस्चार्ज के समय ही परिवार को उपलब्ध कराने को अनिवार्य बताया। डीएम ने मरीजों से वार्ता कर सेवाओं की गुणवत्ता का फीडबैक लिया तथा भोजन की गुणवत्ता को मानकों के अनुरूप रखने के निर्देश दिए। फैमिली प्लानिंग से संबंधित कार्यों में प्रभावी कार्रवाई करने और प्रसव के बाद आवश्यक काउंसलिंग करवाने पर भी जोर दिया। फार्मेसी में निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवाओं के रख-रखाव, रिकॉर्ड अद्यतन रखने और समय से मांग पत्र भेजने के निर्देश दिए ताकि किसी भी दवा की कमी न होने पाए!!

## UP: इलाहाबाद हाई कोर्ट में निजी सचिव संवर्ग के 446 पदों का विभाजन अनुमोदित



**लखनऊः** प्रदेश सरकार ने मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने उच्च न्यायालय में अपर निजी सचिव के 156 पदों का निजी सचिव ग्रेड-एक के पदों पर किए गए उच्चीकरण तथा निजी सचिव संवर्ग के 446 पदों के विभाजन को अनुमोदित कर दिया है। न्याय विभाग के प्रमुख सचिव ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है जिसमें निजी सचिव संवर्ग के पदों के विभाजन का विवरण दिया गया है। विभाजन के बाद निजी सचिव ग्रेड-एक के 209 पद, सहायक निबंधक सह निजी सचिव ग्रेड-दो के 115 पद, उप निबंधक सह निजी सचिव ग्रेड-तीन के 87 पद, संयुक्त निबंधक सह निजी सचिव ग्रेड-चार के 28 पद तथा निबंधक सह प्रमुख निजी सचिव के सात पद हो गए हैं।

## अश्वनी द्वारा आयोजित कैम्प में 354 को परामर्श





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भरावन (हरदोई)।** सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर अतरौली में भटपुर रोड स्थित डॉ अश्वनी सिंह के कार्यालय पर शनिवार को चरक हेल्थ एंड रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी एवं चरक हॉस्पिटल के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 354 लोगों ने पंजीकरण कराया। नेत्र एवं मोतियाबिंद विशेषज्ञ डॉ कोमल सिंह, चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ इनामुन रहमान व सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ एकता तिवारी ने जांच कर परामर्श के साथ दवाएं दी।

जांच के दौरान 42 मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित किये गए। जिन्हें ऑपरेशन के लिए चरक हॉस्पिटल रेफर किया गया। कठौनी गांव से आए राजकुमार ने बताया कि काफी समय से आंखों में दिक्कत थी, कैम्प में निशुल्क इलाज मिल गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुलायम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। डॉ अश्वनी सिंह ने बताया कि निशुल्क स्वास्थ्य कैम्प जरूरतमंदों तक बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस दौरान संतोष तिवारी, दिनेश सिंह चौहान, अनूप चौरसिया, तरुण मिश्र, राधेलाल, रंजीत गुप्ता, ज्ञानेंद्र सिंह, पच्चा गौतम, रामावतार यादव, दिवाकर, गुड्डू लोधी, दौलत अली मौजूद रहे।

## एस. एस. इंटरनेशनल स्कूल , बीकेटी, लखनऊ में आयोजित हुई लक्ष्य विकसित भारत विषयक संगोष्ठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ** एस.एस. इंटरनेशनल स्कूल, मामपुर, बीकेटी, लखनऊ में लक्ष्य विकसित भारत ञ्च 2047 की ओर अग्रसर लक्ष्मणपुरी की साझा संस्कृति विषयक संगोष्ठी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।संगोष्ठी की शुरुआत मुख्य अतिथि राजेश्वर सिंह राज्य मंत्री (दर्जा प्राप्त)उत्तर प्रदेश सरकार, संस्था के चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान , प्रो? शीला मिश्रा अधिष्ठता विज्ञान संकाय लखनऊ विश्वविद्यालय, दुर्गेश त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा एकल अभियान एवं रविकांत मिश्र अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी (अर्जुन अवार्ड) ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को 2047 तक जब भारत अपनी स्वतंत्रा के 100 वर्ष माना रहा होगा तब तक भारत को विकसित देश बनाने हेतु अपनी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया, कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी को समरसता एवं सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया गया,

इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने सभी को राष्ट्र प्रथम की भावना को ध्यान में रख कर भारत वर्ष को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

## रहीमाबाद में विकलांग का मिला शव

**मलिहाबाद।** विकलांग व्यक्ति का शव गांव के किनारे मिला ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने कार्यवाही पूर्ण कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रहीमाबाद थाना प्रभारी अरुण कुमार त्रिगुणायक के अनुसार एक अज्ञात विकलांग व्यक्ति जो हाथों के सहारे चलता था और ग्राम अनीपुर में कुछ दिनों से रह रहा था और गांव में इधर-उधर मांग कर खाता पीता था तथा जहां जगह मिल जाती थी वही सो जाता था। शनिवार सुबह वह गांव के बाहर सड़क किनारे मृत अवस्था में पड़ा मिला विकलांग को मृत पड़ा देख वहां ग्रामीणों की काफी भीड़ लग गई ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।शरीर पर कोई चोट के निशान आदि नही मिले मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा।

## तीन माह के बाद कब्र से निकाला गया शव, डीएम के आदेश पर दोबारा होगा पोस्टमार्टम, पेड़ से लटका मिला था शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के सदरपुर थाना क्षेत्र के खम्हरिया नानकारी गांव में तीन माह पुराने संदिग्ध मौत के मामले ने एक बार फिर नया मोड़ ले लिया है। डीएम के आदेश पर शनिवार दोपहर मृतक रंजीत का शव कब्र से निकालकर दोबारा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया इस दौरान महमूदाबाद तहसील प्रशासन और सदरपुर पुलिस की संयुक्त टीम गांव में मौजूद रही है मामला तीन माह पूर्व 26 अगस्त 2025 को उस समय चर्चा में आया था, जब 28 वर्षीय रंजीत पुत्र सुरेश का शव दिबियापुर तालाब के पास एक पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला था लखनऊ में रहकर मजदूरी करने वाले रंजीत की मौत को लेकर गांव में सनसनी फैल गई थी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था पहली पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर 27 अगस्त को जब शव गांव पहुंचा, तो परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया था। उनका आरोप था कि रंजीत की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया है।

मृतक के पिता सुरेश ने गांव के प्रदीप, दिलीप और बबलू नामक तीन युवकों पर पुराने विवाद के चलते हत्या का आरोप लगाया था उनका यह भी दावा था कि मरने से पहले रंजीत ने एक ऑडियो संदेश भेजकर इन्हीं युवकों पर धमकी देने का आरोप लगाया था इस आधार पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। घटना के बाद ग्रामीणों व परिजनों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की अधिकारियों के समझाने के बाद ही अंतिम संस्कार कराया जा सका था हालांकि मृतक के पिता ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर संदेह जताते हुए आरोप लगाया कि डॉक्टर ने पैसे लेकर तथ्य छिपाए हैं। शिकायत की गंभीरता देखते हुए जिलाधिकारी ने पुनः पोस्टमार्टम कराने का आदेश दिया है। अब शनिवार को कब्र से शव निकालकर दोबारा पोस्टमार्टम कराया जाएगा ताकि मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सके!!

# लखनऊ कैरियर कॉन्वेंट कॉलेज में किंडरगार्टन क्लास प्रेजेंटेशन

**● कैरियर कान्वेंट कॉलेज विकास नगर में प्री-प्राइमरी क्लास प्रेजेंटेशन में नन्हे-मुन्नों की प्रतिभा का धमाल**

**कैरियर कान्वेंट कॉलेज में बच्चों के आत्मविश्वास और सीखने की क्षमता का हुआ शानदार प्रदर्शन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** शिक्षा के साथ नैतिक और सामाजिक मूल्यों के समावेश को प्राथमिकता देते हुए, कैरियर कॉन्वेंट कॉलेज के प्री-प्राइमरी विंग ने 22 नवंबर को कॉलेज ग्राउंड में किंडरगार्टन क्लास प्रेजेंटेशन का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास, सीखने की क्षमता और मंच कौशल का अद्भुत संगम था, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों और शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति दर्ज की गई।

**प्रारंभिक शिक्षा भविष्य की नींव**

कार्यक्रम की शुरुआत में कॉलेज के प्रिंसिपल श्री जॉबी जॉन ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहा, 'बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा उनकी भावी शिक्षा की नींव होती है। इस उम्र में सीखते हुए खेलने की कला ही उन्हें आत्मविश्वासी बनाती है।' प्रधानाचार्य के संबोधन के बाद, नन्हे-मुन्नों ने एक मनोहारी स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

**शैक्षणिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन**

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए एक-से-एक बढ़कर शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विषयों पर आधारित प्रदर्शन शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने बच्चों के कौशल और अनुशासन का शानदार प्रदर्शन किया:

**शैक्षणिक विषय:** बच्चों ने इंग्लिश एंड पार्ट्स ऑफ स्पीच पर आधारित रोचक गतिविधियाँ प्रस्तुत कीं, जो उनकी भाषा और व्याकरण की समझ को दर्शाती थीं।

**सांस्कृतिक नाटकः** नन्हे कलाकारों ने लोकप्रिय लोककथा स्लीपिंग ब्यूटी पर आधारित एक मनमोहक नाटक का मंचन किया।

**रोल प्लेः** बच्चों ने कम्युनिटी हेल्पर्स की थीम पर शानदार रोल प्ले प्रस्तुत किया, जिससे सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया।

**मनोरंजनः** एक्शन सॉन्ग्स और डांस के साथ-साथ नैतिक संदेश देने वाले स्किट प्रदर्शन ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मंच पर छोटे-छोटे हाथों का ताल मिलाना










और उनके चेहरे पर झलकता मासूम आत्मविश्वास, हर दर्शक के लिए गर्व और खुशी का पल था।

अतिथियों और अभिभावकों ने की सराहना

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शबाना खान (निदेशक व शिक्षाविद) और मधु नारायण (प्रिंसिपल, कैरियर गर्ल्स कॉलेज) उपस्थित रहीं। अतिथियों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि, 'आज के बच्चे अत्यधिक प्रतिभाशाली हैं और विद्यालय द्वारा प्रदान किया जा रहा यह मंच उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 'कई अभिभावकों ने बच्चों के प्रदर्शन को देखकर भावुकता व्यक्त की और शिक्षिकाओं के योगदान को सराहनीय बताया।

**सफलता का श्रेय शिक्षकों को**

कार्यक्रम का समापन प्रिंसिपल जॉबी जॉन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने इस सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी शिक्षकों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह किंडरगार्टन क्लास प्रेजेंटेशन न केवल मनोरंजन का एक साधन था, बल्कि यह साबित करता है कि सही मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और अवसर मिलने पर नन्ही प्रतिभाएँ भविष्य में बड़े मुकाम हासिल कर सकती हैं। यह आयोजन बच्चों की सर्वांगीण शिक्षा के प्रति कॉलेज की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## लक्ष्य फाउंडेशन' की प्रेरणादायक पहल, गरीब बच्चों के लिए की निशुल्क कोचिंग शुरू






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** शिक्षा की अलख जगाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, हमीरपुर जिला के मुस्करा विकासखंड स्थित बिहूनी कलां गाँव में 16 फरवरी को 'लक्ष्य फाउंडेशन' द्वारा गरीब और वंचित वर्ग के छोटे बच्चों के लिए एक निःशुल्क कोचिंग क्लास का शुभारंभ किया गया। इस पुनीत कार्य को पूरे गाँव का अभूतपूर्व समर्थन मिला है। कोचिंग का उद्घाटन ज्वाइंट कमिश्नर श्री अमर पाल सिंह द्वारा किया गया था। यह पहल बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में लक्ष्य फाउंडेशन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

लक्ष्य फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष और कोचिंग प्रबंधक, इंजी. रमेश राजपूत, ने इस अवसर पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा, 'पैसे महत्वपूर्ण नहीं होते हैं, दिल सबसे बड़ा होता है। हमने यह कोचिंग बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुरू की है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि शिक्षा पाना हर बच्चे का हक है। इसीलिए, जो गरीब वर्ग के बच्चे आर्थिक कारणों से कोचिंग नहीं पढ़ पाते हैं, उन्हें लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा यह मुफ्त कोचिंग दी जा रही है।

इन निःशुल्क क्लासेस में बच्चों को विशेष रूप से नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी।बच्चों को नवोदय की तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकें भी वितरित की गई, ताकि वे अपनी पढ़ाई बिना किसी बाधा के शुरू कर सकें। यह पहल ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। फाउंडेशन के कई महत्वपूर्ण सदस्य और स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद रहे श्रीमती उमा लोधी (प्रांतीय महिला प्रभारी), लक्ष्मी प्रसाद, भोजराज, देवेंद्र सिंह, धीरेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह, विश्वजीत, बृजेश कुमार वर्मा, इंजी. रमेश राजपूत (जिला अध्यक्ष व कोचिंग प्रबंधक), कुंवर कुशवाहा,भरत पेंटर, छत्रपाल सिंह राजपूत (ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बिहूनी कला) लक्ष्य फाउंडेशन की यह पहल हमीरपुर क्षेत्र में शिक्षा के प्रति एक नई जागरूकता पैदा करने का काम कर रही है, जिससे सैकड़ों बच्चों को बेहतर कल की उम्मीद मिली है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राजवापुर का सीएमओ ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राजवापुर का निरीक्षण कर चिकित्सा सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष, लैब, टीकाकरण व्यवस्था तथा साफ-सफाई सहित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की स्थिति की गहन समीक्षा की। सीएमओ ने मौजूद चिकित्सा कर्मचारियों से रोगियों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली और रजिस्टरों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि ओपीडी समय से संचालित हो, प्रसव संबंधी सेवाएं मानक के अनुरूप उपलब्ध कराई जाएं और मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, दवा उपलब्धता तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित गतिविधियों की भी समीक्षा की। सीएमओ ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई को और मजबूत करने तथा रिकॉर्ड अपडेट रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रत्येक मरीज को सहज रूप से उपलब्ध हों। उन्होंने कर्मचारियों को समयबद्ध और संवेदनशील सेवा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के समय चिकित्सा अधिकारी डॉ वसीम अहमद , डीएमओ राजेश पाण्डेय, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, सहायक शोध अधिकारी सिद्धार्थ गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## यूपी में बिजली की दरों में बढ़ोतरी पर बड़ा अपडेट, आयोग के फैसले से उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

**दिल्ली में बिजली दरें स्थिर**
**छठे वर्ष भी राहत जारी**
**2025-26 में कोई बढ़ोतरी नहीं**



**लखनऊ।** विद्युत नियामक आयोग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली की दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं करने का फैसला किया है। यह लगातार छठा वर्ष है, जब प्रदेश में बिजली की दरें यथावत बनी रहेंगी, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिली है।

## कार्यक्रम के अंत में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए

**सामाजिक न्याय और सद्भाव के योद्धा थे मुलायम सिंह : चंद्रभूषण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि नेताजी ने जीवनभर सामाजिक न्याय, सांप्रदायिक सद्भाव और शोषित समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि समाज के यथास्थितिवादी वर्गों ने उन्हें कमजोर करने की कोशिश की, लेकिन वे अपने सिद्धांतों से कभी नहीं हटे। उन्होंने बताया कि किसान, नौजवान, महिला, व्यापारी, शिक्षक, सैनिक या वकील– समाज का कोई वर्ग ऐसा नहीं था जिसकी समस्या के समाधान के लिए नेताजी ने पहल न की हो। जमीन से उठने वाले मुलायम सिंह यादव ने मुख्यमंत्री रहते यूपी को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया। रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने स्पष्ट किया था कि भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन यदि युद्ध हुआ तो मुकाबला दुश्मन की धरती पर होगा। कार्यक्रम में सुरेश नारायण सिंह यादव, व्यास यादव, मंगरू यादव, शंकर गोंड, मिथिला वर्मा, दयानंद यादव, मोहन यादव, हसनैन उर्फ नन्हे खां, मुन्ना अंसारी, उत्तिम यादव, विनोद यादव, महेश गोंड, गोविंद यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर झलकारी बाई कोरी की जयंती तथा समाजवादी नेता रामसेवक यादव व पूर्व मुख्यमंत्री रामनरेश यादव के स्मृति दिवस पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# संविधान और संसद: बिलों की मंजूरी में राज्यपाल की सीमाएँ



भारतीय संविधान की संरचना संघवाद, शक्तियों के पृथक्करण और लोकतांत्रिक जवाबदेही की गहरी नींव पर टिकी है। इस ढांचे में राज्यपालों और राष्ट्रपति की भूमिका केवल औपचारिक नहीं, बल्कि एक संवैधानिक संतुलन बनाए रखने वाली जिम्मेदारी है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने राज्यपालों और राष्ट्रपति की बिल मंजूरी संबंधी शक्तियों पर जो महत्वपूर्ण राय दी है, उसने न केवल संवैधानिक विमर्श को नया आयाम दिया है, बल्कि शासन प्रक्रिया में लंबे समय से चल रहे एक संवैधानिक तनाव को भी स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है। यह फैसला बताता है कि राज्यपाल बिलों को अनिश्चितकाल के लिए लंबित नहीं रख सकते, लेकिन न्यायपालिका उनकी निर्णय-सीमा तय भी नहीं कर सकती।

इस दोहरे निष्कर्ष ने केंद्र-राज्य संबंधों और विधायी प्रक्रिया की गरिमा पर बड़े महत्वपूर्ण सवालों और उत्तरों को एक साथ सामने रखा है। संविधान के अनुच्छेद 200 और 201 राज्यपाल और राष्ट्रपति को तीन स्पष्ट विकल्प देते हैं—बिल को मंजूरी देना, उसे विधानसभा को पुनर्विचार के लिए लौटाना, या उसे राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित करना। इन विकल्पों का स्वरूप बताता है कि संवैधानिक निर्माताओं ने राज्यपाल को केवल एक 'रबर स्टैंप' की भूमिका नहीं दी थी, बल्कि एक विवेकाधारित जिम्मेदारी प्रदान की थी। किंतु प्रश्न यह है कि क्या इस विवेक का उपयोग असीमित समय पर टिका रह सकता है? हाल के वर्षों में कई राज्यों—विशेष रूप से तमिलनाडु, केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तेलंगाना—ने आरोप लगाया कि राज्यपाल राजनीतिक कारणों से विधेयकों को महीनों, कभी-कभी सालों तक लंबित रखते हैं, जिससे न केवल विधायिका की संप्रभुता प्रभावित होती है बल्कि शासन संचालन भी अवरुद्ध हो जाता है। यह राजनीतिक टकराव अंततः न्यायिक समीक्षा के दायरे में आया। अप्रैल 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश दिया था कि राष्ट्रपति और राज्यपाल तीन माह के भीतर बिल पर निर्णय लें। यह आदेश राज्यों और केंद्र के बीच उत्पन्न तनाव को कम करने का एक व्यावहारिक प्रयास था। लेकिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वयं इस पर सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी, यह कहते हुए कि संवैधानिक पदाधिकारियों के विवेकाधिकार पर न्यायपालिका समयसीमा थोप सकती है या नहीं—यह खुद एक संवैधानिक प्रश्न है। इसी संदर्भ में 20 नवंबर 2025 को संविधान पीठ ने विस्तार से सुनवाई की और यह स्पष्ट किया कि न्यायपालिका किसी भी संवैधानिक पदाधिकारी पर समय सीमा लागू नहीं कर सकती। यह निष्कर्ष सेपरेशन ऑफ पावर्स के सिद्धांत को पुनः स्थापित करता है, जिसके अनुसार राष्ट्रपति और राज्यपाल की शक्तियाँ उनकी संवैधानिक स्वायत्तता के दायरे में आती हैं, और न्यायपालिका को इन शक्तियों का सूक्ष्म प्रबंधन नहीं करना चाहिए। हालाँकि, पीठ ने यह भी उतनी ही स्पष्टता से कहा कि बिल को अनिश्चितकाल तक रोककर रखना संविधान की भावना के विपरीत है। यानी निर्णय लेना अनिवार्य है, पर उसकी समय सीमा न्यायपालिका तय नहीं करेगी। यह संतुलन संघीय विवेक और लोकतांत्रिक जवाबदेही के बीच एक मध्य मार्ग प्रस्तुत करता है। अदालत ने यह भी साफ कर दिया कि 'डिम्ड असेंट' जैसी कोई व्यवस्था—जिसमें समयसीमा पूरी होने पर बिल को स्वचालित रूप से मंजूर माना जाए—संवैधानिक रूप से मान्य नहीं है। ऐसा प्रावधान संविधान में नहीं है और इसे न्यायपालिका द्वारा निर्मित करना संघीय ढांचे पर अनुचित प्रभाव डालता। इसलिए असहमति हो सकती है, लेकिन स्वचालित सहमति नहीं हो सकती। यह फैसला एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू पर भी रोशनी डालता है—विवेकाधिकार के मूल स्वरूप पर। अदालत ने कहा कि वह राज्यपाल के निर्णय की मेरिट यानी गुण-दोष की समीक्षा नहीं करेगी। यदि राज्यपाल लंबे समय तक कोई कार्रवाई नहीं करते, तो न्यायालय प्रशासनिक निर्देश जारी कर सकता है कि राज्यपाल निर्णय लें, लेकिन वह यह नहीं कह सकता कि उन्हें मंजूरी देनी है या रोकनी है। यह रेखा सूक्ष्म जरूर है, पर संवैधानिक ढांचे की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह न्यायपालिका की अपनी सीमाओं का अहसास भी कराता है और पदाधिकारियों की संवैधानिक जिम्मेदारियों की याद भी दिलाता है। इस निर्णय के राजनीतिक निहितार्थ भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। भारत की संघीय राजनीति लंबे समय से राज्यपालों की भूमिका को लेकर विवादों से घिरी रही है। कई बार राज्यपालों पर केंद्र की राजनीतिक इच्छाओं को लागू करने का आरोप लगता है, विशेषकर उन राज्यों में जहाँ विपक्षी दल सत्ता में हों। विधेयकों को लंबित रखना अक्सर राजनीतिक दबाव के एक उपकरण के रूप में देखा जाता है, जो न केवल राज्य सरकार की नीतिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है बल्कि जनता द्वारा चुनी गई विधानसभाओं की गरिमा को भी चोट पहुंचाता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस संदर्भ में एक संवैधानिक मर्यादा तय कर दी है कि लंबित रखना विकल्प नहीं है। इस सरल टिप्पणी का राजनीतिक प्रभाव गहरा है—अब राज्यपालों को कार्रवाई करनी ही होगी, चाहे वह मंजूरी हो या पुनर्विचार। इस प्रकार राज्य सरकारों को अपनी नीतियाँ लागू करने में अनावश्यक अवरोधों का सामना कम होगा। इस निर्णय का एक व्यापक प्रभाव यह है कि संवैधानिक संस्थाओं के बीच सम्मानजनक दूरी और आवश्यक संवाद, दोनों की जरूरत को फिर से रेखांकित किया गया है। न्यायपालिका ने जहाँ अपनी सीमा का सम्मान किया, वहीं राज्यपालों को भी उनकी संवैधानिक जिम्मेदारी की याद दिलाई। यह निर्णय सरकारों, राजनीतिक दलों और संवैधानिक पदाधिकारियों के लिए एक संदेश है कि शासन की प्रक्रिया दमित या बाधित होने के लिए नहीं, बल्कि सुचारु और संयमित ढंग से चलने के लिए बनाई गई है। किसी भी स्तर पर अवरोध लोकतांत्रिक व्यवस्था का अपमान है अंततः यह फैसला भारतीय संघवाद की आत्मा के अनुरूप है। न तो न्यायपालिका सर्वशक्तिमान है, न राज्यपाल असीमित शक्तियों से लैस हैं। संविधान ने दोनों के कर्तव्यों और सीमाओं को परिभाषित किया है। सुप्रीम कोर्ट की यह राय उसी संवैधानिक मर्यादा की पुनः पुष्टि है। यह न केवल राज्यों की विधायी प्रक्रिया को गति देगा, बल्कि केंद्र और राज्यों के बीच आपसी विश्वास की राह भी कुछ हद तक आसान करेगा। लोकतंत्र का वास्तुशिल्प तभी स्थिर रहता है जब उसके सभी स्तंभ अपनी-अपनी सीमाओं और जिम्मेदारियों को समझकर कार्य करें। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उसी संतुलन को कायम रखने का एक सुविचारित प्रयास है—संविधान की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, शासन की प्रक्रिया को मजबूती प्रदान करने वाला।

**महेन्द्र तिवारी**

# संपादकीय

## भारत-चीन-अमेरिकी संबंध, परिस्थिति-जन्य वैश्विक कुटनीति का नया दौर



भारत और चीन के रिश्ते कितने दूरगामी हैं, यह प्रश्न आज एशिया ही नहीं पूरी वैश्विक राजनीति की धुरी बन चुका है। चीन से दोस्ती भारत के लिए कोई नई बात नहीं है; यह इतिहास की धारा में कई उतार-चढ़ावों से होकर गुज़री है। 1954 में नेहरू और झोऊ एनलाई के बीच 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का नारा उभरा था, जब भारत 1947 में और चीन 1949 में स्वतंत्र राष्ट्र बने थे। दोनों देशों ने उभरती शीतयुद्ध राजनीति में तटस्थता और एशियाई एकता का सपना देखा था, किंतु 1962 के भारत-चीन युद्ध ने इस सपने को अफसाना बना दिया और विश्वास की दीवारें इतनी ऊँची खड़ी हुई कि उसकी गूँज आज भी सीमा के पहाड़ों तक सुनाई देती है। 1962 के बाद चीन ने लद्दाख और हिमाचल के बड़े हिस्सों पर नियंत्रण बढ़ाया, अक्साई चिन पर कब्ज़ा किया, और गलवान से डोकलाम तक हर दशक में कभी खुली तो कभी निहित झड़पें होती रहीं। अप्रैल 2020 के बाद एल ए सी पर चीन की आक्रामक तैनाती ने भारत को अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ क्वाड साझेदारी मज़बूत करने की ओर धकेला, और यही अमेरिकी असहजता का मूल भी है—क्योंकि वाशिंगटन चाहता है कि भारत उसका पूर्ण सामरिक मित्र बने, परंतु भारत अपनी स्वायत्त विदेश नीति छोड़ने को तैयार नहीं है। सितंबर 2025 में शंघाई सहयोग संगठन की 25वीं बैठक ने अचानक एशिया की राजनीति में नया मोड़ ला दिया, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात लंबी खाई को पाटने की कोशिशों से भर उठी। दोनों देशों ने सामरिक तनाव कम कर व्यापार, पर्यटन, निवेश, डिजिटल कनेक्टिविटी और ऊर्जा गलियारों में सहयोग बढ़ाने की रूपरेखा तैयार की। चीन को भी अहसास है कि अमेरिका की टैरिफ नीति और निर्यात प्रतिबंधों ने उसकी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ाया है और भारत एक विशाल बाज़ार के रूप में उसके लिए रणनीतिक राहत बन सकता है। दूसरी ओर भारत समझता है कि चीन से टकराव स्थायी समाधान नहीं है, क्योंकि सीमा विवाद के बावजूद 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 136 अरब डॉलर तक पहुँच चुका है, और आर्थिक वास्तविकता दोनों को एक-दूसरे से जोड़े बिना नहीं रख सकती। उधर अमेरिका और पाकिस्तान के बीच हालिया महीनों में बढ़ती निकटता ने एशिया में शक्ति संतुलन को नई दिशा दे दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से हुई बैठकों ने दोनों देशों के रणनीतिक रिश्तों को पुनर्जीवित कर दिया है। पाकिस्तान द्वारा अमेरिकी रक्षा उपकरण खरीदने की नई योजनाएँ और वाशिंगटन द्वारा पाकिस्तान को 'क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोगी' का दर्जा देने से भारत की सुरक्षा चिंताएँ बढ़ना स्वाभाविक है। यह वही अमेरिका है जिसने 1999 के कारगिल युद्ध और 1971 के बांग्लादेश युद्ध में पाकिस्तान की हिफ़ाज़त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी, इसलिए भारत जानता है कि शक्ति संतुलन का कोई भी समीकरण स्थायी नहीं होता। विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका पाकिस्तान का इस्तेमाल चीन और रूस के विरुद्ध अपनी पश्चिमी एशिया रणनीति के हिस्से के रूप में करेगा, और भारत-अमेरिका मित्रता भी केवल साझा हितों पर आधारित है, स्थायी भावनाओं पर नहीं। भारतीय दृष्टिकोण से, आज की कूटनीति का सच यह है कि जितना अविश्वसनीय अमेरिका है, उतना ही अविश्वसनीय चीन भी। दोनों देशों का इतिहास भारत के प्रति अवसरवादी रहा है। यही कारण है कि भारत की विदेश नीति 'बहुध्रुवीयता' और 'रणनीतिक स्वायत्तता' पर आधारित है—जहाँ भारत न तो चीन के ब्लॉक में पूरी तरह शामिल होगा, न अमेरिका के प्रभाव में आएगा। एससीओ सम्मेलन में में भारत-चीन की नज़दीकी और ब्रिक्स -प्लस ढांचे में नए आर्थिक सहयोग की संभावनाएँ यह संकेत देती हैं कि एशिया अपनी शर्तों पर अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देने की स्थिति बना रहा है। चीन-रूस-भारत त्रिकोण अमेरिका,नाटो चिंताओं का मुख्य कारण है, क्योंकि यह त्रिकोण ऊर्जा, रक्षा, तकनीक, और क्षेत्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर पश्चिमी देशों के दबदबे को कम कर सकता है। चीन के लिए, भारत-अमेरिका निकटता रणनीतिक दबाव बढ़ाती है, जबकि भारत-चीन तालमेल उसे दक्षिण एशिया, मध्य एशिया और इंडो-पैसिफिक में बेहतर स्थिति दे सकता है। भारत के लिए, चीन से संबंध सुधरने का अर्थ है स्न्ट पर तनाव में कमी, व्यापार में निर्भरता नियंत्रित करना और वैश्विक महंगाई व सप्लाई-चेन संकट से बचाव। जबकि अमेरिका इस पूरे बदलते परिदृश्य को एशिया में अपने प्रभाव के लिए चुनौती के रूप में देख रहा है, और यह चिंता सिर्फ सामरिक नहीं बल्कि आर्थिक भी है, क्योंकि अमेरिकी उद्योग चीन-भारत सहयोग को अपने बाज़ार हितों के विपरीत मानते हैं। इन बदलते समीकरणों के बीच सवाल यही है कि क्या भारत-चीन का सहयोग अमेरिका के खिलाफ प्रभावी रणनीतिक विकल्प बन सकता है? सच यह है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थायी मित्र या स्थायी शत्रु जैसा कुछ नहीं होता; केवल स्थायी हित होते हैं। भारत और चीन जब अपने हितों के आधार पर एक-दूसरे के करीब आते हैं तो यह एशिया को अधिक स्वायत्त और बहुध्रुवीय बनाता है, परंतु सीमा विवाद, ताईवान-दक्षिण चीन सागर तनाव, और चीन-पाकिस्तान गठजोड़ जैसे कारक भारत को पूरी तरह निश्चिंत नहीं होने देते। भारत की चुनौती यह है कि वह अमेरिका और चीन दोनों के साथ संतुलन बनाते हुए अपनी सामरिक स्वतंत्रता बनाए रखे। शंघाई सम्मेलन का यह नया समीकरण आने वाले वर्षों में एशिया-प्रशांत की राजनीति को पुनः परिभाषित कर सकता है। भारत और चीन जब साझा आर्थिक हितों, ऊर्जा सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और व्यापारिक गलियारों पर साथ खड़े होते हैं, तो यह अमेरिका की टैरिफ रणनीति और एशियाई राजनीति की धुरी को भी बदल देता है। भविष्य बताएगा कि यह सहयोग स्थायी रणनीति बनता है या एक और अस्थायी कूटनीतिक अध्याय। किंतु इतना स्पष्ट है कि भारत-चीन की नई राह यदि टिकाऊ साबित होती है, तो एशिया की शक्ति संतुलन रेखाएं बदल जाएंगी और अमेरिका का प्रभाव सीमित होगा और यदि यह राह फिर बाधित होती है, तो भारत को अपनी सुरक्षा और आर्थिक नीति में नए विकल्प तलाशने होंगे। यही अंतरराष्ट्रीय संबंधों का शाश्वत सत्य है कि विश्व राजनीति में न कोई स्थाई दोस्त होता है न स्थाई दुश्मन केवल स्थाई हित होते हैं, और भारत उसी हित-नीति पर आगे बढ़ रहा है।

**संजीव ठाकुर**

# सत्य साईं बाबा: मानवता के भीतर छिपे प्रकाश का जागरण

**[ सत्य साईं बाबा: प्रेम, सेवा और सत्य का उदय ]**

**[ सत्य साईं बाबा: एक जन्म, जो दीपक नहीं—पूरा प्रभात बन गया ]**

जैसे कोई रहस्य बिना शोर किए दुनिया के कंधे पर हाथ रखता है, वैसे ही एक अदृश्य आभा ने 1926 की उस सुबह को भी छू लिया था—सुबह बिल्कुल साधारण, पर उसके भीतर एक असाधारण हलचल साँस ले रही थी। यह वह कम्पन था जिसे न उस दिन धरती ने पहचाना, न लोगों ने, लेकिन समय ने उसे अपनी गूढ़ स्मृतियों में सँभाल लिया। पुट्टपर्थी के शांत, धूलभरे वातावरण में जन्मे सत्यनारायण राजु आगे चलकर सत्य साईं बाबा के रूप में संसार की चेतना को वैसा प्रकाश देने वाले थे, जैसा कोई दीपक नहीं, बल्कि एक सम्पूर्ण सूर्योदय देता है। उनका जन्म केवल एक घटना नहीं था; वह मानवता के लिए एक नए अध्याय का आरंभ था—एक ऐसा अध्याय, जो हृदय की गहराइयों में उतरकर आत्मा के अंधकार को धैर्य और प्रेम की रोशनी से भरने आया था। साईं बाबा का जीवन किसी रहस्यपूर्ण चमत्कारों का प्रदर्शन नहीं था, बल्कि सहजता, निर्मलता और गहन मानवीय मूल्यों पर टिके एक उजले सत्य की तरह था। वे ईश्वर को बाहरी आडंबरों में नहीं खोजते थे; उनका भगवान मनुष्य की करुणा, संवेदना, धैर्य और सत्यनिष्ठा में धड़कता था। यही कारण था कि उनका आध्यात्मिक पथ कठिन तपस्याओं से नहीं, बल्कि जीवन की सरलता और नैसर्गिक मानवता से आरंभ होता था। वे अकसर कहते थे, 'प्रेम ही ईश्वर है, और ईश्वर का सर्वोच्च रूप सेवा है।' यह वाक्य सुनने में छोटा है, पर जब जीवन में उतरा जाए तो अत्यंत व्यापक हो जाता है—क्योंकि यह मनुष्य को बाहर से नहीं, बिल्कुल भीतर से बदल देता है। 1926 में जन्मा यह दिव्य व्यक्तित्व दुनिया को यह बताने नहीं आया था कि आध्यात्मिकता किसी दूर की, रहस्यमय शक्ति का अनुभव है; वह तो मनुष्य के भीतर छिपा वह सत्य है, जिसे भय, क्रोध, धूल और अहंकार अक्सर ढँक देते हैं। सत्य साईं बाबा का सम्पूर्ण जीवन इसी धूल को हटाने की प्रक्रिया था—धीमे, कोमल और बिल्कुल सरल मानवीय स्पर्श के साथ, बिना किसी दार्शनिक पेचीदगी के। वे समझाते थे कि सत्य केवल बोलने की वस्तु नहीं, जीवन में उतारने की क्रिया है; सेवा केवल दान का कार्य नहीं, बल्कि जीवन की दिशा है; और प्रेम कोई क्षणिक भावना नहीं, मनुष्य का वास्तविक स्वरूप है। उनकी सबसे विशिष्ट बात यह थी कि वे किसी एक मत, धर्म या समुदाय के गुरु बनकर नहीं उभरे। वे किसी संकीर्ण दायरे, किसी सीमित पहचान को स्वीकार ही नहीं करते थे। उनके लिए मनुष्य बस मनुष्य था—उसका नाम, उसका धर्म, उसकी परंपराएँ तो बस बाहरी आवरण थे; भीतर वह चेतना का ही अंश था। वे कहा करते थे, 'धर्म अनेक हैं, पर सत्य एक है; मार्ग अनेक हैं, पर मंज़िल एक।' यही उनके संदेश की आत्मा थी—एकता, करुणा और संपूर्ण मानवता का आलोक। सत्य साईं बाबा की जयंती किसी भव्य उत्सव का आह्वान नहीं करती; यह स्वयं के भीतर लौटने का अवसर देती है। यह दिन धीमी, पर गहन आवाज़ में पूछता है—क्या हमारे जीवन में वह प्रेम है जो परिस्थितियों और व्यक्तियों की सीमाओं से परे जाता है? क्या हमारी सेवा दिखावे से ऊपर उठ पाती है? क्या हमारा भीतर सत्य निर्भीक होकर जीवित है? और क्या हमारा आचरण उस सहज मानवता को अभिव्यक्त कर पाता है, जिसकी शिक्षा बाबा ने दी थी? आज की दुनिया में, जहाँ मनुष्य तकनीक में विस्तृत हुआ पर संवेदना में सिकुड़ गया है, जहाँ शब्द तेज़ होते गए पर व्यवहार की कोमलता कम होती गई, वहाँ सत्य साईं बाबा का संदेश उपदेश नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुका है। वे कहा करते थे कि सेवा मनुष्य के भीतर की कठोरता को पिघलाती है, प्रेम उसकी सुप्त ऊर्जा को जगाता है, और सत्य उसके चरित्र को आकार देता है। इस युग में, जब आत्माएँ असुरक्षित और मन दिशाहीन होते जा रहे हैं, बाबा की ये तीन शिक्षाएँ जीवन की जड़ों को पुनः सींचने का कार्य करती हैं। उनकी उपस्थिति में लोग केवल विश्वास नहीं पाते थे—वे स्वयं को पहचानते थे। उन्हें महसूस होता था कि जो टूट गया है, उसमें पुनः जुड़ने की क्षमता है; जो खो गया है, वह फिर से मिल सकता है; और जो अंधकार है, वह प्रकाश में बदल सकता है। बाबा किसी को तैयार समाधान नहीं देते थे; वे उसके भीतर समाधान खोजने का साहस जगाते थे। यही महान गुरु की पहचान है—वह मार्ग दिखाता है, पर चलने की स्वतंत्रता मनुष्य पर छोड़ता है; वह प्रकाश देता है, पर आँखें खोलने का निर्णय साधक पर छोड़ देता है। साईं बाबा ने अपने जीवन से सिद्ध किया कि



आध्यात्मिकता कोई एकांतवास नहीं, बल्कि समाज में रहते हुए मानवता को जीने की निरंतर साधना है। उन्होंने यह भी बताया कि दिव्यता किसी मंदिर या विधि तक सीमित नहीं—वह एक मुस्कान, एक सहारे, एक क्षमा और एक सेवा में जीवित रहती है। 1926 का वह दिव्य जन्म आज भी संसार को यह स्मरण कराता है कि जब मनुष्य प्रेम में स्थिर हो जाता है, सेवा में निमग्न हो जाता है और सत्य में अडिग हो जाता है, तब उसका अस्तित्व स्वयं एक दीपक बन उठता है—ऐसा दीपक जो समय से नहीं बुझता, परिस्थितियों से नहीं डगमगाता और अंधकार से नहीं घबराता। सत्य साईं बाबा की जयंती इसलिए केवल एक तिथि नहीं—एक दर्पण है। इस दर्पण में हम वह मनुष्य देख सकते हैं, जो हम बन सकते हैं यदि हम सच में चाहें—थोड़े और प्रेमपूर्ण, थोड़ा और दयालु, और थोड़ा अधिक सत्यनिष्ठ। यही उनकी जयंती का वास्तविक तेज है, और यही 23 नवंबर,1926 की उस सुबह का अनश्वर प्रकाश, जो आज भी दुनिया के हृदय में अपनी शांत उजास बिखेर रहा है।

**प्रो. आरके जैन**

# संवाद संस्कृति:बच्चों को गलत निर्णय लेने से रोक सकती है

हाल ही में दिल्ली के एक 16 वर्षीय किशोर द्वारा आत्महत्या की दुखद घटना समाज में संवादहीनता की बढ़ती समस्या की ओर गंभीर संकेत देती है। यदि शिक्षक, माता-पिता या परिवार के सदस्य बच्चों की बातों को धैर्यपूर्वक सुनें और संवाद का खुला वातावरण बनाएं, तो ऐसी अनेक घटनाओं को रोकना संभव है। बाल मनोविज्ञान स्पष्ट रूप से बताता है कि बच्चों की भावनाओं, दुविधाओं और आंतरिक संघर्षों को समझने के लिए संवाद संस्कृति अत्यंत आवश्यक है।

बच्चे अत्यंत संवेदनशील होते हैं। वे अनेक अच्छे-बुरे अनुभव चाहकर भी अक्सर अभिव्यक्त नहीं कर पाते। भय, संकोच या डांट की आशंका के कारण वे अपने मन की बात छुपा लेते हैं। ऐसे में परिवार और शिक्षक की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों के लिए ऐसा वातावरण तैयार करें, जहाँ वे बिना डर, झिझक या मूल्यांकन की चिंता के अपनी समस्या, गलती, पीड़ा या अनुभव स्वतंत्र रूप से साझा कर सकें। ध्यान रखने योग्य बात है कि बच्चे 'उपदेश' से कम और 'पर्यावरण' से अधिक सीखते हैं। यदि घर में संवाद को एक नियमित आदत के रूप में अपनाया जाए, परिवार के सदस्य एक-दूसरे की बात ध्यानपूर्वक सुनें, तो बच्चे स्वाभाविक रूप से अपना सुख-दुख आगे बढ़कर साझा करने लगते हैं। घर में प्रतिदिन 10-15 मिनट का 'फैमिली-टाइम' बच्चों में विश्वास, सुरक्षा और आत्मीयता की भावना विकसित करने में अत्यंत प्रभावी हो सकता है। जब बच्चा कुछ बताता है, तो तुरंत प्रतिक्रियाएँ देना,जैसे 'तुमने ही किया होगा ', 'यह तो गलत है ', 'ऐसा क्यों किया? '-उसके आत्मविश्वास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। बेहतर है कि बच्चों को धैर्यपूर्वक अपनी बात पूरी करने दें। इससे उनमें निष्पक्ष संवाद, भरोसा और खुलापन बढ़ता है। जो बड़े हैं, मार्गदर्शक की भूमिका में हैं, उन्हें 'पहले सहानुभूति, फिर सलाह' के सिद्धांत पर चलना चाहिए। सामान्यतः भावनात्मक समर्थन के बाद दिया गया मार्गदर्शन अधिक प्रभावी और स्वीकार्य होता है। इससे बच्चा सच बोलने में सहजता महसूस करता है और परिवार पर उसका भरोसा मजबूत होता है। बच्चों की निजता का सम्मान अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चा जो भी व्यक्तिगत बात साझा करता है, उसे परिवारजनों, रिश्तेदारों या दोस्तों के बीच चर्चा या मज़ाक का विषय न बनाएं। बच्चे की बातों की गोपनीयता बनाए रखना ही विश्वास की वास्तविक नींव है। जब बच्चा देखता है कि उसकी निजी भावनाएँ सुरक्षित हैं, तो वह आगे भी परिवार के साथ खुलकर संवाद करना सीखता है। सिर्फ गलतियों पर ध्यान देने से संवाद कमजोर होता है; इसलिए आवश्यक है कि ईमानदारी, साहस, प्रयास, मित्रता, सत्य बोलने जैसी सकारात्मक बातों पर तुरंत प्रशंसा दी जाए। सराहना बच्चे की आत्मछवि को मजबूत बनाती है और भविष्य में भी संवाद के लिए प्रेरित करती है।



आज के डिजिटल युग में संवाद की आवश्यकता और बढ़ गई है, क्योंकि मोबाइल, इंटरनेट, सोशल मीडिया और डिजिटल गैजेट्स बच्चों के जीवन में गहराई से प्रवेश कर चुके हैं। माता-पिता को सहज शैली में समय-समय पर पूछना चाहिए- 'क्या ऑनलाइन कुछ उलझन भरा देखा? ', 'किसी का बुरा बोलना या मैसेज परेशान करता है क्या? ', 'स्कूल में किसी दोस्त या शिक्षक ने कुछ ऐसा कहा जो तुम्हें अच्छा या बुरा लगा हो?' ऐसे सौम्य प्रश्न बच्चों को बाहरी दुनिया के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं को साझा करने के लिए प्रेरित करते हैं। वस्तुतः संवाद एक ऐसा पुल (ब्रिज) है जो माता-पिता और बच्चों के बीच प्रेम, सुरक्षा, भरोसा और पारदर्शिता को मजबूत करता है। जब हर बच्चा यह विश्वास पूर्वक कह सके- 'मम्मी-पापा, मुझे आपसे एक जरूरी बात करनी है... '-तब समझिए कि संवाद संस्कृति ने अपनी भूमिका सफलतापूर्वक निभा दी है। अतः आत्महत्या जैसी गंभीर समस्याओं की रोकथाम में परिवार, शिक्षक और मित्रों के बीच विकसित संवाद-संस्कृति सबसे बड़ा, सबसे प्रभावी और सबसे मानवीय अस्त्र है।

**डा.मनमोहन प्रकाश**

# कितने शौर्य और? यह सवाल अब देश से है

**[ हमारे सिस्टम ने शौर्य को नहीं, खुद को खोया है ]**

**[ जब स्कूल पिंजरे बन जाएँ, तो बच्चों के सपने मरते हैं ]**




एक देश सचमुच तब रोता है, जब उसके बच्चों की चीखें उसकी कानों तक पहुँचने से पहले ही दम तोड़ देती हैं। शौर्य की मौत ने यही किया—हमारे राष्ट्रीय अंतःकरण को जड़ से पकड़कर झकझोर दिया। सोलह साल का वह बच्चा, जो दुनिया को समझने की दहलीज़ पर ही था, जाते-जाते अपने ही अस्तित्व से माफी माँग गया– 'सॉरी मम्मी... मैं आखिरी बार आपका दिल तोड़ रहा हूँ।' यह शब्द किसी बेटे की अंतिम साँसें नहीं, हमारी सामूहिक असफलता का प्रमाण हैं—उस घाव की स्याही, जो सिर्फ बच्चों पर नहीं, पूरे भारत पर लगी है। दिल्ली के एक प्राइवेट स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र शौर्य की मौत सिर्फ़ एक त्रासदी नहीं, हमारे शिक्षा-तंत्र की विफलता का निर्मम आईना है। सोलह साल का शौर्य—जिसका टखना मुड़ा हुआ था, जिसने बस इतना कहा था कि वह डांस नहीं कर पाएगा—उसे उसी सुबह अपमानित, डांटा और इस कदर तोड़ा गया कि उसने मेट्रो स्टेशन से छलांग लगा दी। पीछे छोड़ा एक सुसाइड नोट, जिसमें उसने लिखा कि 'स्कूल स्टाफ ने इतना कुछ कहा कि मुझे यह करना पड़ा और यह आखिरी विनती कि दोषियों पर कार्रवाई हो, ताकि कोई और बच्चा उसकी तरह न मरे।' एक बच्चा, जो अपने अंग दान करने की इच्छा लिख सकता है, वह स्कूल की बेरहमी से खुद को बचा न सका। स्कूल, जो किसी बच्चे की उड़ान का पहला आसमान होना चाहिए, कई जगह उन पिंजरों की तरह हो गए हैं—जहाँ सपने नहीं पनपते, सपनों के शव गिने जाते हैं। जिस उम्र में गिरना सीखने का हिस्सा होता है, वहाँ गिरना अपमान बना दिया गया। जिस उम्र में आँसू कमजोरी नहीं, सहज भावना होते हैं, वहाँ रोना 'ओवरऐक्टिंग' ठहराया गया। जिस उम्र में सबसे ज्यादा सहारा चाहिए होता है, वहाँ धमकी दी गई– 'टीसी बना देंगे।' सोचिए, बच्चे का सबसे बड़ा अपराध बस इतना था कि वह इंसान था—महसूस करने वाला, डरने वाला, टूटने वाला। और हमारे ही शिक्षा संस्थानों ने उसी 'इंसानियत' पर पहला वार किया। शौर्य की घटना हमें बताती है कि हमारे स्कूल आज बच्चों को गढ़ नहीं रहे—उन्हें तोड़ रहे हैं। हम अक्सर कहते हैं कि शिक्षक ईश्वर का रूप होते हैं। लेकिन क्या ईश्वर का रूप अपने ही बनाए बच्चे की रूह पर रोज़ चोट करता है? क्या ईश्वर बच्चों को इस तरह डराता है कि वे खुद से ही माफी माँगने लगें? शौर्य के साथ जो हुआ, वह 'अनुशासन' नहीं—एक सुनियोजित मानसिक हत्या का नक्शा है। सिर्फ़ शब्दों, तानों और अपमान से किसी भी बच्चे को धीरे-धीरे भीतर से तोड़ा जा सकता है—और यही हुआ है। और यह सिर्फ़ एक स्कूल की घटना नहीं। यह हर उस स्कूल की कहानी है जहाँ बच्चों को समझने के बजाय नियंत्रित किया जाता है। जहाँ शिक्षा एक प्रक्रिया नहीं—दबाव का कारख़ाना बन चुकी है। जहाँ शिक्षक ज्ञान से नहीं, कठोरता से अपनी मौजूदगी साबित करते हैं। जहाँ बच्चों का डर 'अनुशासन' कहकर सुरक्षित रखा जाता है, और उनकी चुप्पी 'परिपक्वता' मान ली जाती है। हम भूल गए हैं कि बच्चे पत्थर नहीं होते—वे हर ताना, हर अपमान, हर धमकी को महसूस करते हैं, भीतर जमा करते हैं, और जब वह बोझ असहनीय हो जाता है, तभी कहीं एक चिट्ठी जन्म लेती है... जैसे शौर्य ने लिखी। शौर्य की चिट्ठी कोई कागज़ का टुकड़ा नहीं; यह उन सभी घुटी हुई आवाज़ों का विस्फोट है जो रोज़ स्कूलों में दम तोड़ देती हैं। यह उन बच्चों का बयान है जो घर आकर चुप हो जाते हैं, जो रात में अचानक फूट पड़ते हैं, जिनके भीतर तूफ़ान उमड़ता है पर समझने वाला कोई नहीं होता। त्रासदी यह है कि हमारा समाज बच्चों के दर्द को 'झेलने' लायक मान लेता है—उनकी हँसी को सज़ा, उनके आँसुओं को अपराध बना देता है। और इस समाज की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि बच्चों के टूटने पर हम सहज कह देते हैं– 'ये दौर है, गुजर जाएगा।' सवाल यह है—कितने बच्चे गुजर जाएँगे? अगर किसी सभ्यता का भविष्य उसके बच्चों में बसता है, तो हमें स्वीकार करना होगा कि हमारा भविष्य खतरे में है। देश भर में छात्रों की आत्महत्याओं के आँकड़े महज़ आँकड़े नहीं—मदद की पुकार हैं। हर नंबर एक सन्नाटे में डूबी गोद है। हर घटना एक माटी हो चुके सपने का नाम है। और हर 'दुःख प्रकट' करने वाली प्रेस रिलीज़ हमारी बनावटी संवेदना का प्रमाण। अब इस ढहते हुए सिस्टम को सतही सुधारों से नहीं बदला जा सकता। ज़रूरत कठोर, निर्मम और तत्काल कदमों की है। हर स्कूल में प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता अनिवार्य हों– सिर्फ़ दिखावे के नहीं, वास्तविक सहायता के लिए। शिक्षकों को संवेदनशीलता का अनिवार्य प्रशिक्षण दिया जाए—क्योंकि ज्ञान बिना करुणा, हिंसा बन जाता है। बुलिंग (उत्पीड़न) पर जीरो-टॉलरेंस नीति लागू हो, चाहे दोषी विद्यार्थी हो या शिक्षक। स्कूलों का वातावरण ऐसा बने कि रोना शर्म न हो, टूटना उपहास न बने, और डरने पर न्याय मिले। और माता-पिता—यह चेतावनी आपके लिए भी है। बच्चों की चुप्पी को 'अजीब व्यवहार' मत समझिए। उनके बुझते चेहरे को 'जिद' मत कहिए। वे इसलिए नहीं बोलते क्योंकि उन्हें विश्वास हो चुका है कि कोई सुनेगा ही नहीं। उनकी रुलाई की काँपती आवाज़ को थाम लीजिए—इससे पहले कि वह एक चिट्ठी में बदल जाए। शौर्य लौटकर नहीं आएगा। उसकी जगह अब केवल एक खालीपन रहेगा—ऐसा खालीपन जो असहनीय है। मगर उसकी मौत को सिर्फ़ शोक की घटना बना देना, उसके प्रति दूसरी क्रूरता होगी। उसकी चिट्ठी हमें जलाने आई है—अगर अब भी न जले, न बदले, न सुधरे—तो अगली चिट्ठी भी किसी शौर्य द्वारा ही लिखी जाएगी। और तब हमारे पास रोने के सिवा कुछ नहीं बचेगा। शौर्य टूट चुका है। अब फ़ैसला हमें करना है—क्या हम अगले शौर्य को बचाएँगे, या उसके लिए भी केवल शोक-संदेश लिखेंगे?

**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## सड़क हादसे में मृत वाहन चालक की पत्नी ने खोला मोर्चा, वाहन स्वामी-समूह संचालक व ठेकेदार पर FIR दर्ज




**गोरखपुर (गोलाबाजार)।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुर के पास 15 नवंबर को हुए हादसे ने नया मोड़ ले लिया है। दुर्घटना में जान गंवाने वाले वाहन चालक पूरन की पत्नी आरती देवी निवासी वार्ड 4, दोहरीघाट (मऊ) ने वाहन स्वामी, समूह संचालक और ठेकेदार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आरती देवी की तहरीर के मुताबिक, घटना वाले दिन वाहन स्वामी संजय और समूह संचालक विशुन देव ने पूरन पर महिलाओं को उरुवा बाजार छोड़ने का दबाव बनाया। रात में लौटते समय शिवपुर के पास पुल निर्माण स्थल पर ठेकेदार द्वारा खोदा गया गहरा गड्ढा बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के खुला पड़ा था, जिसमें वाहन गिर गया। हादसे में पूरन की मौके पर मौत हो गई। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद संजय और विशुन देव ने पोस्टमार्टम न कराने के एवज में 10 लाख रुपये और बैंक में नौकरी देने का वादा किया, लेकिन बाद में मुकर गए। इससे उसके परिवार की आर्थिक स्थिति संकट में है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ ब्न्हस की धारा 106 के तहत स्न्ढ़क्रदर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में लापरवाही के चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं। पीड़ित परिवार न्याय और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग कर रहा है।

## वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइक सीज

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थानांतर्गत सेवतरी चौकी पुलिस ने शनिवार को क्षेत्र के झिंगटी स्थित बार्डर डेवलपमेंट रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध अपाची बाइकों को रोककर जांच-पड़ताल किया। पुलिस के जांच-पड़ताल में दोनों बाइकों का आरसी व बीमा समेत अन्य कागजात सही नहीं पाया गया। पुलिस ने मौके से बिना नंबर प्लेट की अपाची गाड़ी यूपी 56 बीई 4174 तथा यूपी 56 एडी 1015 को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल में जुट गई। पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद दोनों बाइकों को सीज कर दिया। इस सम्बंध में चौकी प्रभारी अभय कुमार उपाध्याय ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइकों का कागजात सही नहीं होने पर उसे सीज किया गया है।

## समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण करायें निस्तारण-एसपी



**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने थाना समाधान दिवस पर शनिवार को लीलापुर थाने पर फरियादियों की समस्याओं को सुना। पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों पर सुनवाई करते हुए मातहतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होने समाधान दिवस के बाद अपराध रजिस्टर, मालखाना, आगन्तुक पंजीकरण, शस्त्र रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, सीसी टीएनएस से सम्बन्धित अभिलेखों एवं उसके रखरखाव का निरीक्षण किया। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक को पारदर्शिता से जनता की समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के कड़े निर्देश दिये। थाना समाधान दिवस में कुल 12 शिकायतें आयी। जिनमें निस्तारण शून्य रहा। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय ने वांछित सूचनाएं उपलब्ध करायीं। वहीं कोतवाली लालगंज में कुल आयी छः समस्याएं में से एक का मौके पर निस्तारण कराया गया। यहां प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने सुनवाई की। वहीं सांगीपुर में आयी कुल 17 शिकायतो में दो का निस्तारण हुआ। वही उदयपुर में एक शिकायत आयी। जिसके निस्तारण के लिए टीम भेजी गयी।

## महिला से मारपीट

**ललितपुर।** थाना नाराहट के ग्राम पारौल में रहने वाली राजकुमारी पत्नी दुर्गा सिंह खंगार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते गुरूवार को शाम करीब 5 बजे वह अपने खेत से वापस घर लौट रही थी। तभी गांव में रहने वाला पुष्पेन्द्र पुत्र अमरेन्द्र उर्फ पप्पू लोधी आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर पुष्पेन्द्र ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

# विधायक ने किया गोला- हाजीपुर पुल का औचक निरीक्षण

### ●निर्माण की धीमी गति पर अधिकारियों को लगाई फटकार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोलाबाजार गोरखपुर-** चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने बहुप्रतीक्षित गोला हाजीपुर पुल के चल रहे निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण शुक्रवार को किया । विधायक ने मौके पर निर्माण कार्यो की धीमी गति पर नाराज़गी जताते हुए वहां पर उपस्थित अवर अभियंता अमित कन्नौजिया को फटकार लगाई.।और कहा .कि आखिर काम की गति इतनी धीमी क्यों है। इस पर अवर अभियंता ने बताया कि पिछले दो महीने से पीलर के आखिरी कुंए पर काम चल रहा है । वह काफी धीरे धीरे नीचे जा रहा था इसलिए थोड़ा बिलंब दिख रहा है अब काम मे तेजी आयेगी । आगे विधायक ने पुछा कि नदी के बीच मे जो एक पाया शेष है उसपर काम क्यों नही शुरू हुआ इस पर अवर अभियंता ने बताया कि नदी मे पानी ज्यादा होने के कारण अभी तक हम लोग उस पर काम नही कर पा रहे थे,अब जेसीबी से रास्ता बनाकर अस्थाई गाटर पुल बनाया जा रहा है जिससे दिसंबर मे उसपर भी काम शुरू हो जायेगा।

विधायक राजेश त्रिपाठी ने मोबाइल से आजमगढ और गोरखपुर के सेतुनिगम, पीडब्लूडी उच्चाधिकारियों से नाराज़गी जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने दिसंबर 2026 तक इस प्रोजेक्ट को हर हाल मे पुरा करने का निर्देश दिया है । ढाई सौ करोड के बाद दुबारा साढ़े तीन सौ करोड रूपये कैसे इस पुल के लिए लाया हूं मैं ही जानता हूं, मुझे हर हाल मे 2026 तक ये पुल चाहिए, मशीनरी व लेवर आप लोग बढाईये और काम को तेज करिये । इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी,पंडित विद्याधर पाण्डेय, मंटू दुबे, अभिषेक पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## कोहरे की वजह से यात्रियों की बढ़ी परेशानी, कई ट्रेनें रद

**कानपुर।** सर्दी में कोहरे से ट्रेनों की गति पर असर पड़ा है। ट्रेनें घंटों विलंबित हो रही हैं। इसकी वजह से यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा। सर्दी की वजह से कई ट्रेनों को निरस्त करने की घोषणा भी की गई है। कोहरे का असर लंबी दूरी की ट्रेनों पर अधिक पड़ रहा है। ट्रेनें पांच से 14 घंटे तक विलंबित होने लगी हैं। इसको लेकर यात्री अपनी यात्रा निरस्त करा रहे हैं। शनिवार को 973 यात्रियों ने यात्रा निरस्त कर दी। ट्रेन संख्या 04098 नई दिल्ली-हसनपुर रोड विशेष ट्रेन 15 घंटे विलंबित रही। ट्रेन संख्या अमृतसर-किशनगंज विशेष आठ घंटे, ट्रेन संख्या रक्सौल -उधना विशेष 11 घंटे, ट्रेन संख्या 04095 पाटलिपुत्र- आनंद विहार विशेष 11 घंटे ट्रेन संख्या 04097 हसनपुर रोड-ई दिल्ली विशेष आठ घंटे, ट्रेन संख्या 05733 अमृतसर-किशनगंज विशेष आठ घंटे, ट्रेन संख्या 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष छह घंटे विलंब से सेंट्रल स्टेशन पहुंची। यात्री मोबाइल ऐप के माध्यम से ट्रेनों की वास्तविक स्थिति का पता लगाते रहे। जो यात्री स्टेशन पहुंच गए थे वे पूछताछ काउंटर जानकारी करते रहे।

## खजनी समाधान दिवस का बुरा हाल: 6 मामले आए, निस्तारण शून्य- फरियादियों की सुनवाई पर उठे सवाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**खजनी, गोरखपुर —** खजनी थाना परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस शनिवार को सिर्फ औपचारिकता साबित हुआ। दूर-दराज़ से पहुंचे ग्रामीण घंटों तक अधिकारियों का इंतजार करते रहे, लेकिन सुनवाई की व्यवस्था न होने से लोगों में गहरा आक्रोश दिखा। भीड़ बढ़ती रही और फरियादी फाइलें हाथ में लिए इधर-उधर भटकते रहे। सुबह से पहुंचे ग्रामीण भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, रास्ता अवरोध, मारपीट और पुलिस कार्रवाई में देरी जैसी शिकायतें लेकर आए थे। उम्मीद थी कि समाधान दिवस में तत्काल कार्रवाई होगी, लेकिन अधिकारियों की अनुपस्थिति ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी। परिसर में बैठे फरियादियों ने बताया कि वे कई किलोमीटर दूर से यहां आए, लेकिन न सुनवाई हुई और न ही किसी अधिकारी ने आवेदन देखना उचित समझा। एक महिला फरियादी ने आरोप लगाया कि वह सुबह 9 बजे से बैठी हैं, लेकिन किसी ने उसकी अर्जी तक नहीं खोली। बुजुर्गों ने भी नाराज़गी जताते हुए कहा कि 'कागज दे दो, बाद में देखेंगे' जैसे जवाब मिल रहे हैं, जबकि समाधान दिवस का उद्देश्य मौके पर निस्तारण है। दिन समाप्त होने तक कुल 6 फरियादी अपने पत्रक देकर लौटे, लेकिन किसी का भी निस्तारण नहीं हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि समाधान दिवस अपनी मूल भावना खो रहा है और अधिकारी गंभीर नहीं हैं। लोगों ने मांग की कि अधिकारियों की अनिवार्य मौजूदगी सुनिश्चित कर प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए, ताकि फरियादियों को न्याय की वास्तविक उम्मीद मिल सके।

# पुलिस अधीक्षक ने किया परसामलिक थाने का औचक निरीक्षण

### ●अयोध्या में 25 नवंबर को धर्म ध्वजा की स्थापना कार्यक्रम को लेकर पुलिस अधीक्षक ने बार्डर का निरीक्षण कर किया संवेदनशीलता का मूल्यांकन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**रतनपुर/महराजगंज।** अयोध्या में 25 नवंबर मंगलवार को प्रधानमंत्री द्वारा धर्म ध्वजा की स्थापना कार्यक्रम को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी बरती जा रहा है। कार्यक्रम की राष्ट्रीय महत्वता और उच्च स्तरीय भागीदारी को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क मोड में है। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने शनिवार को परसामलिक थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाने की साफ-सफाई व क्षेत्र के धार्मिक स्थलों, संवेदनशील क्षेत्र, बैंक, एटीएम के साथ-साथ क्षेत्र के गुंडा, बदमाश तथा हिस्ट्रीशीटरों की लगातार चेकिंग कर शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपराधों के रोकथाम व शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण के अलावा सभी तरह की पेंडेंसी खत्म करने के निर्देशित दिए। पुलिस अधीक्षक ने धर्म ध्वजा रोहण कार्यक्रम के दृष्टिगत सभी बीट पुलिसकर्मियों को अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक भ्रमणशील रहने के सख्त निर्देश दिए।

**बार्डर का निरीक्षण कर किया संवेदनशीलता का मूल्यांकन**

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने परसामलिक थाने का निरीक्षण के बाद इंडो-नेपाल बॉर्डर क्षेत्र का निरीक्षण कर हाल जाना। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस बल एवं एसएसबी के साथ संयुक्त रूप से सीमा की संवेदनशीलता का मूल्यांकन किया। उन्होंने पुलिस व एसएसबी के जवानों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीमा पर आवागमन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सघन चेकिंग करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर कोताही या लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बल दिया कि आगामी 25 नवंबर को प्रधानमंत्री द्वारा अयोध्या के राम मंदिर में धर्म ध्वजारोहण कार्यक्रम के दृष्टिगत सीमा क्षेत्रों में सुरक्षा चक्र को और भी मजबूत किया जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह कार्यक्रम देश की प्रतिष्ठा और धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है। उन्होंने अधिकारियों को सतर्कता बढ़ाने तथा गश्त को मजबूत करने व बीट में भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए। इस दौरान थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, चौकी प्रभारी अभय कुमार उपाध्याय, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार यादव, संदीप कुमार समेत अन्य एसएसबी के जवान मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**गोंडा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार अन्तर्गत मेरा युवा भारत गोण्डा के तत्वाधान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता विकास खण्ड रुपईडीह के गंगा प्रसाद मिश्री लाल इण्टर कॉलेज कौड़िया में सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम प्रभारी विनय श्रीवास्तव प्रशिक्षक ने बताया कि दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता दो दिवसीय कराया गया। जिसमें दर्जनों टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन वालीबाल प्रतियोगिता , कबड्डी, बैड मेंटेन कराया गया। दूसरे दिन 400 मीटर दौड़ में बृजेश कुमार प्रथम, अनुपम पाण्डेय द्वितीय, चन्दन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में शिवानी प्रथम, नैन्सी द्वितीय, मानसी तिवारी तृतीय स्थान पर रही कुश्ती में सुनील प्रथम, शिवम मिश्रा द्वितीय स्थान धीमी गति साइकिलिंग में संध्या शाह प्रथम स्थान, आशा शर्मा द्वितीय स्थान पर रही । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ रेखा शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को शील्ड, ट्राफी, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि युवा देश के कल है इसलिए उनकी प्रतिभाओ को निखारने के लिए सरकार द्वारा समय समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर प्रबंधक कृष्ण गोपाल गुप्ता ने कहा कि खेल से हम अपने शरीर व मन - मस्तिस्क को स्वस्थ रख सकते हैं। प्रशिक्षक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि मेरा युवा भारत गोण्डा द्वारा युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने ब्लाक से नेशनल स्तर तक पहुंचाने का काम करती है। निर्णायक की भूमिका शिव शंकर आर्या, मनोज कुमार, विजय मिश्रा, रुकसाना जी ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कमलेश्वर पाठक ने मेरा युवा भारत के उद्देश्य एवं गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में विकास खण्ड रुपईडीह के छितौनी, पिपरा चौबे, जेठ पुरवा, बिछुड़ी, गुदगुदिया पुर, हरखा पुर पूरे पाठक, बनगाई, भैरम पुर, ,बेलवा भान, कौड़िया, लैबुडवा, ग्राम पंचायतो की टीमों ने भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविन्द यादव ने आए हुए सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।प्रतियोगिता में सुधाकर मिश्रा, इंदल, सिद्धार्थ, श्रवण, राम किशोर का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर पलक, सोनाली, रमन मिश्रा, अंश विश्वकर्मा, ज्योति, आदित्य, मुकुल श्रीवास्तव, अरुण, प्रीति, सहित विभिन्न ग्राम पंचायत से आए युवा मण्डल के सदस्य व विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## सूचना का अधिकार व्यवस्था को पारदर्शी बनाने में उपयोगी-राज्य सूचना आयुक्त

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्य सूचना आयुक्त ने शनिवार को यहां सूचना अधिकार 2005 को लेकर अधिवक्ताओ तथा प्रबुद्ध वर्ग के साथ संवाद किया। वही राज्य सूचाना आयुक्त के यहां अझारा लालगंज पहुंचने पर अधिवक्ताओं तथा सामाजिक संगठनो से जुडे लोगों ने स्वागत भी किया। राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी ने कहा कि सूचना का अधिकार व्यवस्था को पारदर्शिता बनाने में सर्वाधिक उपयोगी साबित हुआ है। उन्होने कहा कि प्रशासनिक इकाई में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सूचना के अधिकार को मजबूत आयाम दिया जा रहा है। उन्होने लोगों से कहा कि इन कानून के तहत यदि निर्धारित समय के भीतर उन्हें सूचना नही प्राप्त होती तो वह राज्य सूचना आयोग को शिकायत कर सकते हैं। कार्यक्रम में दीपेन्द्र तिवारी व पप्पू तिवारी ने राज्य सूचना आयुक्त का माल्यार्पण व शॉल तथा भगवान श्रीराम का चित्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। वहीं राज्य सूचना आयुक्त ने रानीगंज में भी अधिवक्ताओं, प्रबुद्ध वर्गो व मीडियाकर्मियों के साथ बैठक की।

# डीआईजी एस चनप्पा का औचक निरीक्षण: समाधान दिवस की पोल खुली, राजस्व विभाग नदारद—फरियादी मायूस लौटे

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ग़ोला बाजार गोरखपुर-** गोला थाना परिसर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस उस समय चर्चा का विषय बन गया जब डीआईजी गोरखपुर रेंज शिव शिप्पी चनप्पा ने अचानक थाने पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके औचक निरीक्षण ने एक बार फिर सिस्टम की सच्चाई उजागर कर दी—फरियादी थे, फरियाद थी, लेकिन समाधान के नाम पर हालात शून्य। दोपहर ठीक 12 बजकर 15 मिनट पर डीआईजी डॉ. चनप्पा अपने लाव-लश्कर के साथ गोला थाने में दाखिल हुए। थाने में समाधान दिवस का आयोजन चल रहा था, लेकिन राजस्व विभाग की भूमिका सवालों के घेरे में थी। कई मामलों में भूमि विवाद प्रमुख था, बावजूद इसके राजस्व विभाग का कोई सक्षम अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं था। फरियादी पंक्तिबद्ध थे, लेकिन उनकी सुनवाई अधूरी ही रह गई।

निरीक्षण के दौरान दो महत्वपूर्ण मामले सामने आए—एक कोपवा का और दूसरा ककरही का। दोनों फरियादी भूमि विवाद से त्रस्त थे और समाधान दिवस में न्याय की उम्मीद लेकर पहुंचे थे। डीआईजी ने दोनों की पीड़ा विस्तार से सुनी। लेकिन राजस्व अधिकारियों के अभाव में उनका प्रकरण कागजों से आगे बढ़ ही नहीं पाया। अधिकारियों की लापरवाही से नाराज़ डीआईजी ने मौके पर मौजूद टीम से सख्त लहजे में जवाब-तलबी भी की। थाना परिसर में समाधान दिवस की मॉनिटरिंग कर रहे कोतवाल राहुल शुक्ला और राजस्व निरीक्षक गिरिजेश यादव हालांकि मौजूद थे, लेकिन अधिकांश प्रकरणों में फैसले की जिम्मेदारी राजस्व विभाग के उच्चाधिकारियों की थी, जो अनुपस्थित रहे। नतीजतन, मौजूद सभी मामलों का निस्तारण शून्य रहा।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी एस एस चनप्पा ने कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष और मिशन शक्ति केंद्र का भी गहन निरीक्षण किया। पुलिस अभिलेखों, महिला सहायता कक्ष और तकनीकी सुविधाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने आवश्यक निर्देश भी दिए। लगभग एक बजे निरीक्षण पूरा कर डीआईजी का काफिला थाने से रवाना हुआ, लेकिन उनके इस औचक निरीक्षण ने व्यवस्था में व्याप्त ढिलाई की पोल खोल दी। समाधान दिवस, जो जनता के लिए उम्मीद का मंच है, वह राजस्व विभाग की उदासीनता के चलते खानापूर्ति बनकर रह गया। इस दौरान निरीक्षक अपराध विनय कुमार, राजस्व कर्मी अवधेश लाल, परमहंस, रामाश्रय प्रसाद सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे। फरियादियों की पीड़ा एक बार फिर यही प्रश्न छोड़ गई—जब अधिकारी ही उपस्थित न हों, तो समाधान दिवस आखिर किसके लिए?

## एकराय होकर युवक से मारपीट की



**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला रावतयाना चौकाबाग निवासी कृष्णा पुत्र सरमन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 17 नवम्बर को रात करीब 10 बजे वह घर के बाहर बैठा था। तभी मोहल्ला रामनगर निवासी मनीष उर्फ कालू पुत्र रामचरण कुशवाहा, राकेश उर्फ टोन पुत्र अज्जू, सनी व महेन्द्र पुत्रगण तोरण एकराय होकर आये और उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी,जिससे वह घायल हो गया। शोरगुल सुनकर जब उसके परिजन मौके पर आये तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## गोरखपुर में यातायात पुलिस की सख्ती: 781 वाहन चालकों पर कार्रवाई, 45,500 जुर्माना वसूला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**गोरखपुर।** यातायात माह के तहत शुक्रवार को गोरखपुर यातायात पुलिस ने शहर में दो मोर्चों पर बड़ा अभियान चलाया—स्कूलों में जागरूकता और सड़कों पर कड़ा प्रवर्तन। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक यातायात के नेतृत्व में टीमें सुबह से शाम तक सक्रिय रहीं। Tulsidas Memorial Catalyst Hybrid School में आयोजित यातायात शिक्षा पाठशाला में 356 छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। उन्हें ट्रैफिक संकेत, हेलमेट-सीटबेल्ट का महत्व और सड़क पार करने के सुरक्षित तरीके प्रोजेक्टर व डेमो के माध्यम से समझाए गए। अधिकारियों ने बच्चों से अपील की कि वे जागरूकता का संदेश अपने परिवार और समाज तक पहुंचाएं।

इधर शहर में विभिन्न चौराहों पर ऑटो, ई-रिक्शा और दोपहिया वाहनों की सघन चेकिंग की गई। यातायात तिराहे पर 137 ऑटो की जांच में 19 बिना परमिट, 09 बिना रजिस्ट्रेशन और 23 चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के मिले। नियमों के उल्लंघन पर 112 चालानों के साथ कई वाहनों को सीज किया गया। दोपहिया वाहनों पर भी कार्रवाई तेज रही। तीन सवारी ले जाने पर 41 तथा बिना हेलमेट 378 चालकों के खिलाफ चालान किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि हेलमेट नियमों में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। दिनभर में कुल 781 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए ?45,500 शमन शुल्क वसूला गया। पुलिस ने कहा कि सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## घघसरा गांव में दिल दहला देने वाली घटना: 21 वर्षीय युवती ने लगाया फांसी, बंद कमरे में लटका मिला शव - पुलिस जांच में जुटी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**गोरखपुर।** सहजनवां थाना क्षेत्र के घघसरा गांव में शनिवार सुबह एक ऐसी हृदयविदारक घटना सामने आई जिसने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया। 21 वर्षीय युवती पूनम सैनी ने अपने ही कमरे में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह जब घरवालों ने दरवाजा खटखटाया और भीतर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तब सभी के पैरों तले जमीन खिसक गई। कमरे के बगल बने जंगले से झांककर देखा गया तो पूनम दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकी मिली। सूचना पर सहजनवां थाना प्रभारी महेश कुमार चौबे, चौकी प्रभारी दुर्गेश कुमार सिंह तथा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच की। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया गया, जिससे प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने आवश्यक साक्ष्य संकलित किए और परिजनों से पूछताछ की।

मृतका के पिता प्रदीप सैनी के मुताबिक, शुक्रवार की रात पूनम परिवार के साथ भोजन करने के बाद हमेशा की तरह अपने कमरे में सोने चली गई थी। सुबह देर तक न जागने पर परिजनों ने आवाज देकर और दरवाजा खटखटाकर उसे जगाने की कोशिश की, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। संदेह होने पर जब जंगले से अंदर देखा गया तो सभी स्तब्ध रह गए। परिजनों ने बताया कि पूनम कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान रहती थी और अक्सर अकेले रहने लगी थी। हालांकि परिवारवालों को अंदेशा नहीं था कि वह इतना बड़ा कदम उठा लेगी। इस घटना ने पूरे परिवार के साथ गांव के लोगों को भी गहरे दुख में डाल दिया है। पूनम के पिता ने पुलिस से किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई न करने की मांग की और पंचायतनामा कर शव को अंतिम संस्कार के लिए सौंपने की गुजारिश की। ग्रामीणों एवं सम्मानित व्यक्तियों की मौजूदगी में पुलिस ने विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए शव परिजनों के हवाले कर दिया।

# रूद्रपुर में जाम हटवाने में प्रशासन पूरी तरह विफल

### ●-नासूर बन रहा खजुहा का जाम
### -ट्रकों की आवाजाही बढ़ रही समस्या

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**रूद्रपुर, देवरिया।** उपनगर का खजुहा चौराहा ट्रैफिक जाम का दूसरा नाम बन गया है और नासूर बनता जा रहा है।त्योहारों में कौन कहे सामान्य दिनों में भी चौराहे पर घण्टों जाम लगता है। जिससे चौराहे पर तू-तू-मैं-मैं की स्थिति पैदा हो जाती है। खजुहा चौराहा रुद्रपुर नगर का सबसे व्यस्ततम चौराहा साबित हो रहा है। रुद्रपुर से बड़हलगंज के रास्ते बनारस की तरफ जाने वाली सभी बड़ी ट्रकें नजदीक होने के कारण रुद्रपुर उपनगर से ही होकर गुजर रही हैं। हालांकि गौरी बाजार रुद्रपुर मार्ग पर दुग्धेश्वर नाथ मंदिर के पास बाईपास बना हुआ है किंतु ज्यादातर ट्रक वाले बाईपास से नहीं जा रहे हैं। खजुहा चौराहा एक तो संकरा है ऊपर से बसों और ट्रकों की भीड़ के नाते दिन में अक्सर जाम ही रहता है। दूसरी तरफ असीमित ई रिक्शा चालक भी जाम को बढ़ावा दे रहे हैं। कुछ स्थायी ठेले वाले सड़क कब्ज़ा किये हैं। जाम के बावजूद चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की कोई व्यवस्था नहीं है।ट्रैफिक जाम से जहां एक तरफ राहगीर परेशान है वहीं चौराहे की दुकानदार भी खासे परेशान हैं। जाम के झाम से निजात दिलाने में पुलिस प्रशासन अक्षम साबित हो रहा है। कभी-कभार चौराहे पर एक दो होमगार्ड की ड्यूटी लगा दी जाती है किंतु ना तो नगर पंचायत प्रशासन और ना ही कोतवाली पुलिस कोई ठोस उपाय कर रही है। सुबह और शाम स्कूलों की छुट्टियों के समय चौराहे पर भयंकर जाम लग रहा है। यदि कोई एम्बुलेंस जाम में फंस जाय तो किसी मरीज की जान भी जा सकती है। दबी जुबान लोगों का कहना है कि पुलिस पैसा लेकर ट्रकों को खजुहा चौराहे से पास करा रही है। चौराहे के दुकानदार जनप्रतिनिधियों को कोस रहे हैं। जाम की लगातार खबर छपने के बाद प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया था किन्तु उन्होंने मनमानी करना शुरू कर दिया। पटरी खाली कराने बहाने ज्यादती की गई। विधायक जयप्रकाश निषाद के हस्तक्षेप के बाद अतिक्रमण की कार्रवाई रोक दी गई और प्रशासन तमाशबीन बन गया। शुक्रवार को खजुहा चौराहे पर दो घण्टे तक जाम लगा रहा और प्रशासन कुम्भकर्णी नींद सोता रहा।

## बधूपुर बाजार में मुलायम सिंह यादव की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम सम्पन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लंभुआ, सुल्तानपुर।** समाजवादी आंदोलन के पुरोधा, देश के पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सोमवार को लंभुआ तहसील क्षेत्र के बधूपुर बाजार स्थित कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने हमेशा किसानों, गरीबों, मजदूरों और वंचितों की आवाज को बुलंद किया। देश की राजनीति में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनके द्वारा किए गए सामाजिक और राजनीतिक कार्यों को पीढ़ियाँ याद रखेंगी। इस अवसर पर मौजूद समाजवादी कार्यकर्ताओं ने उनके बताये रास्ते पर चलने और समाजवादी मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया। मौके पर राम सहाय यादव, सुभाष यादव, प्रमोद सिंह, संजय यादव, अनिल यादव समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मुलायम सिंह यादव के व्यक्तित्व और संघर्षों को प्रेरणादायक बताते हुए उनकी जयंती को समाजवादी विचारधारा के प्रति समर्पण दिवस के रूप में मनाने की बात कही। कार्यक्रम शांतिपूर्वक और श्रद्धाभाव के साथ सम्पन्न हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### बच्चों संग मायके गई थी पत्नी, मोबाइल पर बात करने के बाद युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या



**नारखी।** युवक ने पत्नी से मोबाइल पर बात करने के बाद अपने कमरे में तमंचे से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो वह खून से लथपथ पड़ा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पत्नी अपने बच्चों के साथ शादी समारोह में शामिल होने गई है मायके**

नारखी में गांव बजीरपुर कोटला निवासी 26 वर्षीय सौरव ने शुक्रवार रात आठ बजे घर के कमरे में गोली मार ली। उसकी घटनास्थल पर मृत्यु हो गई। गांव के लोगों ने बताया कि सौरभ मजदूरी करता था। उसके दो बच्चे हैं। पत्नी के मायके में शादी है। वह बच्चों को लेकर दो दिन पहले मायके गई थी। रात में सौरभ घर पहुंचा। उसने पत्नी से मोबाइल पर बात की। इसके बाद ही उसने गोली मार ली। दो वर्ष पहले सौरभ के पिता की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। थानाध्यक्ष राकेश गिरी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में गोली मारकर आत्महत्या की बात सामने आई है। जांच की जा रही है।

### कोर्ट में घुसकर अधिवक्ता ने न्यायिक अधिकारी को दी धमकी, नशे में फेंकीं फाइल, मुकदमा दर्ज

**फिरोजाबाद।** न्यायालय में घुसकर अधिवक्ता ने महिला न्यायिक अधिकारी को धमकी दी। कोर्ट कर्मचारियों ने रोकने का प्रयास किया तो उनके साथ मारपीट और धक्का-मुक्की की। आरोप है कि शराब के नशे में पहुंचे अधिवक्ता ने कोर्ट में फाइल भी फेंक दी। पेशकार ने अधिवक्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। न्यायालय प्रथम अपर सिविल जज (जू.डि.) शिकोहाबाद के कोर्ट पेशकार विनीत कुमार ने तहरीर में बताया है कि 17 नवंबर को दोपहर 1.30 बजे अधिवक्ता आरएस यादव न्यायालय में आए। वह पीठासीन अधिकारी से मिलने की जिद करने लगे। इस पर उन्हें बताया गया कि अधिकारी अभी लंच कर रही हैं। उनसे पूछकर वह उन्हें मोबाइल पर बता देंगे। शाम पांच बजे उन्हें फोन से सूचना दी। आरोप है कि अधिवक्ता यादव नशे की हालत में न्यायालय में आए। फाइलों को उठाकर फेंकने लगे। वह न्यायिक अधिकारी के चैंबर में जाने लगे। इस पर अर्दली संदीप कुमार ने रोका तो उसे धक्का मारते हुए चैंबर में घुस गए।

**न्यायिक अधिकारी ने जताई नाराजगी**

न्यायिक अधिकारी ने नाराजगी जताई तो गुस्से में अभद्र टिप्पणी करने लगे। धमकी देने लगे। रोकने पर मारपीट करने पर आमादा हो गए। कोर्ट मोहर्रिर हरिकेश को धक्का मारा और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। न्यायिक अधिकारी के आदेश पर पेशकार ने मटसेना थाने में तहरीर दी है। तहरीर पर 18 नवंबर को मुकदमा दर्ज कर लिया गया। अपर सिविल जज (जूडि), कोर्ट संख्या-दो न्यायालय के लिपिक महंत सिंह पटेल ने भी तहरीर दी है कि पीठासीन अधिकारी प्रशांत के न्यायालय में रिमांड ड्यूटी के लिए आए थे। उसी समय अधिवक्ता राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू यादव न्यायालय में आकर अभद्र टिप्पणी करने लगे। लिपिक और अर्दली गजेंद्र सिंह ने रोकने का प्रयास किया तो धक्का-मुक्की, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थानाध्यक्ष विमिलेश त्रिपाठी ने बताया कि दोनों मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

### फिरोजाबाद में 40 स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे, पुलिस रख सकेगी संदिग्धों पर आसानी से नजर



**शिकोहाबाद (फिरोजाबाद)।** सर्दी में संदिग्धों की निगरानी कर वारदातों में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस ने विभिन्न इलाकों में 40 सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए हैं। इनमें से 25 कैमरों का डीवीआर थाने में, जबकि अन्य का स्थानीय लोगों के घरों पर लगवाया गया है। उच्च गुणवत्ता वाले कैमरों की वजह से अब कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या अपराधी पुलिस की निगरानी से नहीं बच सकेगा। इससे नगर की सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने बताया कि नगर के विभिन्न चौराहों पर लगे पुराने कैमरे खराब हो गए थे, जिन्हें अब रिपेयरिंग कर पुनः चालू कर दिया गया है। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर नए कैमरे भी लगाए गए हैं। सुभाष तिराहा, एटा तिराहा, मैनपुरी चौराहा, तहसील तिराहा, स्टेशन रोड और डाहिनी पुलिया सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर चार-चार कैमरे लगाए गए हैं। कैमरों की कमांड कोतवाली स्थित कंट्रोल सेंटर से संचालित की जाएगी। वहां से एक आपरेटर लगातार निगरानी रखेगा।

# मानकों को दरकिनार करके करवाया जा रहा आंगनबाड़ी केंद्र का गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य

**● ग्राम प्रधान की दबंगई के आगे बौने साबित हो रहे शासन के आदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** एक तरफ जहां सुबे के मुखिया निर्माण कार्यों में लापरवाही एवं गुणवत्ता से खिलवाड़ करने वाले जिम्मेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने व गुणवत्ता से कोई समझौता न करने के सख्त फरमान अपने मातहतो को जारी किए जा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ ब्लॉक बिजु आ की ग्राम पंचायत बहादुर नगर के ग्राम सिमरिया में कराए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्र में मानकों को ताक पर रखकर गुणवत्ता विहीन निर्माण दोयम दर्ज की ईट लगाकर शासन के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार इसकी जानकारी खंड विकास अधिकारी विजुआ को होने के बाद भी उन्हें शासन के आदेशों का मजाक उड़ते दिखाई नहीं पड़ रहा है ।शायद ग्राम प्रधान काके पर शासन के आदेश प्रभावित न होते हों। सूत्र बताते हैं उक्त आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण को प्रकाशित कराए गए टेंडर व एस्टीमेट में फर्स्ट क्लास ईट व रोड़ा होने के बावजूद प्रधान व पंचायत सचिव ने मिली भगत करके दोयम दर्जे की ईट जिसमें पीला ,दोम ईट का खुलेआम प्रयोग किया जा रहा है इतना ही नहीं चुनाई.में भी मसाला घटिया किस्म का लगाए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है। ग्रामीणों का आरोप है कि गुणवत्ता विहीन कराए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण कार्य में भवन कितने दिन तक चलेगा यह समय से पहले ही भरभरा कर ढह जाने की आशंका बनी रहेगी।

मामले की यदि जांच टीम बनाकर करा ली जाए निष्पक्ष जांच तो लगाई गई सामग्री और एस्टीमेट में वर्णित सामग्री के बीच किए गए खेल एवं निम्न गुणवत्ता का निर्माण कराए जाने के मामले का खुलासा होना तय है। ग्रामीणों के बताएं अनुसार उपरोक्त मामले पर ग्राम प्रधान का कहना है की ऐसी खबरें रोजाना छपा करती हैं इससे क्या फर्क पड़ता है ?सभी जगह इसी तरीके से निर्माण कराया जाता है और ऊपर तक हिस्सा देना पड़ता है।

## बड़ा सरखना की सड़कें बदहाल, ग्रामीण परेशान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पलियाकलां-खीरी।** क्षेत्र के बड़ा सरखना गांव की मुख्य सड़कों पर इन दिनों बिना बारिश के ही जलभराव की स्थिति बनी हुई है। मौसम सामान्य होने के बावजूद सड़कें तालाब जैसी दिख रही हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और किसानों का आवागमन सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलभराव की यह समस्या नई नहीं है, लेकिन ग्राम प्रधान की लापरवाही के चलते सड़क का निर्माण अब तक शुरू नहीं हो सका। गांव में जलनिकासी की कोई ठोस व्यवस्था न होने से मामूली नमी या नलकूप के पानी के कारण भी सड़कें दलदल में बदल जाती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद न तो सड़क निर्माण शुरू हुआ और न ही अस्थायी रूप से जलनिकासी का समाधान किया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सड़क निर्माण कराने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। गांव की बदहाली से स्थानीय लोग नाराज हैं और उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

## ट्रैक्टर का एक्सल टूटने से कमल चौराहा पर लगा जाम

**पलियाकलां-खीरी।** नगर के व्यस्ततम कमल चौराहा पर शुक्रवार दोपहर एक ट्रैक्टर का पिछला पहिया का एक्सल अचानक टूट गया। हादसे के चलतेजब ट्रैक्टर बीच सड़क पर ही फंस गया, जिसके कारण घंटों तक यातायात बाधित रहा।चौराहा शहर के प्रमुख मार्गों को जोड़ता है, इसलिए सड़क जाम होने से राहगीरों, स्कूली छात्रों, मरीजों और कार्यालयों को जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन लंबे समय तक जाम में फंसे रहे।सूचना के बाद भी अभी तक ट्रैक्टर को हटाया नहीं जा सका है, जिससे समस्या बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तुरंत ट्रैक्टर हटवाकर यातायात बहाल करने की मांग की है।

## .साकार ने महिला सशक्तिकरण के दो साल बेमिसाल पूरे होने पर किया समारोह का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** महिला सशक्तिकरण के दो दशकों का सफर पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, एक निजी बैंकट हॉल में महिला सशक्तिकरण के दो दशकों का सफर पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। साकार संस्था एक सामाजिक संगठन है, जो बरेली जिले के 11 ब्लॉकों के 190 गांवों में महिलाओं के अधिकार, किशोरी सशक्तिकरण, लैंगिक समानता तथा महिला हिंसा विरोधी महत्वपूर्ण विषयों पर पिछले 20 वर्षों से निरंतर कार्य कर रही है। जिसकी नींव संस्था निदेशक शिल्पी , संस्था सचिव नितिका के द्वारा 2005 में रखी गई थी। आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य मती पुष्पा पांडेय उपस्थित रहीं । उन्होंने संस्था के दो दशकों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं और किशोरियों की सक्रिय भागीदारी ही सामाजिक विकास और सकारात्मक परिवर्तन का आधार है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में एडीओ पंचायत बिथरी चैनपुर शिखर गुप्ता, रेलवे स्टेडियम सचिव गीता शर्मा, वन स्टॉप सेंटर मैनेजर चंचल गंगवार और रिंकी सैनी उपस्थित रहीं। इसके अलावा अन्य जिले की संस्थाओं के प्रतिनिधियों वंनागना से अवधेश गुप्ता, सदभावना ट्रस्ट से उजमा व अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में संस्था के बोर्ड सदस्यों में दिल्ली से डॉश मधुमिता दास, डॉश संध्या सक्सेना व संस्था के संस्थापक सदस्यों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम में समुदाय की महिलाओं और किशोरियों ने अपने पुराने अनुभवों और दो दशकों के सफर में आने वाली सामाजिक चुनौतियों और मुश्किलों को साझा किया। जिसमे उन्होंने बताया कि साकार संस्था से जुड़कर हम अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर जीवन में आगे बढ़ रहे हैं और महिला हिंसा के विरोध में संगठित हो रहे हैं। किशोरियों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया जो की विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसने दर्शकों को सामाजिक जेंडर भेदभाव के प्रति संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी ने साकार संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की और सामाजिक परिवर्तन की इस निरंतर यात्रा के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

## मारपीट के दो दिन बाद घायल महिला की मौत

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थाना गोला क्षेत्र के गांव बक्खारी झाला में बीते बुधवार को प्रेमप्रसंग में शादी के बाद लड़की द्वारा दूसरी शादी करने के बाद उपजे विवाद के बाद हुई मारपीट में घायल महिला राजकुमारी (60) पत्नी कल्लू की दो दिन चले इलाज के बाद शनिवार सुबह घर पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतका के बेटे दीपक व उसी गांव के प्रेमचन्द्र की बेटी रोहिनी से प्रेमविवाह किया था। रोहिनी ने पुनः दूसरे लड़के से शादी कर ली, जिससे मृतका का लड़का दीपक विपक्षी प्रेमचन्द्र के घर रोहिनी से अपना मोबाइल व रूपये वापस मांगने गया था, जिसको प्रेमचन्द्र व उसके परिवारीजनों ने लड़के के साथ गाली-गलौज की, गांव की ही गोदरी पुत्र बनवारी, गोदरी का दामाद व बेटियों एक राय होकर की राजकुमारी पत्नी कल्लू देते हुए लात घूसों व लाठी डंडे से मार पीट हुई थी जिससे मृतका के शरीर में गंभीर चोटें आई थी।सूचना पर पहुंची गोला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# वन विभाग सरकारी जमीन पर दबंग भू माफियाओं ने किया अवैध कब्जा

**● सैकड़ो एकड़ जमीन पर फसल भू माफिया ने लगा रखी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** दुधवा नेशनल पार्क के सफर जोन में खैरटिया/अनूप नगर वन बीट बेलरायां/करतानिया में वन विभाग की सरकारी जमीन पर दबंग भू-माफियायों ने अवैध कब्जा करके भू माफियों के चंगुल मे वन विभाग की सैकडो एकड़ जमीन पर धान गन्ना गेहु की फसल लहलहा रही है। लखीमपुर खीरी के इंडो नेपाल बोर्डर से सटी बेलरायां रेंज के थाना तिकुनिया के खैरटिया के अनूप नगर में वन विभाग की हजारों एकड़ जमीन जिसमें हरे भरे पेंड लगे हुए है। उसी जमीन पर वन विभाग के विशाल काय वृक्ष लगे थे। वक्त के साथ ही धीरे-धीरे से सैकडों एकड़ क्षेत्रफल की भूमि से पेंड पौधे गायब हो। अब उसमे गैंहू की फसल बोई जा चुकी है सूत्र बताते हैं की उक्त जमीन सैकड़ो एकड़ बहराइच के कर्तानिया वन बीट की है। जिसपे भू माफियाओं का कब्जा है और सैकड़ो एकड़ वन बीट बेलरायां की भी है जिस पर रसूखदार लोगो का ही कब्जा हो चुका है। सवाल इस बात का है की सैकड़ो एकड़ जमीन जो वन विभाग की है उसपे भू-माफियाओं का कब्जा है। तो वन के राजा शेर, चीता, पारवासी पक्षी, विदेशी पक्षी, सायवेरिन कहाँ जाऐगें। उनका बसेरा छीन जाने पर विलुप्त होते जा रहे।जंगल राजा शेर विदेशी पछी अगर ऐसे माफिया राज करेंगे तो एक दिन जंगल का अस्तित्व खतम हो जायेगा योगी सरकार का फरमान की सरकारी जमीन पर से कब्जा हटाया कर जमीन को कब्जा मुक्त करने का फरमान जारी किया है। लेकिन सरकारी आदेश की खुलेआम धज्जिया उड़ाई जा रही है। योगी सरकार का फरमान है सरकारी अवैध कब्जे भूमि पर जमीन को भूद्वमाफिययों के चुंगल से छुड़ाने के लिए एंटी भू-माफिया टाक्स फोर्स का गठन किया गया है। बताया जाता है कि सरकारी की नदी के उसपार वन विभाग एवं राजस्व के कर्मचारी तो जाते हैं लेकिन देख कर भी अंजान बने रहते। क्योंकि कोई बड़ा अधिकारी उसपार जाता है तो छोटे कर्मचारी मौके पे ले जाने मे दिशा परिवर्तन कर ले जाते है। उप प्रभागीय वनाअधिकारी बेलरायां भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि वन विभाग की जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए वनविभाग राजस्व विभाग के साथ शिमाकन कर रहा है। सीमांकन कीकरवाई पूरी होने के बाद जमीन को कब्जा मुक्त कर लिया जाएगा।

## वरिष्ठ जनों ने किया नगर पालिका द्वारा नवनिर्मित सी0 सी0 रोड का उद्घाटन



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** शनिवार 22 नवम्बर को 15 वें वित्त योजना से कोटवारा रोड से एमआरएफ सेंटर तक बनी सी0 सी0 रोड का सिल्वर सिटी एकेडमी के प्रबंधक हरमोहन खुराना ,शिक्षक राज कुमार मिश्रा ,गुरबाज सिंह ने पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की मौजूदगी में आचार्य लवकुश शास्त्री के द्वारा मन्त्रोच्चारण, पूजन से उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि,' इस रोड के बनने से एमआरएफ सेंटर तक नगर का कूडा सुगमता से पहुंच सकेगा। इस अवसर पर राम गुलाम पाण्डेय ,सभासद सुफियान खान,खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, जे ई सिविल अनिल यादव,शत्रोहन मिश्रा, रविन्द्र कटियार, काके सहगल, महेश पटवारी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# मौलाना तौकीर के करीबी आरिफ की अवैध मार्केट एवं शोरूम पर चला बुलडोजर



**● बिना नक्शा स्वीकृत कराये मनाली मार्केट जांच में पकड़ा गया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**सितंबर में हुए बवाल के मास्टरमाइंड मौलाना तौकीर राजा के करीबी कॉलोनी आरिफ पर प्रशासन ने कसा शिकंजा बी डी ए चलवा दिया बुलडोजर 26 सितंबर को बरेली शहर का माहौल खराब करने के जिम्मेदार मौलाना तौकीर राजा के कृत से उनके करीबियों पर भी प्रशासन ने कार्यवाही करना प्रारंभ कर दिया है । इसी के तहत आज बरेली पीलीभीत मार्ग पर स्थित मार्केट की 15 दुकान एवं दो बड़े शोरूम पर कार्यवाही करते हुए बुलडोजर चलाया गया जिससे दहशत फैल गई बी डी ए के उपाध्यक्ष डा मनिकंडन ने बताया आरिफ के द्वारा जगतपुर की मार्केट का निर्माण बिना नक्शा स्वीकृत कराये किया गया था जिसकी जांच होने पर अवैध पाया गया इसी के तहत अवैध मार्केट एवं शोरूम पर बुलडोजर चलाकर हटाने का कार्य किया गया।

# हवन-पूजन के साथ नवनिर्मित त्रिवेणी शुगर एंड केमिकल्स प्रा. लि. में डोंगा पूजन सम्पन्न, पेराई शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बरेली/** पीलीभीत/ बहेड़ी/परेवा वैश्य बहादुरगंज बार्डर पर बनी नवनिर्मित त्रिवेटीनाथ शुगर एंड केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड में शुक्रवार को विधिवत हवन-पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच डोंगा पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री संजय सिंह गंगवार रहे। इस अवसर पर बरेली के सांसद छत्रपाल गंगवार, बरेली कैंट विधायक संजीव अग्रवाल विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य जिला पंचायत अध्यक्षा रश्मि पटेल, पूर्व विधायक राजेश मिश्रा पप्पू भरतौल जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्षा ऊषा गंगवार सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। पूजन कार्यक्रम के दौरान मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि नई चीनी मिल के शुरू होने से क्षेत्रीय किसानों को गन्ना तौल और आपूर्ति में राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए गन्ना मूल्य का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने बताया कि मिल के संचालन से क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। मिल संचालक मंडल के अध्यक्ष रामसेवक भारद्वाज ने बताया कि मिल की सभी तकनीकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और 24 नवंबर से पेराई कार्य विधिवत प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए पारदर्शी तौल प्रणाली, गन्ना आपूर्ति व्यवस्था और ऑनलाइन भुगतान तंत्र को और मजबूत किया गया है। इस दौरान सांसद छत्रपाल गंगवार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने मिल परिसर का निरीक्षण किया और किसानों को आश्वस्त किया कि नई मिल क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाएगी। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मिल के शुरू होने से आसपास के गांवों में रोजगार, परिवहन और छोटे व्यवसायों को भी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने मिल शुभारंभ को क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि बताया। मिल प्रशासन ने किसानों को पर्ची वितरण, तौल, गन्ना खरीद और भुगतान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अंत में मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का मिल प्रबंधन के द्वारा शाल बुकें देकर स्वागत किया गया इस अवसर पर भाजपा बरेली जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा एसपी सिटी बरेली मानुष पारिख, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बरेली मुकेश मिश्रा,। जिला गन्ना अधिकारी दिलीप सैनी, बहेड़ी गन्ना विकास समिति अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, गन्ना समिति भुडिया अध्यक्ष महेंद्र पाल, पीलीभीत गन्ना समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बहेड़ी संजय राव, सचिव गन्ना विकास समिति बहेड़ी राजीव सेठ, भुडिया सचिव अत्तरबीर सिंह, ब्लॉक प्रमुख बहेड़ी गोल्डी, पूर्व ब्लाक प्रमुख शेरगढ़ भूपेंद्र कुर्मी, चीनी मिल संचालक मंडल के अश्वनी जी, सीताराम मोहता, रामदयाल मोहता,बनवारी लाल मोहता ,अमित मोहता,आशीष भारद्वाज, अतुल भारद्वाज, श्री कृष्णा,चीनी मिल मुख्य महाप्रबंधक विनोद कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना)सुरेंद्र उपाध्याय, सहित क्षेत्र के किसान नरपत मौर्य, सुरेंद्र गंगवार, बन्ने खान, बीरन खान, इदरीस खान, राजेश गंगवार, राजेश गुप्ता, पीतम राम भारती,सरदार जसकरण सिंह ,अमरजीत सिंह, सरदार प्रगट सिंह ,सहित हजारों की तादाद में किसान मौजूद रहे।

## चलती ट्रेन से बैग खींच ले गए चोर, बैग में थी हीरे की अंगूठी और मोबाइल

**फिरोजाबाद।** एक महिला यात्री का बैग फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन को क्रॉस करते समय ट्रेन की गति कम होने पर चोरों ने खिड़की से हाथ डालकर खींच लिया और फरार हो गए। बैग में हीरे की अंगूठी, मोबाइल और अन्य समान्य था। पीड़ित ने दिल्ली पहुंचने पर आनंद विहार स्टेशन पर सूचना दी। अब फिरोजाबाद जीआरपी प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। नई दिल्ली में साउथ अनारकली एक्सटेंशन कृष्णानगर निवासी रवि दहिया ने तहरीर दी है कि वह पत्नी के साथ 23 अक्टूबर को रीवा-आनंद विहार टर्मिनल सुपरफास्ट एक्सप्रेस से सतना से आनंद विहार रेलवे स्टेशन जा रहे थे। एस टू कोच में उनका आरक्षित सीट थी। ट्रेन फिरोजाबाद स्टेशन को क्रॉस करते समय धीमी हो गई। इसी दौरान खिड़की से हाथ डालकर बदमाश सीट पर रखा बैग खीच ले गए। जब तक शोर मचाते ट्रेन आगे निकल गई। बैग में हीरे की अंगूठी, मोबाइल और अन्य सामान था।

## बीआरपी पद के लिए लिखित परीक्षा सम्पन्न

**● शनिवार को पलिया के ब्लाक सभागार में 43 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पलियाकलां-खीरी।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) के रिक्त पदों के लिए शनिवार को पलिया ब्लॉक सभागार में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में कुल 43 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। विभाग द्वारा जारी रिक्तियों के लिए बड़ी संख्या में आवेदन आए थे, जिनमें से चयनित अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में शामिल किया गया। ब्लॉक मिशन मैनेजर विमल कुमार ने बताया कि बीआरपी पद पर चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को जिला स्तर पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण देने की जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मिशन का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराना है।परीक्षा आयोजन के दौरान खंड विकास अधिकारी सर्वेश तिवारी, सहायक विकास अधिकारी जमालुद्दीन, मिशन मैनेजर सतीश सिंह, यंग प्रोफेशनल शरीक राजा, ग्राम पंचायत अधिकारी अनन्या सिंह एवं संदीप मौर्य सहित नारी शक्ति संकुल स्तर संघ की पदाधिकारी उषा देवी करुणा और मास्टर बुक कीपर अरुण कुमार नागेश मौजूद रहे।

## आखिर खमरिया की जांच से क्यो बचते नजर आ रहे डी.पी.आर.ओ.व डी.सी मनरेगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मैगलगंज खीरी।** विकासखंड पसगामा की बहुचर्चित ग्राम पंचायत खमरिया में सड़क और चबूतरा निर्माण के नाम पर फर्जी तरीके से किए गए लाखों के सरकारी धन गण की जांच किया जाना ग्रामीणों की प्रमुख मार्ग बनी है इसके बावजूद भी अधिकारियों के कान पर जून तक नहीं देख रहा है सूत्र बताते हैं मामले की दर्जनों शिकायतें की गई है लेकिन ऊपर तक चल रही साथ घाट के चलते सभी शिकायतों में ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा बगैर जांच के मनमाने तरीके से फर्जी जांच अच्छा लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह किया जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारी मामले की जांच करने से बचते नजर आ रहे हैं आखिर क्यों हम सवाल बना हुआ है। यदि केवल नल रिबोर और मरम्मत सहित साफ सफा ई दबा छिडकाव की करा ली जाय निष्पक्ष जांच तो कई ईमानदार चेहरे होंगे बेनकाब- ग्राम पंचायत खमरिया में अधूरे करनोवा कार्यों पर काम दिखाकर पैसे का बंदर बात कर लिए जाने का मामला भले ही अखबारी सुर्खियां बना है और इसकी निगरानी को नियुक्त किए गए जिम्मेदार अधिकारी अपनी कुंभकर्णी नींद में सोए दिखाई पड़ रहे हैं सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड पसगवां की ग्राम पंचायत खमरिया में हैंडपंप मरम्मत और रिपोर्ट के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान निकाल कर बंदर बांट कर लिया गया सच पर जल योजना के अंतर्गत हर साल लाखों का भुगतान तो निकल गया पर गांव के काफी लोग आज भी पीने के पानी को दूर-दूर से पानी भरकर लाने को भी बस दिखाई पड़ रहे हैं। इतना ही नहीं कई नालों से गंदा और दूषित पानी निकल रहा है जो नाल रिपोर्ट और मरम्मत की पोल खोलने को काफी है ग्राम पंचायत खमरिया व डाकिया रूप में कई नल खराब पड़े बताए जाते हैं अधिकारियों की मिली भगत से बगैर कार्य कराए महज कागजों पर काम दिखाकर पैसा निकल जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है प्रधान पूनम देवी और पंचायत सचिव पर विकास के नाम पर धन निकालकर आपस में बंदर बात किए जाने के ग्रामीणों द्वारा आरोप लगाए गए हैं देखा जाए तो कई योजनाओं में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है चाहे वह स्ट्रीट लाइट खरीद का मामला हो या फिर हम पाइप खरीद तथा दवा छिड़काव और साफ सफाई अथवा ठेलिया खरीद का मामला हो। ग्रामीणों में सुशील कुमार मिश्रा मुन्नालाल सहित तमाम ग्रामीणों के बताएं अनुसार ग्राम पंचायत खमरिया में ब्रह्मा देव पर चबूतरा निर्माण के नाम पर हजारों रुपए निकाल कर बंदर बांट कर लिया गया लेकिन हकीकत के जमीन पर चबूतरे का निर्माण आज तक नहीं कराया गया है यह पहली घटना नहीं है इसके साथ ही प्रेम कुमार के खेत से कामता के खेत तक रास्ता निर्माण कागजों पर दिखाकर भारी भरकम बजट निकल गया है रास्ता कहां बनवाया गया यह पंचायत सचिव तक को शायद पता नहीं है ऐसा ग्रामीणों का आरोप है ग्रामीणों का कहना है यदि जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल कारण मामले की निष्पक्ष जांच तो लाखों का घोटाला आएगा सामने और कई लोगों पर आएगी कार्रवाई की आंच ।अब देखना यह है कि जिले की ईमानदार जानी जाने वाली जिला अधिकारी द्वारा उपरोक्त मामले पर क्या कार्रवाई की जाती है?

**क्या कहते हैं डी सी मनरेगा–** उक्त मामले की जानकारी जब डी.सी.मनरेगा अमित कुमार सिह परिहार से चाही गयी तो उनहोने बताया मामला अब संज्ञान मे आया है जांच करायी जायेगी और जांच मे दोषी पाये जाने वालो के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी ।आप शिकायत की कापी भिजवा दीजिये।

# संक्षिप्त खबरें

## 30 नवंबर व 1 दिसंबर को औराई में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन

**भदोही।** जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि विधान सभा क्षेत्र स्तर पर विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन इस वर्ष तीनों विधान सभाओं में किया जा रहा है। इसी क्रम में औराई विधानसभा क्षेत्र में प्रतियोगिताएं 30 नवंबर और 1 दिसंबर को काशीराज इंटर कॉलेज, औराई में आयोजित होंगी। स्पर्धा में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के बालक/बालिकाएं कुल 8 खेल विधाओं–एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कुश्ती, जूडो, भारोत्तोलन और बैडमिंटन–में प्रतिभाग करेंगे। खिलाड़ियों का पंजीकरण युवा साथी पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में डीईओ ने बूथों का किया स्थलीय निरीक्षण

### कर्मियों को दिए सख्त निर्देश



**भदोही।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जोरई, लखनो सहित विभिन्न बूथों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ, सुपरवाइजर तथा एसआईआर में लगे सभी कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि गणना प्रपत्रों को तेजी से एकत्र कर शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। प्राथमिक विद्यालय लखनो पहुंचकर जिलाधिकारी ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। इसके बाद उन्होंने बैराखास बूथ सहित बूथ गिरियां, बिगहीं और औसानपुर का निरीक्षण करते हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की वास्तविक स्थिति जानी। उन्होंने कहा कि एसआईआर कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए प्रत्येक प्रपत्र का सटीक और समयबद्ध डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ब्लाक प्रमुख ने किया इंटरलाकिंग सड़क का लोकार्पण



**खबर भदोही** से है औराई विकास खंड क्षेत्र के दवनपुर गांव में नवनिर्मित इंटरलाकिंग सड़क का लोकार्पण ब्लाक प्रमुख औराई वृजमोहन मिश्रा के द्वारा किया गया। पूर्व प्रधान श्री राम दूबे व प्रधान रमेश पाल द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत अभिनन्दन किया।ब्लाक प्रमुख ने कहा कि सड़क विकास की मुख्य कड़ी है जिस गांव में सड़क नहीं वह गांव विकास से अछुता है। मैं ब्लाक प्रमुख हूं मेरा फ़र्ज़ बनता है क्षेत्र का विकास करना। मैं श्रेत्र वासियों का रिड़ी हूं जो मुझे यहां तक चुन कर भेजा है। क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोडुगा। इस मौके पर पूर्व प्रधान श्री राम दूबे, ग्राम प्रधान रमेश पाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य जयप्रकाश यादव, पूर्व प्रधान दीपक तिवारी, नित्यानंद,कलट्टर ओझा, दिनेश तिवारी सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## अवैध तमंचे के साथ एक गिरफ्तार



**चुनार मिर्जापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन मनीष कुमार मिश्रा व क्षेत्राधिकारी मंजरी राव के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहें अभियान के क्रम में पूर्व में एक व्यक्ति द्वारा तमंचे से फायरिंग करने वाला व्यक्ति अंकित यादव पुत्र दिलीप कुमार यादव निवासी यादव नगर कस्बा चुनार उम्र 17 वर्ष को शनिवार को उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार यादव मय पुलिस टीम द्वारा एक तमन्चा 315बोर एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ दोपहर के दो बजकर तेरह मिनट पर बालू घाट चुनार तिराहे से पकड़ कर विधिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय को भेज दिया गया।

# पेट्रोल पंप पर काम करने वाला युवक हुआ छीनैती का शिकार

**● 2 दिन से पीड़ित लगा रहा थाने का चक्कर लुटेरों का पता नहीं लगा पाई ड्रमंडगंज पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के नदौली गांव निवासी बलेदर पाल पुत्र छोटेलाल पाल ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि जिओ पेट्रोल पंप महेशपुर पर पेट्रोल भरने का कार्य करता हूं दिनांक 19.11.25 को रात लगभग 9,44 बजे के समय हमारे उक्त पेट्रोल पंप पर एक सफेद रंग की चार चक्का वाहन खड़ी थी और जब मैं प्रार्थी पेट्रोल पंप पर से अपने घर जाने लगा तभी घर से फोन आया कि सामान लेते आना मैं प्रार्थी दुर्जानीपुर सामान लेने के लिए मोटरसाइकिल से जा रहा था तो उक्त गाड़ी महेशपुर ओवर ब्रिज के नीचे रुकी थी तो उक्त पर तीन व्यक्ति अज्ञात नाम पता के नीचे उतरे और मोटरसाइकिल रोकने के लिए हाथ दिए तो हमारी मोटरसाइकिल को चलाने वाला हमारा चचेरा भाई विवेक मोटरसाइकिल थोड़ा धीमी कर लिया तो उक्त चार चक्का गाड़ी पर सवार दो व्यक्ति रोक कर हमें पीछे से पकड़ कर खींच लिए और मारने लगे तो डरवस हमारा चचेरा भाई मोटरसाइकिल लेकर भाग गया और उक्त व्यक्तियों ने हमारा मोबाइल छीन लिया व 5000 छीनकर भाग गए मैं प्रार्थी एक दूसरे व्यक्ति के मोबाइल से 112 नंबर पर कॉल करके सूचना दिया 112 नंबर मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किए लेकिन गाड़ी का कोई अता पता नहीं चला पीड़ित ने दो दिन से लगा रहा है थाने का चक्कर नहीं चला लुटेरों का पता।

# घर बैठे भरें ऑनलाइन प्रपत्र, 25 नवम्बर तक हर हाल में पूरा हो डिजिटाइजेशन : डीईओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य जिले में तेजी से चल रहा है। बूथ स्तर अधिकारियों द्वारा सभी गणना पत्रक (एनुमरेशन प्रपत्र) का वितरण पूरा कर दिया गया है तथा इन्हें ऑनलाइन भरने की अंतिम तिथि 4 दिसम्बर 2025 निर्धारित है। मतदाता घर बैठे आसानी से मतदाता पोर्टल (Voters.eci.gov.in) पर पंजीकरण कर मतदाता सूची में अपना नाम खोजें वाले विकल्प में परिवारजन के नाम ढूंढकर गणना पत्रक भर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहचान पत्र संख्या (ईपीआईसी) दर्ज करते ही पूर्वभरे गणना पत्रक प्राप्त होगा, जिसे ओटीपी सत्यापन और आधार आधारित इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर के बाद सफलतापूर्वक जमा किया जा सकता है। सहायता हेतु ईसीआईनेट ऐप या टोल-फ्री नंबर 05414-1950 उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने कई बूथ अधिकारियों द्वारा प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन में देरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी उप जिलाधिकारियों व निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्ष 2003 से 2025 की मतदाता सूची से मिलान हुए सभी गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन प्राथमिकता के आधार पर 25 नवम्बर 2025 तक हर हाल में पूरा किया जाए।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में शनिवार को मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपद के सभी थानों द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। विभिन्न थाना क्षेत्रों में ग्राम चौपाल, स्कूलों व सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी कानून, सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। एंटी रोमियो टीमों ने महिलाओं को 1090, 112, 108, 1098, 1930 सहित अन्य टोल फ्री सेवाओं से अवगत कराया। महिला थाना, औराई, ज्ञानपुर, गोपीगंज, ऊंज, सुरियावां व चौरी क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने गांव-गांव जाकर संवाद किया। अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सुरक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

## लूट के सामान के साथ एक हुआ गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र द्वारिकापुर में 16 सितंबर को एक व्यक्ति से अज्ञात बदमाशों ने पैसा और मोबाइल लूट कर भाग गए।उक्त मामले मे थाना हाजा पर चार अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस गहन जांच शुरू कर दी। पुलिस मुठभेड़ मे शिवसत इंजीनियरिंग कॉलेज के पास 17 सितंबर को मान सिंह पुत्र अनिरुद्ध सिंह निवासी नौहर हुसैनपुर को एक तमंचा और लूट के रुपए के साथ गिरफ्तार किया था।

पुलिस बाकी की तलाश कर रही थी कि मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से संबंधित आरोपी आदर्श त्रिपाठी पुत्र श्याम नारायण त्रिपाठी निवासी सराय नानकार को लूट के 1950 रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस बाकी आरोपी अभिषेक सिंह पुत्र सुनील सिंह और अंकित सिंह पुत्र भैया राम नौहर हुसैनपुर की तलाश कर रही है।

## बीडीओ के निरीक्षण के दौरान चार बिएलओ मिले अनुपस्थित

**● शिक्षा विभाग को कार्यवाही के लिये भेजा पत्रक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हलिया मिर्जापुर।** हलिया विकासखंड के विशेष प्रगणन पुनरिक्षण के दौरान शनिवार को खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी को चार बीएलओ अनुपस्थित पाए जाने तथा कार्य में सिथिलता व मोबाइल स्वीच आफ मिलने पर शिक्षा विभाग को कार्यवाही के लिये पत्रक भेजा है कल तक आनलाइन फिडिंग नहीं होने पर संबंधित बीएलओ के विरुद्ध कार्यवाही होने की बात बीडीओ ने कहा है वही इस कार्यवाही से हडकंप मचा हुआ है।

खंड विकास अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सिकटा गाँव में कार्यरत बीएलओ हरिनारायण , बीरपुर में श्रीराम, सहजी में गणेश केसरवानी , बसुहरा में जगदीश प्रसाद के कार्यों में शिथिलता पाए जाने तथा मोबाइल स्विच ऑफ होने पर चार बीएलओ के विरुद्ध शिक्षा विभाग को पत्रक भेजा गया है बीडीओ ने कहा कि हलिया, गलरा, मवयी, महुगढ, ऊटी आदि गाँव में निरिक्षण के दौरान बीएलओ के कार्य सही चलता पाया गया सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि 30 नवम्बर तक सत प्रतिशत आन लाइन गणना प्रपत्रों को करना अनिवार्य है। इसमें शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। विकास खंड में कुल 246 बीएलओ लगे हुए है ऐसे में ड्यूटी में लापरवाही करने वालों में खलबली मच गई है।

# एसआईआर के अंतर्गत समीक्षा कर विभिन्न बूथों का डीईओ ने किया स्थलीय निरीक्षण

**● जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचक नामवलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति की प्रतिदिन की जा रही है समीक्षा**

**समस्त ई0आर0ओ0/ए0ई0आर0ओ0 को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य का नियमित पर्यवेक्षण/समीक्षा के साथ-साथ निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण आउटपुट के दिये गये निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही/** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा जनपद के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चल रहे मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति आदि से संबंधित समीक्षा व बूथों का स्थलीय निरीक्षण सतत किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण? अभियान के क्रम में बूथ जोरई ,लखनो, बैदाखास, गिरियां, बिगहीं, औसानपुर सहित विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया, साथ ही बीएलओ द्वारा किए जा रहे गणना प्रपत्र एकत्रीकरण व डिजिटाइजेशन कार्यो का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस आई आर) के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलिता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित समय सीमा में गणना प्रपत्रों का वितरण बीएलओ द्वारा किया जाए, यह कार्य बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे। गणना प्रपत्र भरवाने के बाद उसे अपने पास प्राप्त कर बीएलओ एप पर डिजिटाइज्ड करना सुनिश्चित करें।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अवगत कराया की जनपद में कुल 1256 बीएलओ है तथा जनपद के तीनों विधानसभाओं में कुल 1233324 मतदाता है। उन्होंने बताया कि अब तक शत प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं और अब तक बीएलओ एप पर कुल 173228 गणना प्रपत्र डिजिटाइज्ड किया जा चुके हैं, इसकी नियमित समीक्षा जनपद स्तर पर की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित एस आई आर कार्य में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एसआईआर कार्य में तेजी लाएं, जिससे निश्चित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य संपन्न हो जाए।

## मुलायम सिंह यादव की मनाई गयी जयंती

**देवरिया।** सपा संस्थापक एवं पद्मविभूषण धरती पुत्र कहे जाने वाले मुलायम सिंह यादव की जयंती शुक्रवार को सपा कार्यालय पर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव मंजूर हसन ने किया। कार्यकर्ताओं ने भावुक माहौल में नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने कहा कि नेताजी जैसा व्यक्तित्व युगों में एक बार जन्म लेता है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि नेताजी के समतामूलक समाज के सपने पर आज सत्ता में बैठे लोग आघात कर रहे हैं, जिसके खिलाफ मजबूती से संघर्ष की जरूरत है। जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि नेताजी करोड़ों पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों की आवाज थे। उन्होंने शोषित वर्ग में राजनीतिक चेतना जगाकर सामान्य परिवारों के लोगों को मुख्यधारा की राजनीति में स्थान दिलाया। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों से देश को निकालने के लिए नेताजी के विचारों को मजबूत करना होगा और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना समय की जरूरत है।

## आधार के अंतिम चार अंक बीएलओ को दे डुप्लीकेट मतदाता

**भदोही।** मुख्य विकास अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची में संभावित डुप्लीकेट नामों के सत्यापन हेतु विशेष अभियान चल रहा है। सत्यापित मतदाताओं के प्रमाणीकरण के लिए उनके आधार कार्ड के अंतिम चार अंक बीएलओ द्वारा दर्ज किए जा रहे हैं, ताकि सही मतदाताओं का नाम डिलीट न हो।

समीक्षा में पाया गया कि कई मतदाताओं ने अब तक आधार के अंतिम चार अंक उपलब्ध नहीं कराए हैं। जनपद में कुल 2,34,333 डुप्लीकेट मतदाताओं में से 73,516 सत्यापित हो चुके हैं, जबकि 1,60,817 अब भी असत्यापित हैं। सभी असत्यापित डुप्लीकेट मतदाताओं से अनुरोध है कि वे अपने आधार कार्ड के अंतिम चार अंक संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं, अन्यथा नियमानुसार नाम विलोपित किया जा सकता है।

# थाना समाधान दिवस में 63 प्रार्थना पत्रों में 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जनपद के सभी थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना चौरी पहुंचकर आम जनता की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान पूरे जनपद के विभिन्न थानों पर कुल 63 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व विभाग से संबंधित 52 तथा पुलिस विभाग से संबंधित 11 प्रकरण शामिल थे। पुलिस विभाग से जुड़ी सभी 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि राजस्व संबंधी प्रकरणों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निपटारे के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि भूमि विवादों सहित सभी जटिल मामलों का निस्तारण संयुक्त रूप से किया जाए, ताकि फरियादियों को अलग-अलग विभागों के चक्कर न काटने पड़ें। इसी उद्देश्य से पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों का गठन किया गया है, जिन्हें शेष प्रकरणों का जल्द और न्यायपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता को त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराना है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सपा कार्यालय में मनाई गई नेताजी की जयंती

**● संघर्षों को अपनाने का लिया संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ज्ञानपुर।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय कंसापुर में समाजवाद के प्रणेता, पूर्व मुख्यमंत्री एवं देश के पूर्व रक्षा मंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की जयंती शनिवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके संघर्षों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने नेताजी को भारतीय राजनीति का सबसे बड़ा जननायक बताते हुए कहा कि वे शोषितों-वंचितों की आवाज थे। उन्होंने कहा कि कुश्ती के मैदान से राजनीति तक नेताजी ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। पहाड़ जैसी मजबूत इच्छाशक्ति और कार्यकर्ताओं के साथ अटूट निष्ठा उनकी पहचान रही। गरीब, मजदूर और किसानों के सम्मान की लड़ाई लड़ते हुए नेताजी ने हमेशा समाजवादी रास्ता चुना।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री रहते हुए मुलायम सिंह यादव ने लगातार गरीबों, किसानों और श्रमिकों के कल्याण के लिए काम किया। उनकी नीतियों ने लाखों परिवारों के जीवन में रोशनी बिखेरी।

कार्यक्रम में विधायक जाहिद बेग, जिला महासचिव हृदय नारायण प्रजापति, पूर्व मंत्री रामकिशोर बिंद, प्रदेश सचिव आरिफ सिद्दीकी, पूर्व विधायक मधुबाला पासी, औराई की पूर्व प्रत्याशी अंजनी सरोज, महिमा सभा जिलाध्यक्ष डा. सरिता बिंद, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कंचन सोनकर, भदोही विधानसभा अध्यक्ष संतोष यादव, ज्ञानपुर विधानसभा अध्यक्ष लालचंद बिंद, युवजन सभा जिलाध्यक्ष बाबा बिंद, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष दिलीप भीम कनौजिया, छात्र सभा जिलाध्यक्ष महेश पाल, अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष सुहेल अंसारी, कार्यालय प्रभारी गामा प्रसाद यादव, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र पप्पू सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में नेताजी के समाजवादी संघर्षों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया।

## शहीद झूरी सिंह 23वीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का एसपी ने किया भव्य शुभारंभ

**भदोही।** सेंट थॉमस स्कूल, गोपीगंज में शनिवार को 'शहीद झूरी सिंह 23वीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता' का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने रिबन काटकर किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं व बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। प्राचार्य ने एसपी का बुके देकर सम्मान किया, जबकि एनसीसी कैडेट्स ने सलामी प्रस्तुत की। शुभारंभ के दौरान स्कूली छात्राओं ने देशभक्ति पर आधारित आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर माहौल उत्साहपूर्ण बना दिया। एसपी मांगलिक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना, धैर्य और देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल और शिक्षा दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने तथा अपने कोच/गुरु से सतत मार्गदर्शन लेने की सलाह दी। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों की टीमें शामिल हुईं। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा किया गया।

## शहीद झूरी सिंह 23वीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का एसपी ने किया भव्य शुभारंभ






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** सेंट थॉमस स्कूल, गोपीगंज में शनिवार को 'शहीद झूरी सिंह 23वीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता' का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने रिबन काटकर किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं व बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। प्राचार्य ने एसपी का बुके देकर सम्मान किया, जबकि एनसीसी कैडेट्स ने सलामी प्रस्तुत की।

शुभारंभ के दौरान स्कूली छात्राओं ने देशभक्ति पर आधारित आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर माहौल उत्साहपूर्ण बना दिया। एसपी मांगलिक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना, धैर्य और देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल और शिक्षा दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने तथा अपने कोच/गुरु से सतत मार्गदर्शन लेने की सलाह दी। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों की टीमें शामिल हुईं। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा किया गया।

# दो दिनो से घर से गायब विक्षिप्त महिला का शव खेत में मिला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया मिर्जापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा चौकी अन्तर्गत मडवा नेवादा गांव के सीवान में महिला का शव मिलने पर हड़कंप मच गया प्राप्त जानकारी के अनुसार ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के शुकुलपुर निवासी 80वर्षीय बच्चा दो दिनो से घर से गायब थी आज सुबह नेवादा के सिवान में धान के खेत में ग्रामीणों ने एक महिला को मृत अवस्था में देख बरौधा पुलिस को सुचना दिया मौके पर पहुचे बरौधा चौकी इंचार्ज संजय कुमार ने ग्रामीणों के मदद से महिला के शव को बाहर निकलवाया तो महिला की पहिचान शुकुलपुर निवासी स्वर्गीय छोटा पत्नी बच्चा के रूप में हुआ पुलिस ने परिजनो को सुचना दिया मौके पर पहुचे परिजन दहाडमार कर रोने लगे वही मृतक महिला के पोता पंकज ने बताया की दो दिनो से बच्चा घर से गायब थी काभी खोजबीन कीया लेकिन पता नही चला वही पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक महिला के पति की मृत्यू बीस वर्ष पूर्व हो चुकी है और एकलौता बेटा भी दस वर्ष पूर्व से गायब है तीन छोटे 2 पोतो हैं जिसकी परवरिश मृतक महिला ही कर रही थी वही पटेहरा गांव के समाजसेवी मोहित सिंह ने अपने फोर व्हीलर गाड़ी से शव को लेकर मिर्जापुर पोस्टमार्टम के लिए गए और मोहित सिंह ने कहा कि ऐसे दुख की घड़ी में हम हमेशा खड़े रहेंगे परिजन को दुख की घड़ी में अकेले नहीं छोड़ेंगे इस संबंध में चौकी इंचार्ज बरौधा ने बताया की नेवादा गांव के सीवान मे एक विक्षिप्त महिला का शव मिला है महिला के पोता के तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## ओपन जिला वॉलीबाल चैंपियनशिप का आयोजन दानव क्षेत्र में किया जा रहा है आयोजन

**मीरजापुर।** ओपन जिला वॉलीबाल संच व खेल एवम् जन चेतना समिति के संयुक्त तत्वावधान में, 82-03 दिसम्बर 2025 (दो दिवसीय) ओपन जिला वॉलीबाल चैंपियनशिप का आयोजन दानव क्षेत्र के महाशक्ति इंटर कालेज विहसट्टा के क्रीड़ा प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। इस जनपद की रजिस्टर्ड टीमें ठी भाग लेंगी। जिन टीमों का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है वो जिला बोली-बाल संघ से स्वीकृति प्राप्त कर भाग ले सकती हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 1 दिसम्बर 2025 तक मो. नं. 9935/22403 पर सूचना दे सकते हैं और जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। यह प्रतियोगिता पूर्णतया निः शुल्क है साथ ही दूर-दराज से आये हुए खिलाड़ियों के गहरने तथा खान-पान की उत्तम व्यव की गयी है। यह प्रतियोगिता जिला ओलम्पिक संघ एवम् वॉलीवान सज के महासचिव श्री एस.पी. त्रिपाठी जी के देख रेख में सम्पन्न होगी और जिला वॉलीबाल एसोसिएशन के नियमानुसार होगी।

इस प्रतियोगिता का आयोजन समिति के चेयरमैन श्री प्रेम बहादुर सिंह, अध्यक्ष श्री जय सिंह, उपाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र तिवारी, महामंत्री श्रीविभुवन मौर्य, आभोजन सचिव रखीन्द्र प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह, शिमर सिंह समुक्त मेची श्री बिनय सिंघ, श्री संदीप सिर, श्रीलक्ष्मी नारायण मौर्य, पंकज सिंह संयुक्त सचिन विजय सिंह एवम् महेन्द्र बिन्द व अन्य सदस्यगण उक्त कार्यक्रम के होने से काफी उत्साहित है।

## संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम के सत्यापन कार्य में शिथिलता व लापरवाही बरतने पर वीडीओ नीतू शुक्ला सस्पेंड

**डीईओ ने समीक्षा बैठक कर डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम का सत्यापन कराए जाने का दिया निर्देश**

भदोही राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के अनुपालन में जनपद भदोही में पंचायत मतदाता सूची में संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम का सत्यापन कराए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी समीक्षा जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। मुख्य विकास अधिकारी /उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय बाल गोविंद शुक्ल ने बताया कि संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन कार्य में शिथिलता व लापरवाही बरतने पर नीतू शुक्ला ग्राम पंचायत

## संक्षिप्त खबरें

### सिद्धार्थनगर - झोपड़ी में खून से लथपथ मिला महिला का शव, मचा हड़कंप

**सिद्धार्थनगर।** जिले के चिल्हिया थाना क्षेत्र के बोकनार गांव में शुक्रवार की रात 30 वर्षीय हाजरा की संदिग्ध मौत हो गई । जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शुक्रवार रात नहर किनारे अपनी झोपड़ी में वह खून से लथपथ मिली थी। उसके सिर पर गहरी चोट के निशान थे और घटनास्थल पर खून बिखरा हुआ था। ग्रामीणों के अनुसार पुलिस के पहुंचने से पहले ही कमरुद्दीन घर पर नहीं था। वापस लौटने पर उसने अपनी पत्नी हाजरा को खून से लथपथ जमीन पर पड़ा पाया। कमरुद्दीन की पहली शादी 2012 में हुई थी, जिससे एक बेटी है। 2015 में उसकी पहली पत्नी बेटी को लेकर उसे छोड़कर चली गई थी। अब उसकी दूसरी पत्नी हाजरा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है, जिससे पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबन्ध थानाध्यक्ष राजेश तिवारी का कहना है की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही हैं।

### एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, सेवा भावना प्रबल



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा एनसीसी दिवस मनाया गया। एनसीसी कैडेट्स ने इस अवसर पर कैंपस में साफ सफाई किया। और सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के चिकित्सक डॉ अरुण द्विवेदी और डॉ ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव ने कैडेट्स को स्वयं की स्वच्छता के महत्व को बताते हुए इससे होने वाली बीमारियों पर भी प्रकाश डाला। एनसीसी दिवस के शुभ अवसर पर एनसीसी के कैडेट कुशल त्रिपाठी और सांभवी चौधरी ने एनसीसी के गौरव पूर्ण इतिहास और कैडेट्स के विकास में एनसीसी की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में एनसीसी के ए एन ओ डॉ प्रज्ञेश नाथ त्रिपाठी ने कैडेट्स को राष्ट्र के प्रति समर्पित होने और कैडेट्स की भूमिका को बताया और किस प्रकार एनसीसी कैडेट्स न केवल अपना बल्कि पूरे समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है।।कार्यक्रम के अंत में सीनियर अंडर ऑफिसर कैडेट नागेंद्र यादव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम ने एनसीसी के कैडेट्स व कर्मचारी उपस्थिति रहे।

### विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आज विशेष अभियान का आयोजन

**सातों नगरीय निकायों के सभी वार्डों में लगाए गए हैं एस आई आर विशेष कैंप**



**भदोही/** जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के क्रम में 23 नवम्बर, रविवार को पूरे जनपद में 'एस आई आर विशेष अभियान दिवस' आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी 1256 मतदान स्थल (बूथों) के अनुरूप ग्राम सचिवालयों, सभी विकासखंड मुख्यालयों, तहसीलों तथा नगरीय निकायों के कार्यालयों में हेल्प डेस्क स्थापित किए जा रहे हैं, जहाँ मतदाता सूची से संबंधित गणना प्रपत्र को भरने, एकत्रीकरण व डिजिटाइजेशन का कार्य युद्ध स्तर पर संपादित किया जाएगा। प्राप्त प्रपत्रों का एकत्रीकरण एवं डिजिटाइजेशन भी उसी दिन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद के दोनों नगर पालिका परिषदों तथा पाँचों नगर पंचायतों के सभी वार्डों, गली-मोहल्लों में विशेष कैंप लगाकर, टीमों द्वारा घर-घर पहुँचकर जागरूकता और सत्यापन अभियान चलाया जाएगा, जिससे निर्वाचक नामावली में शुद्धता एवं पूर्णता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने सभी योग्य नागरिकों, विशेषकर युवा मतदाताओं से अपील की है कि वे विशेष अभियान दिवस का लाभ उठाते हुए गणना प्रपत्र को भरने, डिजिटाइजेशन हेतु निकटतम हेल्प डेस्क पर अवश्य जाएँ। शैलेष कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों, बीएलओ, पर्यवेक्षकों व कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि अभियान को पूर्ण गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ संचालित करें तथा यह सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से वंचित न रहे।

## दिल्ली में पकड़ा गया पाक से भेजे गए हथियारों का जखीरा, 4 तस्कर गिरफ्तार, इस गैंग को होनी थी सप्लाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (ISI) से जुड़े एक बड़े अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह नेटवर्क पाकिस्तान, तुर्की और चीन के रास्ते भारत में हाई-एंड विदेशी पिस्टल की सप्लाई करता था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के चार महत्वपूर्ण सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 10 महंगी विदेशी पिस्टल और 92 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। इन हथियारों की सप्लाई दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में बदमाशों और गैंगस्टरों तक की जा रही थी। पुलिस के अनुसार, इन हथियारों की खेप पंजाब के रास्ते भारत लाई गई थी और इसे लॉरेंश बिश्नोई, बमबीहा, गोगी और हिमांशु भाऊ गैंग तक सप्लाई किया जाना था। बरामद हथियारों में तुर्की और चीन में बने हाई-टेक वेपन्स शामिल हैं। जांच में सामने आया है कि हथियार पहले पाकिस्तान भेजे जाते थे, जहां से इन्हें तस्करी कर भारत की सीमा में प्रवेश कराया जाता था। यह पूरा ऑपरेशन आईएसआई से जुड़े लोगों की निगरानी में संचालित हो रहा था, जिसका उद्देश्य भारत में आपराधिक नेटवर्क को मजबूत करना और अस्थिरता बढ़ाना था। क्राइम ब्रांच अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह गिरोह अब तक कितने हथियार भारत में खपा चुका है और किन-किन गैंगस्टरों तक ये पिस्टल पहुंची हैं। इसके लिए पुलिस मोबाइल डेटा, बैंकिंग लेनदेन, सोशल मीडिया और कॉल रिकॉर्ड की जांच कर बाकी सदस्यों की तलाश कर रही है। स्पेशल सीपी देवेश श्रीवास्तव के अनुसार, जब्त सामान में तुर्की निर्मित PX-5.7 पिस्टल भी शामिल है, जिसे आमतौर पर विशेष सुरक्षा बल (स्पेशल फोर्सेस) इस्तेमाल करती हैं। इसके अलावा चीन में बनी PX-3 पिस्टल की तस्करी के भी सबूत मिले हैं, जो इस नेटवर्क के बहुस्तरीय वैश्विक लिंक का संकेत देता है। जॉइंट सीपी सुरेंद्र कुमार ने कहा कि इन गिरफ्तारियों से इस नेटवर्क के पूरे ऑपरेशन की गहराई का पता लगाने में मदद मिलेगी। यह कार्रवाई उन संभावित समूहों की पहचान करने में भी महत्वपूर्ण सुराग देगी, जिन्हें ये हथियार आखिरकार मिलने वाले थे। अधिकारियों का मानना है कि यह सफल ऑपरेशन भारत में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहे विदेशी नेटवर्क को एक बड़ा झटका है और सीमाओं के पार से आ रहे उच्च स्तरीय हथियारों की सप्लाई चेन को गंभीर नुकसान पहुंचाता है।

## जिलाधिकारी ने धान क्रय केंद्र का किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा बहुउदेशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति/ राजकीय धान क्रय केन्द्र पीसीएफ/ बी पैक्स इटवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा स्टाक रजिस्टर, भुगतान रजिस्टर, सम्पर्क रजिस्टर आदि को देखा गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक किसानो से वार्ता कर धान को क्रय केन्द्र पर बेचने हेतु प्रोत्साहित करें तथा रजिस्टर में उसका अंकन भी करें। धान की खरीद करने के पश्चात धान को अनुबन्ध किये गये राइस मिल पर समय से धान की कुटाई हेतु भेजें। क्रय केन्द्र पर धान का स्टाक न रखें। किसानों को 48 घंटे के अन्दर उनके खाते में भुगतान करायें। जिलाधिकारी द्वारा समिति पर खाद वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी ने पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों में खाद वितरण करने का निर्देश दिया। किसानों से अधिक मूल्य न लिया जाये, यदि किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होगी तो कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## रामलीला मैदान में 14 दिसंबर को कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली', वेणुगोपाल बोले- लोकतंत्र पर हमला, हम नहीं रहेंगे चुप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** मोदी सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ कांग्रेस ने बड़े स्तर पर प्रदर्शन करने की घोषणा की है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि 14 दिसंबर को दोपहर 1:30 बजे से दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली' आयोजित की जाएगी। इस रैली का उद्देश्य चुनाव व्यवस्था में कथित धांधलियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ देशभर में संदेश देना है। केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर चुनाव परिणामों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंच रही है। वेणुगोपाल ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'वोट चोरी का साया आज हमारी डेमोक्रेसी पर मंडरा रहा सबसे बड़ा खतरा है। हमारे संविधान को खत्म करने की इन कोशिशों के खिलाफ पूरे देश में मैसेज देने के लिए, कांग्रेस 14 दिसंबर (दोपहर 1.30 बजे से) नई दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली करेगी। 'कांग्रेस नेता ने आगे कहा, 'हमें भारत के कोने-कोने से करोड़ों सिग्नेचर मिले हैं, जो बीजेपी-भारतीय चुनाव आयोग के गलत तरीकों जैसे बोगस वोटर्स को जोड़ने, विरोधी वोटर्स को हटाने और बड़े पैमाने पर वोटर रोल में हेराफेरी करने को गलत ठहराते हैं। इतना ही नहीं, हर भारतीय ने देखा है कि चुनाव आयोग कैसे नियमों को तोड़ता है, एमसीसी के उल्लंघन को नजरअंदाज करता है और भाजपा को चुनावों में धांधली करने में मदद करने के लिए दिनदहाड़े रिश्वत देता है चुनाव आयोग जो कभी एक न्यूट्रल अंपायर था, अब एक खुलेआम पार्टी का खिलाड़ी बन गया है, जो चुनावों में बराबरी के मौके के कॉन्सेप्ट को पूरी तरह से खत्म कर रहा है। 'वेणुगोपाल ने आगे लिखा, 'जब चुनाव सिस्टम पर यह हमला हमारी आंखों के सामने हो रहा है, तो हम चुप नहीं रहेंगे। यह महारैली वोट चोरों के चंगुल से भारतीय लोकतंत्र को वापस पाने की हमारी लड़ाई की बस शुरुआत है।

## विधायकजी के लिए खड़े नहीं हुए थे डॉक्टर साब, हो गया एक्शन, अब हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार की क्लास लगाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को एक डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर फटकार लगाई है। हरियाणा सरकार ने एक डॉक्टर को सिर्फ इसलिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था क्योंकि कोविड महामारी की इमरजेंसी ड्यूटी पर रहते हुए डॉक्टर ने एक विधायक के आने पर खड़े होकर उसका अभिवादन नहीं किया था। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार पर 50000 रूपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने कहा कि यह बहुत परेशान करने वाली बात है कि एक डॉक्टर से यह उम्मीद की जाए कि वह विधायक के आने पर खड़ा हो और ऐसा न करने पर उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव रखा जाए। कोर्ट ने इस बात पर भी गौर किया कि डॉक्टर ने स्पष्ट किया था कि उसने विधायक को पहचाना नहीं था और न ही उसका अपमान करने का कोई इरादा था, लेकिन उसकी इस बात को भी नजरअंदाज कर दिया गया। कोर्ट ने आगे कहा कि राज्य का इस तरह के आरोप पर याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्रवाई करना असंवेदनशील है। कोर्ट ने राज्य सरकार को डॉक्टर को नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जारी करने का भी आदेश दिया है। डॉक्टर मनोज एनओसी के बिना अपनी आगे की पोस्टग्रेजुएट मेडिकल पढ़ाई नहीं कर पा रहे थे। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने ये आदेश डॉ. मनोज की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। डॉ. मनोज हरियाणा सरकार के अधीन एक सरकारी अस्पताल में कैजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर के तौर पर काम कर रहे थे। जब वह इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी पर थे, तब वह विधायक वहां आए थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत




**नैनी, प्रयागराज।** करछना रेलवे स्टेशन पर शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें एक अज्ञात युवती की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना की सूचना पा कर जीआरपी पुलिस और स्थानीय थाना औद्योगिक पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत जांच पड़ताल में जुट गई। यह हादसा यमुनापार स्थित औद्योगिक थाना क्षेत्र के रामपुर स्थित करछना रेलवे स्टेशन पर हुई। पुलिस के अनुसार युवती की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। शिनाख्त के कोशिश की जा रही है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है और घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

## महाप्रबंधक ने माघ मेला के दृष्टिगत किया सूबेदारगंज, प्रयागराज छिवकी एवं नैनी स्टेशन का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे, नरेश पाल सिंह ने माघ मेला के दृष्टिगत प्रयागराज क्षेत्र के सूबेदारगंज, प्रयागराज छिवकी एवं नैनी स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे, शरद चंद्रायन; प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, ब्रिजेन्द्र कुमार; प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, सुश्री रेणु पुष्कर छिब्बर; मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज मंडल, रजनीश अग्रवाल; अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/इन्फ्रा, नवीन प्रकाश; अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/सामान्य, दीपक कुमार सहित उत्तर मध्य रेलवे के मुख्यालय एवं प्रयागराज मण्डल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक ने निरिक्षण सबसे पहले सूबेदारगंज स्टेशन का किया। सूबेदारगंज स्टेशन पर टिकट वितरण, यात्री आश्रय, स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म, कवर शेड, फुट ओवर ब्रिज, यात्री सूचना प्रणाली, सर्कुलेटिंग एरिया, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, साइनेज एवं जन सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया एवं सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के अगले क्रम में प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर यात्री आश्रय, टिकट वितरण, स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म, कवर शेड, फुट ओवर ब्रिज, यात्री सूचना प्रणाली, सर्कुलेटिंग एरिया, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, साइनेज एवं जन सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया एवं सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। महाप्रबन्धक ने प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान यात्रियों के प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था को बारीकी से देखा एवं स्टेशन पर प्लेटफार्म से लेकर फुट ओवर ब्रिज का गहनता से निरीक्षण करते हुये वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर चर्चा की। नैनी स्टेशन पर भी यात्री आश्रय, टिकट वितरण, स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म, कवर शेड, फुट ओवर ब्रिज, यात्री सूचना प्रणाली, सर्कुलेटिंग एरिया, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, साइनेज, सेकेंड एंट्री एवं जन सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया एवं सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए । नैनी स्टेशन पर साफ-सफाई के निरीक्षण के दौरान जन सुविधाओं की स्वच्छता की सराहना की एवं प्लेटफार्मो पर साफ सफाई को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिये।

नैनी स्टेशन पर यात्रियों को और अधिक बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए आवश्यक निर्माण कार्य एवं सुधार पर अधिकारियों से विमर्श कर निर्देश भी दिये। अंत में महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तैयारियों माघ मेला से पूर्व की जाएँ एवं सुरक्षा मानकों के अनुपलान पर विशेषरूप से ध्यान दिया जाए ताकि यात्रियों एवं रेलकर्मियों को बेहतर, सुरक्षित और विश्वसनीय सुविधाएँ उपलब्ध हो सके।

## सीबीआई को अनिल अंबानी समूह की कंपनियों से जुड़े धोखाधड़ी मामले में राणा कपूर पर मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने यस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर के खिलाफ बैंक और अनिल धीरूभाई अंबानी समूह की दो कंपनियों के बीच कथित धोखाधड़ी वाले लेनदेन से संबंधित मामले में कार्रवाई करने की मंजूरी प्राप्त कर ली है। जांच एजेंसी ने हाल ही में यहां एक अदालत के समक्ष एक आवेदन दायर कर अतिरिक्त दस्तावेज सौंपने की मांग की है, जिन पर वह भरोसा कर रही है। इसमें भ्रष्टाचार निवारण (पीसी) अधिनियम के तहत यस बैंक के तत्कालीन प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी राणा कपूर के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी भी शामिल है। सीबीआई द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के लिए अदालत 12 दिसंबर को बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष दोनों की सुनवाई करेगी। जांच एजेंसी के अनुसार, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल), यस बैंक और कपूर के परिवार द्वारा नियंत्रित फर्मों से जुड़े कथित धोखाधड़ी वाले लेनदेन से बैंक को 2,796 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। आरोप पत्र में अनिल अंबानी, राणा कपूर, उनकी पत्नी बिंदु कपूर, बेटियों राधा कपूर और रोशनी कपूर, आरसीएफएल, आरएचएफएल (अब ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड) सहित अन्य को आरोपी बनाया गया है।

सीबीआई ने बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी की शिकायत पर 2022 में राणा कपूर, आरसीएफएल और आरएचएफएल के खिलाफ दो मामले दर्ज किए थे। आरोप पत्र में आरोप लगाया गया है कि जब राणा कपूर बैंक के प्रमुख थे, तब बैंक ने 2017 और 2019 के बीच अनिल धीरूभाई अंबानी (एडीए) समूह की वित्तीय कंपनियों में 5,010 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इस निवेश में रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) में 2,965 करोड़ रुपये और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) के वाणिज्यिक पत्रों (सीपी) में 2, 045 करोड़ रुपये शामिल थे। इसमें कहा गया है कि कुल राशि में से 3,337.5 करोड़ रुपये दिसंबर 2019 तक गैर निष्पादित निवेश (एनपीआई) में बदल गए। आरोप पत्र में दावा किया गया है कि बैंक इन निवेशों के विरुद्ध प्रतिभूतियों से संपूर्ण एनपीआई की वसूली नहीं कर सका और उसे 2,796.77 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि ये लेनदेन राणा कपूर के परिवार के स्वामित्व वाली कंपनियों को आरएचएफएल और आरसीएफएल द्वारा दिए गए ऋणों के लिए एक 'क्विड-प्रो-क्वो' व्यवस्था थी।

## समाजवादियों ने कानपुर में मुलायम सिंह यादव की 85वी जयंती मनाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की 85वीं जयंती के अवसर पर आज सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय साथ नवीन मार्केट में विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा आरंभ हुई। विचार गोष्ठी और श्रद्धांजलि सभा का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा में महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर सर्वप्रथम मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि संघर्ष का दूसरा नाम मुलायम सिंह यादव था इटावा जिले के एक छोटे गांव सैफई में गरीब किसान परिवार में जन्म लिया था जीवन की शुरुआत में शिक्षक की भूमिका निभाई इसके बाद संघर्ष करते हुए पहली बार जसवंत नगर विधानसभा से विधायक बने लगातार संघर्ष जारी रहने के उपरांत तीन बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री का पद संभाला इसके बाद संघर्ष करते हुए केंद्र सरकार में देश के रक्षा मंत्री भी बने मुलायम सिंह यादव कहते थे मैं समाजवादी पार्टी को कभी बूढा नहीं होने दूंगा छात्रों नौजवानों की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए अपने मुख्यमंत्री काल में मुक्त शिक्षा बेरोजगारी भत्ता जैसी कल्याणकारी योजनाएं लागू कर उत्तर प्रदेश में छात्रों नौजवानों को फायदा पहुंचा है और उनके मसीहा बने। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि मुलायम सिंह यादव जी एक प्रखर वक्ता थे उनकी रग रग में समाजवाद रचा बसा था मुलायम सिंह यादव जी चाहते थे कि समाज में सबसे नीचे पायदान पर खडे व्यक्ति को समाज में बराबर का स्थान मिले शोषित पीड़ितों छात्रों नौजवानों और अल्पसंख्यकों किसानों मजदूरों के मसीहा थे गरीबों मजदूरों के दर्द को वह बखूबी समझते विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा में महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,महासचिव संजय सिंह,विधायक अमिताभ बाजपेई,विधायक हाजी मोहम्मद हसन रूमी,विधायक नसीम सोलंकी,पूर्व विधायक हाजी इरफान सोलंकी,प्रदेश सचिव के के शुक्ल,पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा,राष्ट्रीय प्रवक्ता नीतेंद्र सिंह,समाजसेवी सचिन तांगडी, नीलम रोमिला सिंह आदि मौजूद थे।

## थाना महाराजगंज तराई द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महाराजगंज तराई, बलरामपुर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में थाना महाराजगंज तराई की एण्टी रोमियो टीम एवं मिशन मुख्य आरक्षी तेरस राम यादव के नेतृत्व में मौजा चौराहा पर महिलाओं व बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आरक्षी तेरस राम यादव ने महिलाओं व बच्चों को नए आपराधिक कानूनों, यातायात नियमों, दहेज प्रतिषेध अधिनियम तथा बाल विवाह की कानूनी सजा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है, इसलिए समाज को इससे पूरी तरह दूरी बनानी चाहिए। इसके साथ ही सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं – मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, सामूहिक विवाह योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर भी बताए गए– 1090 (वूमेन पावर लाइन), 108 (एंबुलेंस सेवा), 112 (आपातकालीन पुलिस सेवा), 102 (गर्भवती महिलाओं हेतु स्वास्थ्य सेवा)। जागरूकता बढ़ाने के लिए पंपलेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया, परंतु किसी ने कोई समस्या नहीं बताई। पुलिस टीम ने सभी को कानून व्यवस्था का पालन करने एवं बालिकाओं की सुरक्षा के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम में बहू-बेटी सम्मेलन भी आयोजित किया गया।

## यूएससीआईआरएफ का कहना है कि भाजपा और आरएसएस के गठजोड़ से भारत में भेदभावपूर्ण कानून संभव हुए हैं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** दक्षिण एशियाई देश पर संयुक्त राज्य अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) के नवीनतम अपडेट के अनुसार, भारत की राजनीतिक प्रणाली धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा देती है, जिसमें सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बीच संबंध 'भेदभावपूर्ण' कानूनों को सक्षम बनाते हैं। द्विदलीय अमेरिकी कांग्रेस समर्थित निकाय ने भारत-विशिष्ट मुद्दे पर एक अद्यतन जारी किया , जिसमें दावा किया गया कि 'राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय कानूनों के कार्यान्वयन से पूरे देश में धार्मिक स्वतंत्रता पर गंभीर प्रतिबंध लग रहे हैं। 'केंद्र सरकार की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। लेकिन, इस साल मार्च में यूएससीआईआरएफ द्वारा 2025 की वार्षिक रिपोर्ट जारी होने के बाद , विदेश मंत्रालय ने इसे खारिज कर दिया और दावा किया कि अमेरिकी संस्था 'पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित आकलन जारी करने के अपने तरीके' पर कायम है। रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला गया कि 'धर्म या विश्वास की स्वतंत्रता (एफओआरबी) के लिए कुछ संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करने के बावजूद, भारत की राजनीतिक प्रणाली धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के प्रति भेदभाव का माहौल पैदा करती है। 'इसके अलावा, इसमें कहा गया है कि भाजपा और आरएसएस, जिसे वह 'हिंदू राष्ट्रवादी समूह' कहता है, के बीच 'अंतर्संबंधित संबंध' के कारण 'नागरिकता, धर्मांतरण विरोधी और गौहत्या कानून सहित कई भेदभावपूर्ण कानूनों का निर्माण और प्रवर्तन हुआ है। '2014 से भाजपा ने 'संविधान के धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों के विपरीत, भारत को एक स्पष्ट हिंदू राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए सांप्रदायिक नीतियों को लागू किया है। 'यूएससीआईआरएफ ने जोर देकर कहा कि इन कानूनों का प्रवर्तन 'धार्मिक अल्पसंख्यकों और उनके धर्म या विश्वास का स्वतंत्र रूप से पालन करने की उनकी क्षमता को असंगत रूप से लक्षित करता है और प्रभावित करता है, जैसा कि नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय वाचा (आईसीसीपीआर) के अनुच्छेद 18 में उल्लिखित है, जिस पर भारत एक हस्ताक्षरकर्ता है। 'आयोग ने पाया कि, 'आरएसएस का प्राथमिक मिशन 'हिंदू राष्ट्र' या हिंदू राज्य का निर्माण करना है,' और कहा कि यह 'इस धारणा को बढ़ावा देता है कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है, जिसमें मुस्लिम, ईसाई, यहूदी, बौद्ध, पारसी और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक शामिल नहीं हैं। 'रिपोर्ट में कहा गया है कि यद्यपि आरएसएस सीधे तौर पर राजनीतिक उम्मीदवार नहीं उतारता, लेकिन वह भाजपा के लिए प्रचार करने हेतु स्वयंसेवक उपलब्ध कराता है, जिसमें स्वयं प्रधानमंत्री मोदी भी शामिल हैं। अद्यतन के अनुसार, मोदी 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहने से पहले आरएसएस के युवा सदस्य थे, जहां रिपोर्ट कहती है कि उन पर 2002 में मुस्लिम विरोधी दंगों के दौरान निष्क्रियता के आरोप लगे थे, जिसके परिणामस्वरूप हजारों लोग मारे गए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद शपथ ग्रहण समारोह में झारखंड के नेताओं की रही बड़ी उपस्थिति



**हजारीबाग, झारखंडः-** बिहार चुनाव 2025 के नतीजों में एनडीए गठबंधन को मिले प्रचंड बहुमत के बाद पटना के गांधी मैदान में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में झारखंड प्रदेश एवं विभिन्न जिलों के बड़ी संख्या में पदाधिकारी शामिल हुए। बिहार की जनता ने विकास पुरुष एवं सुशासन बाबू नीतीश कुमार तथा देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर एक बार फिर भरोसा जताया है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान झारखंड से प्रदेश सचिव अर्जुन कुमार मेहता, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र मोहन पटेल, जदयू के पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, बोकारो जिला के जदयू नेता अशोक चौधरी तथा धनबाद जिला से सुशील सिंह सहित कई नेता मौजूद रहे। इन नेताओं ने नीतीश कुमार के आवास पर पहुंचकर उन्हें दसवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। साथ ही नव-निर्वाचित ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार को मिठाई खिलाकर और गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। इसके अलावा झारखंड प्रदेश के प्रभारी अशोक चौधरी, पूर्व प्रभारी रामसेवक सिंह कुशवाहा और सह प्रभारी अरुण कुमार को भी चुनावी सफलता पर शुभकामनाएं दी गई।

### समाधान दिवस में डीएम ने सुनी समस्याएं




**चित्रकूटः** शासन के निर्देशानुसार आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण के दृष्टिगत शनिवार को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी सहित अन्य पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने जनपदवासियों की समस्याओं को सुना तथा निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कोतवाली कर्वी में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान प्राप्त कुल 9 प्रार्थना पत्रों में से तीन का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि राजस्व व पुलिस से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाए। साथ ही आम जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। कहा कि थानों में आने वाले प्रत्येक फरियादी कि सुनवाई होनी चाहिए तथा भूमि विवाद, चकरोड, नाली एवं कानून-व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की करें। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस को और प्रभावी बनाने के लिए नियमित फॉलो-अप करने, फील्ड में जाकर तथ्यपरक जांच करने तथा शिकायतों का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### गोपालगंज के 230 पुराने तालाबों की बदलेगी दशा, कमेटी करेगी निगरानी

**गोपालगंज।** नए साल में ग्रामीण इलाकों में बदहाली की मार झेल रहे 230 पुराने तालाबों की दशा में बदलाव आएगा। नए साल में इनका जीर्णोद्धार किया जाएगा। इन तालाबों में साल के 12 माह तक लगातार पानी का स्तर सामान्य बनाए रखने के लिए विद्युत चालित पंप लगाए जाने की योजना है। ताकि तालाबों में कभी भी पानी की कमी जैसी समस्या पैदा नहीं हो। इस योजना पर जल्द ही कार्य प्रारंभ किए जाने की कवायद शुरू हो गई है। जिले में प्रशासनिक स्तर पर प्रत्येक पंचायत में मनरेगा के तहत एक-एक नए तालाब के साथ ही पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मात्र 112 तालाबों का ही जीर्णोद्धार हो सका है। वर्ष 2026 में शेष बचे करीब 230 तालाबों की दशा में सुधार के लिए अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार किया जाएगा। इस योजना तहत सबसे पहले तालाब को गहरा कर उसके चारों ओर ऊंचा मिट्टी का बांध बनाया जाएगा। इसके अलावा तालाब की सफाई से लेकर अन्य इंतजाम भी किए जाएंगे। इन तालाबों की देखरेख की जिम्मेदारी भी एक कमेटी को दी जाएगी। यही कमेटी तालाब के रख रखाव से लेकर अन्य कार्य करेगी। ताकि तालाब की जमीन का कोई भी व्यक्ति अतिक्रमण नहीं कर सके। ऐसे चिह्नित तालाबों की घेराबंदी कराए जाने की भी योजना प्रशासनिक स्तर पर तैयार की गई है।

# बरही विधायक ने किया 1 करोड़ 36 लाख की सड़क निर्माण योजना का शिलान्यास

● डीएमएफटी मद से कन्या मध्य विद्यालय के जीर्णोद्धार व उन्नयन कार्य का भी हुआ शुभारंभ

**सड़क व शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है : मनोज यादव**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही विधायक मनोज यादव ने शनिवार को बभनाडीह में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 1 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से बनने वाली कालीकरण सड़क का विधिवत शिलान्यास किया। यह सड़क 1600 मीटर लंबाई में एनएच-02 स्थित बबनाडीह से धनवार पंचायत भवन आरईओ रोड तक निर्माण की जाएगी। शिलान्यास से पहले ग्रामीणों ने विधायक का ढोल नगाड़ो के साथ स्वागत किया। जिसके बाद विधायक मनोज यादव ने महिलाओं के साथ बैठकर वार्ता किया और उनकी समस्याओं को जाना। इस दौरान विधायक मनोज यादव ने कहा कि गांव में पक्की सड़क से जोड़ना हमारी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास को लेकर वह शतत प्रयत्नशील है। हर गांव में पक्की सड़क और निर्बाध रूप से बिजली मिलें, इसके प्रति वह गंभीर है। उन्होंने महिलाओं को विश्वास दिलाया कि गांव में एक सामुदायिक भवन दिया जाएगा। बताते चलें कि निर्माण कार्य को पांच महीनों के अंदर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सड़क बनने से बबनाडीह, दुधपनिया, धनवार, करियातपुर, चार माइल समेत आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

**कन्या मध्य विद्यालय के जीर्णोद्धार का भी विधायक ने किया शिलान्यास :**

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक मनोज यादव ने डीएमएफटी मद से कन्या मध्य विद्यालय बरही के जीर्णोद्धार एवं उन्नयन कार्य का भी शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि सड़क व शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। शिलान्यास कार्यक्रम में जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जीप सदस्या प्रीति गुप्ता, मुखिया संघ अध्यक्ष सह मलकोको मुखिया विजय यादव, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, दुलमाहा मुखिया नारायण यादव, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, संतोष केशरी, महेंद्र केशरी, प्रकाश साव, सुरेंद्र यादव, मुन्ना यादव, अशोक यादव, संवेदक लक्ष्मण प्रसाद साव, तुलसी यादव, जगदीश यादव, गणेश साव, जयंत केशरी, रोहित साव, उपमुखिया मनोज उपाध्याय, पंकज बर्णवाल, किशोरी सिंह, कैलाश साव, शिक्षिका जुली कुमारी, मिली कुमारी, मनोज यादव, जीतू मधेशिया, घनश्याम यादव, राजकुमार यादव, अमित गौरव उर्फ पमपम, राजकुमार केशरी, धर्मेंद्र यादव, रंगिना देवी, बालेश्वर यादव, सचिन यादव, गिरजा देवी, इम्तियाज, ब्रह्मदेव यादव, बीरू यादव, जागेश्वर साव, बबलू, रोहित कुमार, इंद्रदेव ठाकुर, मो. इसराफिल, मो. मोसाहेब, मो. निज़ाद, बदरुद्दीन, मिस्टर, मजीद हुसैन, शहनवाज, मंजू देवी, रेखा देवी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## आपराधिक मामलों में झारखंड राज्य विधिक प्राधिकार से मिलेगा मुफ्त कानूनी सहयोग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को झारखंड राज्य विधिक प्राधिकार के तत्वावधान में एक दिवसीय कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ असिस्टेंट एलएडीसी अजफर हुसैन विश्वास, असिस्टेंट एलएडीसी गंगाराम टुडू, उपमुखिया अर्चना देवी, बीपीओ जगदीप पंडित तथा पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार साहा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व महिलाओं ने भाग लिया। संबोधन में अजफर हुसैन विश्वास ने कहा कि किसी अपराध में लम्बे समय से जेल में बंद असहाय व्यक्तियों को प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि डायन-प्रताड़ना, बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसे मामलों में भी लोग प्राधिकरण से मदद ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि डायन का झूठा आरोप लगाकर महिलाओं को प्रताड़ित करना गंभीर अपराध है, जिसके लिए आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। बाल विवाह पर रोक लगाने की अपील करते हुए बताया कि लड़की की न्यूनतम आयु 18 और लड़के की 21 वर्ष निर्धारित है। शिविर में उपस्थित लोगों ने दहेज न लेने-न देने की शपथ ली। प्राधिकरण ने बताया कि अब तक 992 में से 50 प्रतिशत से अधिक मामलों का समाधान किया जा चुका है।

## मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के आवेदन के लिए उमड़ रहीं महिलाएं, युवाओं में दिख रहा ज्यादा उत्साह

**गढ़वा।** गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया है। इसमें विभिन्न योजनाओं का लाभ के लिए बड़ी संख्या में लोग आवेदन करने पहुंच रहे हैं। मगर सबसे अधिक संख्या मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लिए पहुंच रही है। बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियां शिविर में आवेदन करने पहुंच रही हैं। खासकर जिन युवतियों ने हाल के दिनों में 18 साल पूरा किया है तथा इसके पूर्व उन्हें इसका लाभ नहीं मिल रहा था। इनमें आवेदन करने तथा योजना का लाभ पाने को लेकर उत्साह दिख रहा है। मालूम हो कि सरकार द्वारा 18 वर्ष से लेकर 50 वर्ष तक की महिलाओं को मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। शिविर लगने से फिर एक बार महिलाएं योजना को लेकर उत्साहित हैं।

## सांसद मनीष जायसवाल ने कोलघट्टी से 65 तीर्थयात्रियों को चार धाम के लिए किया रवाना

● अयोध्या में 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह को देखते हुए बदला गया यात्रा रूट



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत कोलघट्टी क्षेत्र से 65 बुजुर्ग तीर्थयात्रियों के जत्थे को चार धाम यात्रा के लिए रवाना किया। वार्ड संख्या 01 और 02 स्थित कोलघट्टी दुर्गा मंडप परिसर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में सांसद स्वयं उपस्थित हुए और पारंपरिक रूप से तीर्थयात्रियों के पैर पखारकर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने पुष्पवर्षा कर यात्रियों को गाजे-बाजे के साथ यात्रा के लिए विदा किया। सांसद ने तीर्थयात्रियों को यात्रा के उद्देश्य, नियमों और सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान समय में जब सनातन धर्म पर विभिन्न प्रकार के प्रहार हो रहे हैं, ऐसे में तीर्थयात्रा का महत्व और बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के वृद्धजनों के तीर्थाटन के सपने को पूरा करने के लिए वे 'गिलहरी पहल' के तहत लगातार प्रयासरत हैं। अब तक काशी, विंध्याचल, अयोध्या और प्रयागराज सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों की यात्रा करीब ढाई हजार से अधिक बुजुर्ग पूरी कर चुके हैं। यह अभियान प्रत्येक पांच दिन में एक पंचायत से जारी रहता है। उन्होंने बताया कि इस बार यात्रा का रूट विशेष रूप से बदला गया है। आगामी 25 नवंबर को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवा विजय ध्वज फहराने के ऐतिहासिक ध्वजारोहण समारोह को देखते हुए जत्था पहले अयोध्या पहुंचकर दर्शन करेगा, उसके बाद अन्य तीर्थ स्थलों की यात्रा की जाएगी। कार्यक्रम में समाजसेवी छवि गोप, जिला सांसद प्रतिनिधि अजय साव, सदर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा, मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ़ खोखा सिंह, भाजपा नेता जुगनू सिंह, इन्द्रनारायण कुशवाहा, दीपू गोप, लब्बू गुप्ता, कृष्णा मेहता, रेणुका साहू, बंटी तिवारी, बिरेन्द्र कुमार बीरु सहित कई जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### मधुबनी में प्रसव के दौरान महिला की मौत के बाद हंगामा, पति पर डॉक्टर से मिलकर हत्या करवाने का आरोप

**मधुबनी।** जयनगर के एक प्राईवेट नर्सिंग होम में प्रसव के बाद जच्चा की मौत पर स्वजनों ने नर्सिंग होम पर हंगामा किया। जिसके बाद भीड़ को कंट्रोल करने के लिए जयनगर समेत बासोपट्टी व लदनियां थाना पुलिस के अलावा एसएसबी को बुलाया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी भेज दिया है। मृतक के ससुराल पक्ष ने प्रसव के लिए छठ पर्व के दिन जयनगर के निबंधन कार्यालय के पास एक प्राईवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। प्रसव के बाद जच्चा बच्चा को भर्ती किए हुए था। शुक्रवार की देर शाम जच्चा की मौत होने पर स्वजनों ने हंगामा करने लगे। मृतका की पहचान ज्योति कुमारी (27) पति राहुल कुमार उर्फ गुड्डू वार्ड नंबर 3 युनियन टोला जयनगर के रुप में किया गया है। मृतका का मायका बासोपट्टी थाना क्षेत्र बताया गया है। मृतका के मायके पक्ष ने अपने दामाद पर चिकित्सक से मिल कर उनकी बेटी को मारने का आरोप लगाया है। हालांकि इस घटना में मृतका के मायके या पति की ओर से थाने में अब तक आवेदन नहीं दिया गया है।

## कोल माफिया के 44 ठिकानों पर छापेमारी पूरी, 14 करोड़ रुपये नकदी समेत बहुत कुछ मिला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची।** कोयला के अवैध तरीके से खनन, परिवहन, भंडारण एवं बिक्री मामले में छानबीन कर रही ईडी की शुक्रवार से जारी छापेमारी शनिवार को पूरी हो गई। झारखंड व पश्चिम बंगाल के 44 ठिकानों पर ईडी ने एक साथ छापेमारी की है। छापेमारी में ईडी को 14 करोड़ रुपये से अधिक के नकदी, जेवरात व सोने, आपत्तिजनक दस्तावेज की बरामदगी हुई है। इनमें कोयला सिंडिकेट से जुड़ी कई प्रापर्टी डीड और जमीन की बिक्री व खरीद से जुड़े एग्रीमेंट मिले हैं। ईडी ने छापेमारी में बड़ी संख्या में डिजिटल साक्ष्य, खातों से संबंधित बुक्स आदि भी मिले हैं। इसका ईडी सत्यापन कर रही है। ईडी ने झारखंड में 20 जगहों पर छापेमारी की है। ये छापेमारी धनबाद में दुमका में हुई हैं। जहां छापेमारी हुई है, उनमें मुख्य रूप से कोयला कारोबारी लाल बहादुर सिंह, अनिल गोयल, संजय खेमका, अमर मंडल व उनकी कंपनियों से जुड़े लोगों के ठिकाने शामिल हैं। ईडी ने पश्चिम बंगाल में 24 जगहों पर एक साथ छापेमारी की है। ये ठिकाने दुर्गापुर, पुरुलिया, हावड़ा व कोलकाता में हैं। पश्चिम बंगाल में नरेंद्र खरका, कृष्ण मुरारी कयाल, युधिष्ठिर घोष, राजकिशोर यादव, लोकेश सिंह, चिन्मय मंडल, नीरद बरन मंडल व दूसरों से जुड़े कई घरों, कार्यालयों, अवैध टोल कलेक्शन बूथों व प्लांटों में तलाशी ली गई। सीआरपीएफ जवानों के साथ ईडी के 100 से अधिक अधिकारी इस छापेमारी अभियान में शामिल रहे। ईडी की यह जांच व छापेमारी पश्चिम बंगाल व झारखंड पुलिस के माध्यम से अवैध कोयला तस्करी के मामले में दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है। उन सभी प्राथमिकियों के आधार पर ईडी ने मनी लांड्रिंग के तहत केस दर्ज किया। झारखंड व पश्चिम बंगाल में अलग-अलग केस दर्ज हैं। दोनों ही राज्यों में दर्ज केस की प्रकृति एक सी थी, इसलिए दोनों ही राज्यों ने आपसी समन्वय से एक साथ छापेमारी की है।

### बरकट्ठा जाने के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू का बरही चौक पर हुआ स्वागत



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरकट्ठा विधायक अमित यादव के पिता स्व. चितरंजन यादव के पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे झारखंड प्रदेश के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू का बरही चौक पर भाजपाइयों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उनके साथ हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मौजूद थे। मौके पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता अर्जुन साहू, जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता, मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, भाजपा ओबीसी नेता मुन्ना यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, बिनोद पासवान, संदीप सेठ, राजकुमार यादव, अमित गौरव उर्फ पमपम आदि मौजूद थे।

## शहर में चारों तरफ गंदगी का अंबार 25 वार्डों में छठवें दिन नहीं उठा कूड़ा, आग लगाने से शहर की बिगड़ी हवा की गुणवक्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलियाः** बलिया शहर के 25 वार्डों में छठवें दिन भी कूड़ा नहीं उठाया गया। इसकी वजह है कि यहां नगर पालिका कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया है। बलिया नगर पालिका कर्मचारियों के धरने के कारण शहर में पांच दिनों से कूड़े का उठान नहीं हो रहा है। शहर के अधिकांश चौक-चौराहों पर कचरा पटा है। दुकानदार बाजार में कचरे में आग लगा दे रहे है, कचरा से फैल रहे प्रदूषण से शहर की वायु गुणवक्ता खराब हो गई है। पिछले 12 घंटे में 125 से 165 से ऊपर है। अस्थमा, गम्भीर रोगियों की हालत खराब हो रही है। लोगों को गले मे खरास, सांस लेने में परेशानी हो रही है। शहर में कचरा से प्रदूषण पर काबू के लिए नगर पालिका परिषद की कोशिश फिलहाल नजर नहीं आ रही है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। नगर पालिका परिषद के कर्मचारी व सफाई कर्मियों के हड़ताल पर जाने से स्थिति और विकट हो गई है। पांच दिनों से विशुनीपुर रोड, सिविल लाइन, रामपुर उदयभान, मालगोदाम रोड, जगदीशपुर, टाउनहाल, शहीद पार्क चौके, विजय सिनेमा रोड, जापलिनगंज चौराहों कदम चौराहा के साथ ही गली व मोहल्ले में गंदगी की बदबू से लोग परेशान है। वही कदम चौराहा निवासी आशीष मिश्रा ने स्वतंत्र प्रभात से बातचीत करने के दौरान कहा कि कूड़े की ढेर के वजह से शहर में गंदगी और बदबू का भरमार है कूड़े की ढेर के निकट से आवाजाही करने से लोग बचने लगे हैं। गंदगी से आजिज आम लोगों में नगर पालिका के प्रति उबाल देखने को मिल रहा है। व्यापारी आक्रोशित है। वहीं, चेरमैन संतकुमार मिठाई लाल गुप्ता व ईओ सुभाष कुमार एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे है।

## झारखंड विधानसभा की रजत जयंती पर आयोजित ऐतिहासिक समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री हुए शामिल

● मुख्यमंत्री ने कहा– बाबा शिबू सोरेन झारखंड की आत्मा, संघर्ष और स्वाभिमान के प्रतीक थे

**सरकार की प्राथमिकता– सेवा का अधिकार, पारदर्शी प्रशासन और समावेशी विकास**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची, झारखंडः-** झारखंड विधानसभा परिसर रांची में आज झारखंड विधानसभा की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती) धूमधाम और गरिमापूर्ण माहौल में मनाई गई। इस ऐतिहासिक अवसर पर माननीय राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। दोनों विशिष्ट अतिथियों ने आमजन, विधायकगण, मंत्रीगण और विधानसभा परिवार को रजत जयंती की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड के सृजन का इतिहास संघर्ष, बलिदान और आदिवासी-मूलवासी समाज की अमिट भूमिका से भरा है। हमारे पूर्वजों के अथक प्रयासों और शहादत ने झारखंड को अलग पहचान दिलाई है। आज हम विकास के नए अध्याय लिख रहे हैं, जो इसी विरासत की देन है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार, झारखंड उच्च न्यायालय और अब झारखंड विधानसभा द्वारा रजत जयंती समारोह का आयोजन राज्य के प्रगतिशील सफर और विकास की निरंतरता का प्रतीक है।

**बाबा शिबू सोरेन को मुख्यमंत्री ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि**

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत दुखद है कि आज हमारे बीच झारखंड आंदोलन के महानायक, दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन जी नहीं हैं। उन्होंने अपने जीवन का हर क्षण झारखंड की अस्मिता और अधिकारों के लिए समर्पित किया। वे झारखंड की आत्मा, संघर्ष और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

**आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक सशक्तिकरण— सरकार का मूल संकल्प**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य गठन के बाद भी गरीबी, कुपोषण और सामाजिक न्याय के क्षेत्रों में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में दृढ़ संकल्पित है। सेवा का अधिकार जैसे कार्यक्रमों ने शासन को जनता के द्वार तक पहुंचाया है। हमारा लक्ष्य पारदर्शी, संवेदनशील और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करना है।

**उत्कृष्ट विधायक, शहीद जवान, खिलाड़ी, साहित्यकार व पूर्व विधायकों का सम्मान**

समारोह में उत्कृष्ट विधायक के रूप में श्री राज सिन्हा को सम्मानित किया गया। राज्यपाल, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने शहीद पुलिसकर्मियों, सैनिकों तथा नक्सल अभियान में वीरगति प्राप्त सुरक्षा बलों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों को स्मृति-चिन्ह, प्रशस्ति-पत्र और सम्मान राशि प्रदान की। साथ ही राज्य के खिलाड़ियों, छात्रों, साहित्यकारों और पूर्व विधायकों को भी सम्मानित किया गया।

**'उड़ान' पत्रिका के 99वें और 100वें अंक का लोकार्पण**

कार्यक्रम के दौरान झारखंड विधानसभा सदस्यों का जीवन परिचय ग्रंथ, पुस्तक सदन संवाद, तथा विधानसभा की मासिक पत्रिका उड़ान के 99वें और 100वें अंक का लोकार्पण किया गया। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचेतक प्रतिपक्ष नवीन जायसवाल, प्रभारी सचिव माणिकलाल हेंब्रम, मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, पूर्व मंत्रीगण, पूर्व विधायकगण तथा विधानसभा के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने हज़ारीबाग वाइल्डलाइफ़ सैंक्चुअरी का किया शैक्षणिक भ्रमण

● शिक्षा को केवल परीक्षाओं तक सीमित नहीं रखना चाहते है : स्कूल प्रबंधक राकेश कुमार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने शनिवार को हज़ारीबाग राष्ट्रीय वन्यजीव अभयारण्य का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण स्कूल में हर सप्ताह आयोजित होने वाले एजुकेशनल टूर का हिस्सा है। स्कूल का उद्देश्य बच्चों को पुस्तकीय शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक ज्ञान से भी जोड़ना है, ताकि वे विषयों को केवल पढ़ें ही नहीं बल्कि वास्तविक रूप से समझ और महसूस भी कर सकें। भ्रमण के दौरान छात्रों ने सैंक्चुअरी में मौजूद विभिन्न वन्यजीवों, पक्षियों और प्राकृतिक संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। बच्चे अभयारण्य में स्थित संग्रहालय भी गए, जहां उन्होंने जैव-विविधता से जुड़े अनेक मॉडल और संरक्षित नमूने देखे। छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट्स के लिए अभयारण्य से महत्वपूर्ण तथ्य और सामग्री एकत्र की।हज़ारीबाग वाइल्डलाइफ़ सैंक्चुअरी देश के प्रतिष्ठित अभयारण्यों में से एक है। यहां की प्राकृतिक संपदा और वन्यजीवों की विविधता इसे अध्ययन और शोध के लिए एक उपयुक्त स्थल बनाती है। स्कूल प्रबंधक राकेश कुमार ने कहा कि हम शिक्षा को केवल परीक्षाओं तक सीमित नहीं रखना चाहते। हमारा प्रयास है कि विद्यार्थी प्रकृति, पर्यावरण और समाज की वास्तविकताओं को समझें। वाइल्डलाइफ़ सैंक्चुअरी जैसे स्थानों का भ्रमण बच्चों में जागरूकता और संवेदनशीलता दोनों विकसित करता है। इस शैक्षणिक भ्रमण में स्कूल के शिक्षक अमरजीत पांडेय, सतीश कुमार, गुप्ता सर, नसरिन मैडम और रूपाली कुमारी के अलावा छात्रों के साथ मौजूद रहे। सभी शिक्षकों ने पूरे समय बच्चों का मार्गदर्शन किया और भ्रमण को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### श्रेष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ को किया गया सम्मानित

**चित्रकूटः** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर) अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो बीएलओ को उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन द्वारा सम्मानित किया गया। मऊ उपजिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बीती चार नवंबर से चार दिसम्बर तक गणना पत्रकों का वितरण, एकत्रीकरण और उनका डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। जिसके तहत विधानसभा 237 मानिकपुर की तहसील मऊ में भाग संख्या 88 के बीएलओ राकेश सिंह और भाग संख्या 89 के बीएलओ अनुभव त्रिपाठी को कुशलतापूर्वक शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बताया कि दोनों बीएलओ सहायक अध्यापक के रूप में प्राथमिक विद्यालय ताड़ी में कार्यरत हैं। इस मौके पर तहसीलदार मऊ राम सुधार, नायब तहसीलदार मऊ पारुल सिंह, समाजसेवी सुनील मिश्र, मनीष सिंह, गोलू द्विवेदी, अनिल कुमार, शिव सागर आदि मौजूद रहे।

## बिना काम किए हड़प ली गई 80 प्रतिशत राशि, डीएमएफटी में 1100 घोटाला, मामले में 28 नवंबर को सुनवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रांची।** Jharkhand DMFT Scam झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में बोकारो में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) में करोड़ों रुपये के घोटाले और फंड के दुरुपयोग को लेकर दाखिल जनहित याचिकाओं पर सुनवाई हुई। मामले में राजकुमार ने हस्तक्षेप याचिका दाखिल की है। प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि वर्ष 2016 से अब तक डीएमएफटी फंड के नाम पर करीब 11 अरब रुपये की गड़बड़ी हुई है। बिना टेंडर के मनमाने तरीके से ठेके दिए गए और 80 प्रतिशत राशि बिना काम के ही हड़प ली गई। इसके अलावा प्रदूषण नियंत्रण उपकरण और अन्य सामग्रियों की खरीद में भी भारी वित्तीय अनियमितता हुई है। प्रार्थी की ओर से अदालत को तस्वीर दिखाते हुए बताया गया कि जिन कामों का दावा किया जा रहा है, जमीन पर वैसा कुछ भी नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि ओपन मार्केट में 93 हजार रुपये कीमत वाले डिवाइस को 11 लाख रुपये में खरीदा गया है और कोटेशन के आधार पर मनमानी तरीके से काम आवंटित किए जा रहे हैं। उन्होंने सीबीआइ जांच की मांग भी दोहराई। अदालत ने इस मामले में सरकार को जवाब दाखिल करने और प्रार्थी को अपना पक्ष दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई 28 नवंबर को होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### थाना समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनी जन शिकायतें



**गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश**

**अमेठी।** शासन के निर्देशानुसार जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक शनिवार को थाना गौरीगंज पहुंचे और थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान आमजन द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और थानाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित रखना किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है। डीएम ने कहा कि समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का निस्तारण यथाशीघ्र करना है, ताकि जनता को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और शिकायतकर्ता को त्वरित राहत मिल सके। इसी के साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले में तथ्यात्मक जांच एवं न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। समाधान दिवस में भूमि विवाद, पारिवारिक समस्याओं, राजस्व संबंधित मामलों एवं पुलिस विभाग से जुड़े प्रकरण रहे। इस अवसर पर थानाध्यक्ष गौरीगंज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### ऑटो और बाईक की टक्कर में दो व्यक्ति घायल, ईलाज जारी



**कोन / सोनभद्र** – कोन थाना क्षेत्र के कोन विंढमगंज मार्ग कुड़वा के पास मोड़ के पास आमने सामने सुबह लगभग 8 बजे टक्कर हो गयी । टक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गयी जहाँ ऑटो चालक व बाईक चालक दोनों जख्मी हो गये। राहगीरों की सूचना पर लोगों के सहयोग से घायलों को निजी वाहन से दुद्धी अस्पताल ले जाया गया जहाँ बाईक चालक अनिल गुप्ता वर्ष लगभग, 26 वर्ष निवासी फुलवार ( महुली) थाना विंढमगंज को दुद्धी अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया और वहीं ऑटो चालक श्रवण यादव वर्ष लगभग 22 वर्ष निवासी को प्राईवेट अस्पताल दुद्धी में ईलाज चल रहा है। बताया जा रहा कि युवक का दाहिना पैर टूट गया है। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो विंढमगंज से सब्जी लेकर कुड़वा आ रहा था और बाईक चालक कुड़वा अपने ससुराल से घर जा रहा था कि अचानक कुड़वा मोड़ पर टक्कर हो गयी। घटना की सूचना पाकर पीआरवी मौके पर पहुंचकर दोनों वाहन को कब्जे में लेकर ग्राम प्रधान कुड़वा को सौंप दिया। जिसके क्रम में कुछ जानकारों का कहना है कि कोन विंढमगंज मार्ग जर्जर होने से आय दिन दुर्घटना हो रही है जिसे तत्काल मरम्मत कराने की जरूरत है ताकि लोगों की जिंदगी बच सके।

### पिता की मौत पर राजीनामा करने को धमकाया

**पुत्र ने घर आकर लगा ली फांसी, एफआईआर दर्ज**

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरूनगर निवासी रामकली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 सितम्बर 2025 को अखिलेश नामदेव उसके घर आया और सुबह 7.30 बजे अपने पिता के साथ काम पर ले गया। सुबह करीब 11 बजे उसे फोन आया कि उसका पति भैयालाल जिला अस्पताल में भर्ती है। जब वह अस्पताल पहुंची तो वहां से उसके पति को झांसी रेफर किया गया, जहां उपचार न हो पाने के कारण उसके पति की मौत हो गयी। आरोप है कि अखिलेश नामदेव व ठेकेदार रामपाल ने एक विलिंग स्टाम्प व बिलिंग पेपर पर हस्ताक्षर कराये गये, जिसकी उसे जानकारी नहीं थी। 21 नवम्बर को अखिलेश नामदेव के बुलाने पर वह कोतवाली गये, जहां अखिलेश व रामपाल ने राजीनामा की बात कही, लेकिन सहमति न होने के कारण वह घर वापस आ रही थी। आरोप है कि उसके पुत्र को उक्त लोगों ने रास्ते में रोकते हुये राजीनामा का दबाव बनाया। दहशत में आकर बच्चे मोहित ने घर आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126 (2), 108, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## ओबरा (सोनभद्र) में समरसता की क्रांति श्री राम सेवा समिति ने तोड़ी अमीर-गरीब की दीवार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ओबरा (सोनभद्र)**– उत्तर प्रदेश आज के आधुनिक समाज में जहाँ आर्थिक असमानता की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है, वहीं सोनभद्र के ओबरा से श्री राम सेवा समिति ने समरसता और सामाजिक एकता का एक प्रेरणादायक और अद्भुत संदेश पूरे देश को दिया है। समिति ने अपनी अनूठी पहल से अमीर और गरीब के बीच की हर दीवार को ध्वस्त कर दिया है, जिसके तहत सभी वर्ग के लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ बैठकर प्रभु का प्रसाद (भोजन) ग्रहण करते हैं। यह कार्य केवल भोजन वितरण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह सेवा और आध्यात्मिकता के मार्ग पर सभी मनुष्यों की समानता का जीवंत प्रमाण बन गया है। समिति के संस्थापक और अध्यक्ष, पत्रकार अजीत प्रताप सिंह के प्रेरणादायक नेतृत्व में, यह सेवा समर्पण का 14वाँ शनिवार सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु असहायों और जरूरतमंदों को भरपेट पौष्टिक भोजन कराना रहा। अजीत प्रताप सिंह ने जोर देकर कहा कि समिति का प्राथमिक लक्ष्य उन भूखे और असहाय व्यक्तियों को पोषण प्रदान करना है, जिन्हें समाज में अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। उन्होंने कहा, सच्ची सेवा वही है जो बिना किसी प्रतिफल की अपेक्षा के केवल मानव कल्याण के उद्देश्य से की जाए। हमारा लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जहाँ कोई भी व्यक्ति भूख और अभाव से पीड़ित न हो। श्री राम सेवा समिति की सेवा भावना केवल भोजन कराने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और पर्यावरणीय स्वच्छता की ओर भी एक कदम बढ़ाती है। समिति के सदस्य, अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह के साथ, भोजन वितरण के बाद सड़कों और रास्तों पर पड़े जूठे दोने-पत्तल और चम्मचों की सफाई करते हैं। यह कार्य दिखाता है कि उनका समर्पण केवल मानव सेवा तक ही नहीं, बल्कि अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने के प्रति भी है। यह निस्वार्थ सफाई अभियान सेवा समर्पण के उनके भाव को और भी अधिक मजबूत करता है और यह सिद्ध करता है कि सच्ची सेवा बहुआयामी होती है।समिति की सबसे प्रशंसनीय पहल सभी को एक साथ बैठाकर भोजन कराना है। यह कदम एक सशक्त संदेश देता है कि भोजन और प्रभु के प्रसाद के सामने सभी मनुष्य समान हैं। इस पहल ने सिद्ध कर दिया है कि मानवीय मूल्य और करुणा ही समाज की वास्तविक पूंजी हैं। स्थानीय निवासियों ने समिति के इस कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा, समिति का यह कार्य न केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि मानवीय मूल्यों और करुणा का जीवंत उदाहरण है, जो सच्ची सेवा की मिसाल कायम करता है। इस महान मिशन को सफल बनाने में अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह के साथ एक समर्पित और निस्वार्थ टीम जुटी हुई है। इस टीम में उपाध्यक्ष पुष्पा दुबे और कोषाध्यक्ष रीता कुमारी,तथा संरक्षक सर्वेश दुबे, ओम प्रकाश सिंह, बाबू राम सिंह,और सदस्य दीपक माली, विनोद तिवारी, दीपक पांडेय, अनिल गुप्ता शामिल हैं। इन सभी सदस्यों का अथक प्रयास और निस्वार्थ सेवा भाव इस मानवीय कार्य को प्रतिदिन नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है।श्री राम सेवा समिति का यह कदम पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा है कि हम सभी मिलकर एक समावेशी और समतामूलक समाज का निर्माण करें, जहाँ हर जरूरतमंद को सम्मान, सहयोग और भरपेट भोजन मिले।

### आनन्दम कार्यक्रम से बच्चों में उमंग, योगा सत्र ने बढ़ाया उत्साह

**सोनभद्र।** बेसिक शिक्षा परिषद बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने और उन्हें बोझमुक्त, तनावमुक्त वातावरण देने के लिए लगातार नए प्रयोग कर रहा है। इसी उद्देश्य से कम्पोजिट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 'आनन्दम कार्यक्रम' संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत विशेष शनिवार को 'नो बैग डे' घोषित किया गया है। इसी क्रम में घोरावल विकासखंड के कम्पोजिट विद्यालय विसुन्धरी ने कार्यक्रम की शुरुआत मां वीणावादिनी की पूजा-अर्चना के साथ की। समन्वयक दीनबन्धु त्रिपाठी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार हर महीने एक शनिवार को इस कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आनंददायक वातावरण प्रदान किया जाता है। इस शनिवार विद्यालय में योगा सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एआरपी मयंक दुबे ने प्रशिक्षक के रूप में बच्चों को क्रमवार योगाभ्यास कराया और ध्यान की ओर प्रेरित किया। बच्चों ने इस कार्यक्रम को बेहद उपयोगी बताते हुए सरकार की पहल की सराहना की। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं श्वेता, रेखा, प्रीति, अंकित, सुलेखा, रूपा, सरगम सहित सैकड़ों बच्चों ने प्रतिभाग किया।

## नव जागरण अभियान का पाँचवाँ कार्यक्रम श्री उद्यालक मुनि इंटर कॉलेज में सम्पन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रुपईडीह, गोण्डा।** नव जागरण अभियान के तहत पाँचवाँ जागरूकता कार्यक्रम शनिवार को श्री उद्यालक मुनि इंटर कॉलेज, रुपईडीह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को साइबर क्राइम, यातायात सुरक्षा, मोबाइल सदुपयोग, बाल श्रम उन्मूलन, जल संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर सरल एवं प्रभावी जानकारी देकर जागरूक किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्रा, विभागाध्यक्ष हिंदी, लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव तथा मोबाइल के सुरक्षित उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और डिजिटल साक्षरता को समय की आवश्यकता बताया।क्षेत्रीय वन अधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़ों की अनियंत्रित कटाई से भविष्य में ऑक्सीजन की कमी व अन्य गंभीर समस्याएँ उत्पन्न होंगी। उन्होंने पौधारोपण एवं पर्यावरण संवर्धन में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की अपील की।वरिष्ठ पत्रकार हरि नारायण शुक्ल ने गलत सूचनाओं के वायरल होने के दुष्परिणामों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मोबाइल के माध्यम से फैल रही अफवाहें समाज में भ्रम फैलाने के साथ सूचना तंत्र की विश्वसनीयता को भी प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को सत्य-परीक्षण की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए।कार्यक्रम के मुख्य संचालक हाईकोर्ट अधिवक्ता गणेश नाथ मिश्रा ने मतदाता पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने संविधान में निहित अनुच्छेद 51(क) के मूल कर्तव्यों को विस्तारपूर्वक समझाते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति सजग होने का संदेश दिया।कार्यक्रम के अंत में सभी वक्ताओं ने विद्यार्थियों से समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विद्यालय प्रबन्धक करम चन्द सिंह के साथ विद्यालय का पूरा स्टाप मौजूद रहा।

## कर अधिवक्ता पर सहकारी समितियों का लाखों रुपया का हेराफेरी का आरोप

**●सचिवों ने विभागीय आलाधिकारियों से लगायी गुहार**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** जीरो टोलरेंस नीति का हवाला देने वाली भाजपा सरकार के अहम विभाग में जी.एस.टी. के लाखों रुपये गबन का घोटाला सामने आने से हडक़म्प मचा हुआ है। भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हुये एक कर अधिवक्ता पर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में उ.प्र.सहकारी समिति कर्मचारी संघ अध्यक्ष व महामंत्री ने उपायुक्त एवं उपनिबंधक सहकारिता झांसी मण्डल को पत्र लिखकर पूरे मामले की समितिवार जांच कर रकम वापस कराने और कर अधिवक्ता का रजिस्ट्रेशन निरस्त कर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। लाखों रुपये गबन का मामला चर्चाओं में आने के बाद से समिति सचिवों व उच्चाधिकारियों के पैरों तले जमीन खिसक गयी है।

उ.प्र.सहकारी समिति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कमल किशोर बबेले व महामंत्री पंकज सिंह ने संयुक्त रूप से एक पत्र उपायुक्त एवं उपनिबंधक सहकारिता झांसी मण्डल को भेजा है। पत्र में उन्होंने ललितपुर की 30 सहकारी समिति के सचिवों ने बीते पांच वर्षो से जीएसटी रिर्टन भरने के लिए नियुक्त कर अधिवक्ता पर लगभग 19 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुये विभाग से उक्त कर अधिवक्ता का रजिस्ट्रेशन निरस्त कर एफआईआर दर्ज कराये जाने की मांग उठायी है। संघ अध्यक्ष ने बताया कि कर अधिवक्ता द्वारा जीएसटी मद से अधिक शुल्क लेने के सम्बन्ध में एक पत्र सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक ललितपुर को पत्र प्रेषित किया गया था। बावजूद इसके कर अधिवक्ता द्वारा समितियों के जीएसटी रिर्टन भरवाने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है। बताया कि समितियों द्वारा जो धनराशि कर अधिवक्ता के खाते में स्थानान्तरित की गयी, उतनी जीएसटी मद में जमा न करते हुये कम धनराशि कर अधिवक्ता द्वारा जमा की गयी है, जिससे समितियों को आर्थिक क्षति हुयी है एवं कर अधिवक्ता द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग किये जाने का भी आरोप है।

**समितिवार आंकलन करने पर आया मामला सामने**

संघ अध्यक्ष ने बताया कि जिले की तीस सहकारी समितियों पर कुल 3609254 रुपये की धनराशि कर अधिवक्ता के खाते में जीएसटी मद के लिए ट्रांस्फर की गयी, लेकिन कर अधिवक्ता द्वारा कुल 1646272 रुपये ही जीएसटी मद में जमा की गयी एवं शेष 1962982 रुपये को अपने निजी उपयोग में कर लिया गया। संघ ने कहा कि यदि यह धनराशि समितियों के प्रकीण खातों में वापस ट्रांस्फर हो जाये तो समितियों को अपने विद्युत बिल, कनेक्टिविटी आदि के बिल भुगतान करने में सुगमता होगी। यह भी आरोप है कि समितियों को विधिवत जानकारी न होने के कारण कर अधिवक्ता ने सचिवों को गुमराह कर यह धनराशि अपने खाते में ट्रांस्फर करा ली।

**जांच कर कार्यवाही की मांग**

उ.प्र.सहकारी समिति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कमल किशोर बबेले व महामंत्री पंकज सिंह ने संयुक्त रूप से उपायुक्त एवं उपनिबंधक सहकारिता को भेजे पत्र में उक्त कर अधिवक्ता का रजिस्ट्रेशन निरस्त कराते हुये इनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

**आयकर विभाग के नोटिस से खुली नींद**

गेंहू पर शून्य जीएसटी है, जबकि गेंहू क्रय केन्द्रों के लिए तैयार बैलेंस शीट में गलत विवरण दर्ज किया गया। आयकर विभाग ने टर्न ओवर के अनुसार समयाविधि तक ऑडिट न होने पर नोटिस जारी कर दिया। नोटिस विभाग में मानो किसी बम की तरह फट पड़ा। कर अधिवक्ता से समितियों ने जबाव तलब करना शुरू कर दिया। रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक रिर्टन दाखिल करने के लिए जिस अधिवक्ता को अधिकृत किया है, उनके द्वारा ही लाखों रुपये का गबन करते हुये घोटाले को अंजाम दे डाला।

## दहेज में पांच लाख की मांग पूरी न होने पर महिला को घर से निकाला

**●पुत्री के साथ मायके में निवासरत है महिला, ससुरालियों पर एफआईआर दर्ज**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** गांधीनगर नई बस्ती में रहने वाली स्नेहा पुत्री बृजेश कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी 9 दिसम्बर 2020 को मध्य प्रदेश के भोपाल अंतर्गत प्लाट नं. 75, नीलसागर फेज 2 नीलबड़ थाना रतिबड़ निवासी सुशील पुत्र अनिल श्रीवास्तव के साथ सागर के मकरोनिया स्थित गीतांजलि मैरिज हॉल से हुयी थी। शादी में उसके पिता ने दान दहेज के अलावा पांच लाख रुपये खर्च किये थे। आरोप है कि शादी के बाद उसके घर में पति सुशील, ससुर अनिल श्रीवास्तव, सास रेखा, जेठ सिद्धार्थ के साथ रही और विवाद के बाद से ही उक्त लोगों ने अतिरिक्त दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया। शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित करते हुये ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपयों की मांग रखी। इसकी सूचना जब उसने अपने पिता को दी तो पिता ने असमर्थता व्यक्त की। आरोप है कि ससुरालियों द्वारा हिंसक घटनाएं की गयीं। कुछ समय पश्चात वह गर्भवती हुयी तो उसे और परेशान कर कहा गया कि अतिरिक्त दहेज न लाने पर उसका गर्भपात करा देंगे। अक्टूबर 2021 में जब वह 7 माह गर्भ से थी, तब ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। आरोप है कि जब उसने अपने पिता से कहा तो ससुरालियों ने उसे पेट्रोल डालकर मार डालने की धमकी दी गयी। तब से वह अपने मायके में निवासरत है। 19 दिसम्बर 2021 में महिला अस्पताल में उसने पुत्री को जन्म दिया। जिसकी सूचना पिता ने जब ससुरालियों को दी तो वह भडक़ गये। बताया कि ससुराली 16 नवम्बर को अपराह्न 12 बजे उसके घर गांधीनगर आये और उसे पुत्री के साथ ले गये। आरोप है कि बिना दहेज के ससुरालियों ने उसे रखने से मना करते हुये गालियां दीं और मारपीट की। मौके पर मौजूद बृजेश श्रीवास्तव, मोहिनी श्रीवास्तव, वन्दना श्रीवास्तव व संजय श्रीवास्तव के अलावा मोहल्लेवासियों ने उसे बचाया। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 115 (2), 351 (3), 352 व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## फ़्लोरोसिस प्रभावित कोन क्षेत्र में जल संकट गहराया हर घर नल योजना बनी अभिशाप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कोन/सोनभद्र**- उत्तर प्रदेश सोनभद्र जिले के विकास खंड कोन में केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल योजना (जल जीवन मिशन) धरातल पर दम तोड़ती नजर आ रही है। विशेषकर फ़्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीण शुद्ध पेयजल के अभाव में फ्लोराइड युक्त दूषित पानी पीने को विवश हैं। इसी गंभीर समस्या को लेकर, कचनरवा और कुड़वा ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया और संबंधित कार्यदायी संस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। स्थानीय समाजसेवी बिहारी प्रसाद यादव की अगुवाई में ग्राम पंचायत कचनरवा में ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। उनका स्पष्ट आरोप है कि लगभग छह महीनों से फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप्प है। वरिष्ठ समाजसेवी बिहारी प्रसाद यादव ने दुख व्यक्त करते हुए कहा क्षेत्र में आज भी लोग नदी-नालों का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। इसके भयावह परिणाम सामने आ रहे हैं। जवान भी बूढ़े दिखने लगे हैं, बच्चों के दांत पीले पड़ रहे हैं, और आए दिन लोग फ्लोरोसिस की चपेट में आकर काल के मुँह में समा रहे हैं। हर घर नल योजना यहाँ के लोगों के लिए अभिशाप साबित हो रही है। इसके अतिरिक्त, गंगा प्रसाद की अगुवाई में ग्राम पंचायत कुड़वा के ग्रामीणों ने भी प्रदर्शन कर नियमित पानी आपूर्ति की मांग की। प्रदर्शन में दुःखी, अखिलेश, भरत, कलावती, मानवासी, देवंति देवी आदि शामिल रहे।स्थानीय लोगों और विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, कार्यदायी संस्था की कार्यप्रणाली पूरी तरह से सवालों के घेरे में है कई ग्राम पंचायतों में नल कनेक्शन का कार्य पूरा नहीं हुआ है, लेकिन संस्था द्वारा इसे कागजों पर पूर्ण दिखा दिया गया है, जो जाँच का विषय है। पाइपलाइन की गहराई मानक के अनुरूप नहीं है, और इस्तेमाल किए गए पाइपों की गुणवत्ता भी घटिया है, जिसके कारण हल्की बरसात में ही पाइपलाइन जगह-जगह ध्वस्त हो जा रही है। सोन नदी में स्थापित इंटेक का जलस्तर अभी से ही कम है, जिससे गर्मी के दिनों में पानी की आपूर्ति पर गंभीर संकट आने का अंदाजा लगाया जा सकता है। ग्रामीणों के आधार कार्ड पर कनेक्शन तो दिए गए, लेकिन कई महीनों से नलों से एक बूंद पानी नहीं आ रहा है। संस्था के कर्मचारी चंद मिनटों के लिए सड़क किनारे पानी चलवाकर फोटो और वीडियो बनाते हैं और लोगों को झूठी दिलासा देकर कागजी कोरम पूरा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कोन क्षेत्र के कई गाँव, जिनमें कचनरवा, असनाबांध लिंक रोड, बड़ाप, बागेसोती सिंगा, डुबवा, धौरवादामर, सेमरवादामर, गोबरदाहा, डीलवाहा, शिवाखाड़ी, धीचोरवा, बिछमरवा, केवाल, खरौंधी, चांचीकला, और नकतवार शामिल हैं, पानी की आपूर्ति से वंचित हैं। टंकी से सटा गाँव बड़ाप भी इसका जीता-जागता उदाहरण है, जहाँ लोग प्रदर्शन करने को मजबूर हैं।

अनेक गाँवों, जैसे चांचीकला, चांची खुर्द, नकतवार, मिश्री, बहुआरा, डोमा, खरौंधी, रगरम आदि में तो आज तक लोगों को नल कनेक्शन तक नहीं मिल सका है। वहीं, जहाँ कनेक्शन है, वहाँ महीनों से पानी नहीं मिल रहा है।स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।इस बावत जल निगम के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार ने कहा कि उनकी तरफ से हरसंभव प्रयास किया जा रहा है कि लोगों को नियमित पानी मिले। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले दिन से पानी मिलना शुरू हो जाएगा।यह देखना होगा कि प्रशासनिक आश्वासन के बाद इन फ़्लोरोसिस प्रभावित गाँवों को दूषित जल पीने की मजबूरी से कब मुक्ति मिलती है।

## लोकतंत्र को बचाने के लिए अपने वोटों की करें रक्षा-संजय विद्यार्थी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**खोड़ारे गोण्डा** – धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव के जयंती पर विद्यार्थी जन कल्याण इंटर कालेज परिसर में कार्यशाला एवं नेता जी धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई गई निर्वतमान प्रत्याशी 301 गौरा विधानसभा संजय विद्यार्थी नें कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत मतदान है,आज भाजपा जब हमारे वोटों के साथ खिलवाड़ कर रही है ऐसे में हम सबको सतर्क होकर अपने वोटों की रक्षा करनी होगी।उनकी साजिश को नाकाम करेंगे।संजय विद्यार्थी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर पिछड़ों वंचितों,शोषितों के उत्थान के लिए समाजवादी पार्टी की स्थापना कर इनको सत्ता में भागीदारी दिलाने का काम किया।उन्होंने डॉक्टर राम मनोहर लोहिया और भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर,मधु लिमये, जय प्रकाश नारायण की विचारधारा को आगे बढाने का काम किया।रोटी कपड़ा सस्ती हो,दवा पढाई मुफ्ती हो जैसे नारों को आगे बढाने का काम किया। शिक्षा होगी एक समान तभी बनेगा हिंदुस्तान,आज हम इस मौके पर उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।अध्यक्षता कर रहे विधानसभा अध्यक्ष इस्लाम चौधरी नें कहा कि हम सबको एकजुट होकर इस बार अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है।पीडीए परिवार किसी भी साजिश में फंसने वाला नहीं है।कार्यक्रम का संचालन सपा नेता मोहन लाल यादव नें किया। इस अवसर पर महासचिव पवन यादव, सुशील पांडेय, विजय यादव, नरेन्द्र यादव, अमरनाथ विद्यार्थी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जयंती पर याद किये गये धरतीपुत्र, सपाइयों ने मनाया नेताजी के जन्मदिन



**मड़ावरा।** शनिवार को धरतीपुत्र कहे जाने वाले समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती कस्बे में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा मनायी गयी। विधानसभा अध्यक्ष निर्भानसिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुलायमसिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस दौरान वक्ताओं द्वारा नेताजी के विचारों और शिक्षाओं को अपनाने की बात कही और समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की गई। इस दौरान निर्भानसिंह यादव, जावेद खां, स्वामीसिंह, खूबचंद सेन, कुंदनसिंह, जगभान सिंह, धनीराम पाल, प्रतापसिंह, राहुल यादव, शेरसिंह, नत्थूसिंह, ऋषि राजपूत, मोतीसाहू, शोभाराम, रामसिंह यादव, हरनामसिंह समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डगडागी गौशाला प्रकरण: गौशालाओं में पारदर्शिता व सोशल ऑडिट की मांग

**●गौ पुत्र सेना व स्वामी ब्रह्मानंद ब्रिगेड ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** जिले की गौशालाओं में व्याप्त अव्यवस्थाओं और डगडागी गौशाला, गिरार में पत्रकारों व जनप्रतिनिधियों पर हुए हमले के विरोध में गौपुत्र सेना एवं स्वामी ब्रह्मानंद ब्रिगेड के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को एसडीएम को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन जिलाधिकारी को संबोधित है। ज्ञापन में मांग की है कि जनपद की सभी गौशालाओं में पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम जनमानस के प्रवेश पर लगी पाबंदियां तत्काल हटाई जाएं तथा सभी गौशालाओं का नियमित सोशल ऑडिट कराया जाए। इसके अलावा यूट्यूबर देवेंद्र कौशिक, जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा व उनके साथियों पर पंचायत सचिव द्वारा दर्ज कराई गई कथित शिकायत को तत्काल निरस्त करने और गौशाला में व्याप्त अनियमितताओं व हमले की घटना की उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित करने की मांग भी की गई है। संगठन का कहना है कि गौवंश संरक्षण से जुड़ी योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन वर्तमान स्थिति में कई गौशालाओं में अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और अपर्याप्त व्यवस्थाएं साफ तौर पर देखने को मिल रही हैं। डगडागी गौशाला में पत्रकार व जनप्रतिनिधियों पर हमला इस गंभीर लापरवाही का प्रत्यक्ष प्रमाण है। ज्ञापन देते समय एड. पुष्पेंद्र सिंह चौहान, प्रशांत शुक्ला, मनीष दुबे दरोनी, अजय प्रताप सिंह तोमर, नागरिक विकास मोर्चा अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, शानू उपमन्यु पाठक, अनुज विजय शर्मा, दिनेश पांडे, मनमोहन चौबे (पार्षद), ब्रजेश झा, आशीष साहू, देव सिंह महेशपुरा, एड. शशिकांत राजपूत, इंद्रजीत यादव, रजत नामदेव, विनय तिवारी, अभय मिश्रा (धवारी), विकास झा एवं एड. पुष्पेंद्र गोस्वामी आदि शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया जाए, जिससे दोषियों पर कठोर कार्यवाही हो सके और गौशालाओं की व्यवस्थाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित हो।

## पेट्रोल पम्प के बगल से लगी जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप

**●पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को भेजा शिकायती पत्र**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** जमीन पर सह खातेदारों द्वारा जबरन किये जा रहे अवैध कब्जे व निर्माण को तत्काल रोके जाने की मांग को लेकर तहसील तालबेहट के थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम नगवांस निवासी मानवेन्द्र सिंह पुत्र लखन सिंह ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि वह अपने सह खातेदारों के साथ जमीन पर काबिज दखील दर्ज कागजात माल है। बताया कि सह खातेदारों ने आपसी तौर पर अपना-अपना बटवारा कर रखा है, जिस पर काबिज हैं। आरोप है कि उसकी आराजी संख्या 422 मि. रकवा 0.4050 जो कि नगवांस में है, जो कि उसे आपसी बटवारे में मिली है। इस जमीन पर वह निर्माण के लिए अपना मटेरियल डाले हुये है। बीती 18 नवम्बर को सुबह 10 बजे जब वह अपनी जमीन पर था, तभी पुनियाखेरा व नगवांस निवासी कुछ लोगों ने झांसी के मऊरानीपुर के पलरा, जखौरा के ग्राम चितरा निवासी कुछ लोगों के साथ आये और उसकी जमीन पर निर्माण कार्य करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोग गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गये। भागते हुये वह तत्काल एसडीएम तालबेहट के समक्ष पहुंच कर शिकायती पत्र दिया, जिस पर हल्का लेखपाल ने मौके पर आकर काम को रूकवा दिया, लेकिन उक्त लोग धका रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि उक्त जमीन पेट्रोल पम्प से लगी होने के कारण बेशकीमती है, इसलिए उक्त लोग जमीनों पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले में जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

### छायन गांव के दो परिवारों में हुयी जमकर मारपीट, फोन फोड़ा

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम छायन में रहने वाले मुकेश पुत्र वंशी ने पुलिस उपाधीक्षक महरौनी को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 13 नवम्बर को अपराह्न करीब 3 बजे उसके मकान के सामने गांव का किरपू पुत्र सन्टोले अपने पिता के साथ मारपीट कर रहा था। जब उसने बीच-बचाव किया तो सन्टोले पुत्र पर्वतलाल, कपिल, किरपू पुत्रगण सन्टोले ने उसके साथ मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाने आयी उसकी मां रामबाई के साथ भी मारपीट की, जिससे वह घायल हो गयी। इस पूरे घटनाक्रम को उसके भतीजे राज ने मोबाइल में रिकॉर्ड भी कर लिया। उसकी हालत बिगडने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी लाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल में उसका 13 से 15 नवम्बर तक उपचार चला। इसके बाद जब वह शिकायत दर्ज कराने थाने गया तो उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी और उक्त लोगों ने उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से अमनाराम ने पुलिस को तहरीर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### थाना समाधान दिवस पर पुलिस उपायुक्त पश्चिम द्वारा फरियादियों की समस्याओं का किया गया निस्तारण



**कानपुर।** आज दिनांक 22.11.2025 को पुलिस उपायुक्त पश्चिम श्री दिनेश त्रिपाठी द्वारा थाना सचेडी में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई की गई। इस दौरान उन्होंने उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को न्यायोचित, पारदर्शी एवं त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। महोदय द्वारा अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समाधान गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध रूप से किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र न्याय मिल सके।

### कानपुर प्रयागराज नेशनल हाईवे पर सरसौल अंडरपास पर भीषण जाम




**कानपुर।** कानपुर के महाराज पुर थाना क्षेत्र के सरसौल में कानपुर प्रयागराज नेशनल हाईवे पर अंडर पास के पास शनिवार को भीषण जाम लग गया ,इस जाम में स्कूली बसें, बाईके, कारों सहित कई वाहन लंबे समय तक फंसे ऊं,जाम की लंबाई लगभग 300 तक पहुंच गई,जाम इतना गंभीर था कि एक एंबुलेंस भी उसमें फंस गई, हालांकि राहत की बात यह रही कि उस समय एंबुलेंस में कोई मरीज़ लेने जा रहा था, लेकिन क़रीब 20 मिनट तक जाम में फंसा रहा,और आगे नहीं बढ़ सका, स्थानीय लोगों ने बताया कि सरसौल अंडरपास के पास रोजाना जाम की स्थिति बनती है, जिससे यातायात बाधित होता है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है,उनका कहना है कि यहां यातायात नियंत्रण के लिए न तो ट्रैफिक पुलिस और नही स्थानीय पुलिस कर्मी तैनात नहीं किए जाते हैं, कस्बे के व्यापारियों के अनुसार क्षेत्र में कई स्कूल है और छुट्टी के समय स्कूली बच्चों की भीड़ और वाहनों का दबाव बढ़ जाता है,इसी दौरान सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग जातीं हैं, जिससे जाम के हालात बनते हैं, स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से समस्या का स्थाई समाधान निकालने और यातायात पुलिस की तैनाती करने की मांग की है।

### महाराज पुर थाने में समाधान दिवस में नहीं पहुंचे अधिकारी



**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना महाराज पुर परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, हालांकि यह आयोजन औपचारिक मात्र बनकर रह गया, क्यों कि शुरू आत में कोई भी सक्षम अधिकारी मौजूद नहीं था, समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायते एस एस आई दिग्विजय सिंह की अगुवाई में सुनी गई,इस दौरान राजस्व विभाग से तीन से चार लेखपाल और दो से तीन कानूनगो उपस्थित रहे, चकबंदी विभाग से एक लेखपाल ने पहुंच कर शिकायतें सुनी, राजस्व और पुलिस से संबंधित कई शिकायते प्राप्त हुई, लेकिन अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण मौके पर उनका निस्तारण नहीं हो सका बताया गया कि एस आई आर,के चलते अधिकारियों की डियूटी अन्यत्र लगाई गई थी, जिसके कारण वे समाधान दिवस पर नहीं पहुंच सके, अधिकारियों ने आवाश्यक कार्यो का हवाला दिया,थाना परिसर में कुर्सियां खाली पड़ी रही, जिससे फरियादियों को परेशानी हुई, महाराज पुर थाना प्रभारी राजेश कुमार भी वीआईपी ड्यूटी पर थे,वे दोपहर बाद थाना परिसर पहुंचे और उसके बाद फरियादियों की समस्यायों को सुना, हालांकि कई फरियादी सक्षम अधिकारी को शिकायत पत्र दिए बिना ही लौट गए।

# तीन साल की दौड़ का अंत, जनता दर्शन में एक घंटे में मिला समाधान, जिलाधिकारी को दिया धन्यवाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** तीन साल से अपनी ही जमीन के मानचित्र के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे सकरापुर निवासी मनोज कुमार निगम को आखिरकार राहत तब मिली जब उन्होंने शुक्रवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के जनता दर्शन में अपनी समस्या रखी। मनोज कुमार निगम दिन के पहले फरियादी थे और सुबह लगभग 9:30 बजे ही पहुँच गए थे, तीन वर्षों की थकान और मन में अंतिम उम्मीद लेकर। जिस मानचित्र के लिए वे लगातार भटक रहे थे, वह दस्तावेज जिलाधिकारी के निर्देश पर मात्र एक घंटे के भीतर उपलब्ध करा दिया गया। लंबित चारबन्दी मुकदमे में अटकी उनकी पैरवी इसी मानचित्र पर निर्भर थी। सकरापुर निवासी मनोज कुमार निगम गाटा संख्या 33, 46 और 117 की अपनी भूमि पर पिछले तीन वर्षों से अतिक्रमण के दबाव से जूझ रहे थे। चारों ओर हो रही प्लॉटिंग लगातार सीमा विवाद पैदा कर रही थी। उन्होंने 13 मई 2022 को उपजिलाधिकारी न्यायालय में धारा 24 चारबन्दी का वाद दायर किया था, लेकिन मुकदमे की प्रगति सत्यापित मानचित्र के अभाव में पूरी तरह ठप पड़ी थी।

रिकॉर्ड रूम, लेखपाल, कानूनगो, तहसील कार्यालय और कानपुर विकास प्राधिकरण तक उन्होंने दर्जनों चक्कर लगाए। आवेदन दिए, जवाब का इंतजार किया, पर नतीजा शून्य रहा। तीन वर्षों की दौड़ के बाद भी न दस्तावेज मिला और न ही वाद आगे बढ़ सका। जिलाधिकारी से मुलाकात में उन्होंने बताया कि मानचित्र न मिलने के कारण न तो सही पैरवी संभव हो पा रही है और न ही भूमि विवाद का समाधान दिख रहा है। प्रकरण सुनकर जिलाधिकारी ने इसे गंभीर लापरवाही माना और तत्काल मुख्य प्रशासनिक अधिकारी दलजीत को शिकायतकर्ता के साथ रिकॉर्ड रूम भेजा, यह निर्देश देते हुए कि दस्तावेज उसी समय उपलब्ध कराया जाए।

निर्देश मिलते ही कार्रवाई शुरू हुई और वह मानचित्र, जिसकी तलाश में शिकायतकर्ता तीन वर्षों से थे, मात्र एक घंटे में खोजकर जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया। इतने वर्षों से अटका प्रकरण उसी दिन आगे बढ़ने की स्थिति में आ गया। दस्तावेज मिलने के बाद मनोज कुमार निगम ने गहरी राहत महसूस की। जनता दर्शन से बाहर निकलते समय उन्होंने कहा कि तीन वर्षों की पीड़ा का समाधान आज एक घंटे में हो गया। उनकी आवाज में वास्तविक कृतज्ञता और लंबे संघर्ष के समाप्त होने का संतोष साफ झलक रहा था।

**कलेक्ट्रेट में लगेगा बड़ा डिस्प्ले बोर्ड, जनता को मिलेगी स्पष्ट जानकारी**

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सभी अपर जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विभागों में पटल प्रभारियों के कार्यों की नियमित समीक्षा करें, जिससे प्रकरणों का निस्तारण उसी स्तर पर और निर्धारित समय सीमा के भीतर हो सके। आम नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में एक डिस्प्ले बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। इस बोर्ड पर प्रत्येक शाखा में होने वाले कार्यों की स्पष्ट सूची प्रदर्शित की जाएगी, जिससे आने वालों को यह समझने में कोई भ्रम न रहे कि उनका कार्य किस कक्ष या पटल पर होता है। इस व्यवस्था से नागरिकों को अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत मिलेगी और कार्यालयों में सुगमता तथा पारदर्शिता दोनों बढ़ेगी।

### कानपुर पहुंचे यूपी के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, बोले- SIR अभियान पूरी तरह पारदर्शी

**कानपुर।** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शनिवार को मतदाता विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान के संबंध में कहा कि यह पूरी तरह पारदर्शी तरीके से हो रहा है। चुनाव आयोग भी इसमें पूरी पारदर्शिता व्रत रहा है। साकेत नगर में विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक के आवास पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री पत्रकारों से बात कर रहे थे। वह अरुण पाठक के भाई के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने आए थे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इस अभियान में पूरी तरह लगे हुए हैं और संगठन भी इस पर अपनी पूरी नजर रखे हुए है। अभियान का समय बढ़ाने की चल रही बातों पर उन्होंने कहा कि यह चुनाव आयोग का विषय है और वह इस पर कुछ नहीं कह सकते। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी भी उनके साथ लखनऊ से आए थे और एयरपोर्ट पर पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, पूर्व विधायक केके सचान, आदित्य पांडेय और सर्वेश पांडेय भी मौजूद रहे। बाद में वे परमट स्थित सुरेश अवस्थी के आवास पर गए जिनके पुत्र का शनिवार को विवाह हो रहा है।

# भागवत कथा श्रवण से मिला करता है मोक्ष-आचार्य अखिलेश जी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के मनीपुर में चल रही श्रीमदभागवत कथा में शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथाव्यास बिठूर धाम कानपुर से पधारे अखिलेश जी महराज ने कहा कि कलियुग में भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्त हुआ करती है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होते ही उनकी बाल लीलायें भी आरम्भ हो गयीं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर समूचा पाण्डाल नंद के आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में नृत्य करने लगे। कथाव्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का वध करने के लिये कंस ने पूतना समेत कई शक्तिशाली राक्षसों को भेजा लेकिन सभी मारे गये। कथाव्यास आचार्य अखिलेश जी महराज ने कहा कि भागवत कथा को सुनने मात्र से मन को शांति मिला करती है और अहंकार का नाश होता है। मुख्य यजमान गया प्रसाद तिवारी, जानकी देवी तथा ओमप्रकाश तिवारी फौजी व शांती देवी ने वैदिक मंत्रोचार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। संयोजन जमुना प्रसाद तिवारी ने किया। लाल बिहारी तिवारी ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस मौके पर दिनेश तिवारी, राकेश तिवारी, अखिलेश मिश्र, धर्मेन्द्र तिवारी, मनोज तिवारी, रवीन्द्र मिश्र, दीपक तिवारी, प्रदीप तिवारी, राजेश तिवारी, सुनील तिवारी आदि मौजूद रहे।

# अब हर शनिवार होगा शक्तिवार, बच्चों को मिलेगी आयरन फोलिक की शक्ति

### ●एनीमिया मुक्त भारत की दिशा में कानपुर नगर की अनूठी पहल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** परिषदीय स्कूलों में किशोर और किशोरियों में एनीमिया की रोकथाम को मजबूत करने के लिए कानपुर नगर जिले में एक नई पहल शुरू की गई है। अब हर शनिवार को परिषदीय स्कूलों में शक्तिवार मनाया जाएगा। इस दिन बच्चों को मनोरंजक गतिविधियों के बीच आयरन फोलिक एसिड की गोली दी जाएगी। उद्देश्य यह है कि बच्चे हर सप्ताह आयरन फोलिक का सेवन नियमित रूप से करें और एनीमिया के प्रति अधिक जागरूक बनें। चौबेपुर और शिवराजपुर ब्लॉकों के चयनित विद्यालयों में प्रोजेक्ट अम्मा के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और समुदाय के सहयोग से यह कार्यक्रम प्रारंभ हुआ है। डबल्यूआइएफएस कार्यक्रम पहले से संचालित है, लेकिन जानकारी के अभाव में कई बच्चे आयरन फोलिक की गोली नहीं लेते थे। इसी समस्या को दूर करने के लिए शक्तिवार की अवधारणा बनाई गई है, ताकि बच्चे मिड डे मील के बाद मीठी नीली गोली को उत्साह से खाएँ और इसे अपने स्वास्थ्य से जोड़ें। इसी क्रम में आज उच्च प्राथमिक विद्यालय पेम, चौबेपुर में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने शक्तिवार का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह और विटामिन एंजेल्स के कंट्री डायरेक्टर डॉ आशुतोष मिश्र भी मौजूद रहे। शुभारंभ के दौरान सीडीओ दीक्षा जैन ने कहा कि बच्चों में एनीमिया कम करना तभी संभव है जब आयरन फोलिक की गोली उनके दैनिक जीवन का स्वाभाविक हिस्सा बने। शक्तिवार बच्चों को स्वास्थ्य की आदतें सिखाने का सरल और प्रभावी माध्यम बनेगा। प्रोजेक्ट अम्मा टीम ने बताया कि शक्तिवार सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन पर आधारित है। शनिवार को मिड डे मील के बाद अध्यापक बच्चों को मीठी नीली गोली देंगे। बच्चे शक्ति मंत्र बोलेंगे और खेल कूद की कक्षा में गोली गोल पोस्ट जैसे खेल खेलेंगे। इसके साथ ही पोषक भोजन, आयरनयुक्त आहार और अच्छी आदतों से जुड़े कार्ड गेम भी बच्चों को उपलब्ध कराए जाएंगे। लक्ष्य यह है कि बच्चे खेल खेल में ही स्वास्थ्य की समझ विकसित करें और एनीमिया से दूर रहें। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य आशा अवस्थी ने किया। विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी और प्रोजेक्ट अम्मा की टीम उपस्थित रही।

### सरसौल कस्बे में शनिवार सुबह स्कूटी में लगी आग



**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना महाराज पुर क्षेत्र के सरसौल कस्बे में शनिवार सुबह एक स्कूटी में अचानक आग लग गई, सरसौल निवासी नफीस अहमद अपनी स्कूटी से किसी काम के लिए जा रहे थे,तभी यह घटना अंडरपास में हुई,स्कूटी में धुआं निकलता देख राहगीरों ने स्कूटी चालक नफीस अहमद को इसकी जानकारी दी,नफीस ने तुरंत ब्रेक लगा कर स्कुटी रोकी, और सूझबूझ दिखाते हुए पानी डालकर आग बुझाई,उनकी तत्परता से स्कूटी पूरी तरह से जलने से बच गई, नफीस अहमद ने बताया कि वह शनिवार सुबह अपने घर से बाजार के लिए स्कूटी से निकलें थें,घर से करीब 500 मीटर दूर अंडरपास में अचानक आग लग गई, आशंका जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट के कारण स्कूटी में आग लग गई,इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, नफीस अहमद पूरी तरह से सुरक्षित है, महाराज पुर पुलिस का कहना है कि उन्हें इस संबंध किसी प्रकार की कोई जनहानि जनहानि नहीं हुई।

# जिलाधिकारी ने परिषदीय विद्यालय मंधना प्रथम में एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने आज परिषदीय संविलियन विद्यालय मंधना प्रथम का निरीक्षण कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिठूर विधानसभा क्षेत्र के बगदौधी बांगर में स्थित बूथ संख्या 48, 49, 50, 51 और 52 के बीएलओ से संवाद किया। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से भी बातचीत कर उनके फॉर्म जमा करने की स्थिति जानी। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान तेजी से चल रहा है। प्रत्येक पात्र मतदाता तक एन्यूमरेशन फॉर्म पहुँचाए जा रहे हैं। इन फॉर्म में मतदाताओं को अपना मूल विवरण तथा माता-पिता और दादा-दादी से संबंधित उपलब्ध जानकारी भरनी है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति अपने माता-पिता अथवा दादा-दादी का विवरण देने में सक्षम नहीं है, तब भी उसका नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। 9 दिसंबर के बाद आवश्यक होने पर संबंधित अभिलेख प्राप्त किए जा सकते हैं। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे, जबकि मृतक, शिफ्टेड और अबसेंटी व्यक्तियों के नाम सूची से हटाए जा सकें। जिन मतदाताओं के फोटो पुराने हैं, उनके अद्यतन फोटो भी लिए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि उन्हें प्राप्त सभी फॉर्म समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएँ और कोई भी फॉर्म लंबित न रहे। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे फॉर्म भरकर शीघ्र अपने बीएलओ को उपलब्ध कराएँ, जिससे मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन रूप में तैयार किया जा सके।

### दक्षिण एक्सप्रेस से ट्रॉली सूटकेस चोरी

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला गाजीपुर के 376-बी, डी.डी.ए. फ्लैट, दिल्ली-96 ईस्ट निवासी मनीष नायर ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह 21 नवम्बर को ट्रेन नं. 12722 दक्षिण एक्सप्रेस के कोच संख्या- बी-1 की बर्थ संख्या 71 पर निजामुद्दीन स्टेशन से भोपाल तक की यात्रा कर रहा था। झांसी रेलवे स्टेशन से गाड़ी ललितपुर के लिए निकली थी। इसी बीच उसका नेवी ब्लू रंग का सफारी ब्राण्ड का ट्रॉली सूटकेश चोरी हो गया, जिसमें शादी की गिफ्ट और अन्य सामान रखा हुआ था। पीड़ित के अनुसार बर्थ के ऊपर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था। जीआरपी पुलिस ने मनीष नायर की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जैना पैलेस गिराने पर कब्जेदारो का हंगामा, बिल्डर भागा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर नगर।** शहर के रतनलाल नगर स्थित जैना पैलेस को गिराए जाने के विरोध में शनिवार को वर्षो से फ्लैट का कब्जा किए हुए लोगों ने जमकर विरोध किया,उनका कहना है कि बिल्डर ने उनसे 1989 में करीब 54 हजार रुपए लेकर फ्लैट का कब्जा दिया था, लेकिन आज तक बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं दी गई,इसी कारण वे वहां निवास नहीं बना पाए, कब्जे दारो का आरोप है कि अब बिल्डिंग गिराकर भूमाफिया इसमें जबरन कब्जा करना चाहते हैं, गुरुवार की रात गोविन्द नगर के ब्लाक 11निवासी जतिन चौधरी के 15 वर्षीय बेटे सार्थक चौधरी की इंटरनेट केबिल में फंस कर गिरने से मौत हो गई थी, स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि जैना पैलेस को पोकलैंड मशीन से गिराने के दौरान केबिल टूट कर नीचे गिरा था,जिसकी चपेट में आने से सार्थक की मौत हो गई थी, शनिवार को प्रदीप कंटिन्यू,सुशील कटियार,अनुपम मिश्र, अमित सहित कब्जे दार क्षेत्रीय पार्षद सहित भाजपा नेताओं के साथ पहुंचे , उन्होंने आरोप लगाया कि मनोज सेंगर और संकल्प गुलाटी, पोकलैंड मशीन से बिल्डिंग ध्वस्त कर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं, हंगामे की सूचना पर गोविन्द नगर पुलिस मौके पर पहुंची और कब्जे दारो को समझाने का प्रयास किया,इसी दौरान पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच बहस भी हुई, पुलिस के पहुंचते ही बिल्डर और मजदूर मशीनें छोड़ कर मौके से भाग निकले, कब्जे दारो ने बिल्डर के खिलाफ गोविन्द नगर थाने में तहरीर दी है।

# कुश्ती भारतीय खेल का है स्वर्णिम धरोहर- प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** अठेहा क्षेत्र के सेमरा में दो दिवसीय राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता में कई राज्यों के पहलवानो का रोमांचक दमखम देखने को मिला। 86000 रूपये की रोमांचक फाइनल कुश्ती दिल्ली के नवाज पहलवान तथा राजस्थान के राजू पहलवान के बीच हुई। इसमें दिल्ली के नवाज ने राजू को पटखनी देते हुए फाइनल कुश्ती का खिताब अपने नाम किया। शुक्रवार की देर शाम हुए समापन समारोह में बतौर मुख्यअतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने विजेता पहलवानों को चैम्पियनशिप व शील्ड प्रदान किये। उन्होने क्षेत्रीय एवं जिले के पहलवानों के साथ अन्य राज्यों से आये हुए पहलवानों की हौसला आफजाई करते हुए स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से नकद पुरस्कार भी बांटे। बतौर मुख्य अतिथि सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि कुश्ती भारतीय खेल प्रतियोगिता की स्वर्णिम धरोहर है। उन्होने कहा कि भारत के खिलाड़ियों के द्वारा कुश्ती के साथ अन्य खेल प्रतियोगिताओं में भी आज सफलताओं के साथ तिरंगे का परचम लहराया जा रहा है। उन्होने हाल ही में महिला विश्वकप क्रिकेट प्रतियोगिता में देश को मिली विश्व चैम्पियनशिप को भारतीय बेटियों के शौर्य का शानदार प्रदर्शन कहा। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने विश्वस्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भी भारतीय बेटियों के द्वारा हासिल किये गये सात स्वर्ण पदकों को भी देश के नाम अनूठा कीर्तिमान कहा। राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता में फकीर बाबा व शैतान सिंह की कुश्ती देखकर हजारों दर्शक दांतो तले उंगली दबा बैठे। इसमें फकीर बाबा को विजय मिली। वहीं लकी थापा व ज्वाला सिंह के बीच कुश्ती में लकी बाबा व लॉडी बाबा एवं जल्लाद पहलवान की कुश्ती में लाडी बाबा ने जीत हासिल की। इसके पहले दंगल प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष अनवारूल हसन ने समिति की ओर से सांसद प्रमोद तिवारी को सम्मानित किया। समापन समारोह की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने किया। ग्राम प्रधान अशोक ने स्वागत तथा लव सिंह ने आभार जताया। इस मौके पर सरवर खान, इबरार खान, रियाजुल, अयूब, राममिलन गुप्ता, नसीम, बृजेश, रामगरीब, राजू मिश्र, रोहित सिंह, त्रिभु तिवारी आदि मौजूद रहे।

# संसद में शीतकालीन सत्र में पारित हो अधिवक्ता सुरक्षा कानून, करेंगे संसद भवन के सामने प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर शनिवार को यहां आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की संयुक्त अगुवाई में लखनऊ से चलकर अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा रायबरेली पहुंची। एसोसिएसन के प्रांतीय सचिव आशुतोष ओझा व वरिष्ठ अधिवक्ता नरेन्द्र पाण्डेय क्रांतिकारी के साथ बड़ी संख्या में अधिवक्तााओं ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर कलेक्ट्रेट कचहरी में अधिनियम के समर्थन में नारेबाजी करते हुए साथी अधिवक्ताओं को जागरूकता प्रदान की। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में केन्द्र विधि एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा यदि अधिवक्ता सुरक्षा को लेकर कानून नहीं लाया गया तो एसोसिएशन के द्वारा संसद सत्र के दौरान संसद भवन के सामने अनवरत विरोध प्रदर्शन जारी दिखेगा। उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा करना सरकार का संविधान में वर्णित सबसे बड़ा मौलिक कर्तव्य है। एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के जरिये देश में अन्याय के खिलाफ न्याय के संघर्ष को मजबूती मिलेगी। अधिवक्ताओं ने विधेयक के समर्थन में यात्रा के दौरान जमकर नारेबाजी भी की। वहीं कलेक्ट्रेट में अधिवक्ता सुरक्षा तथा बुजुर्ग अधिवक्ता पेंशन व कल्याणकारी योजनाओं को लेकर संवाद का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायबरेली कलेक्ट्रेट बार एसोसिएसन के अध्यक्ष सुशील कुमार श्रीवास्तव व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता महासुख चौधरी ने किया। इस मौके पर राजेश यादव, मो0 अरफाज, अवधेश कुमार श्रीवास्तव, आराधना, सोनिका सोनी, अभिषेक त्रिपाठी, कमलेश मौर्या, लाल बहादुर यादव, पूनम मौर्या, बृजेश बहादुर सिंह, विश्वपाल सिंह, धनेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव, रत्नेश तिवारी, रामदास चौधरी, सुशील कुमार श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता रहे।

# बा विद्यालय में विश्व बाल अधिकार दिवस पर बाल अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के परसिया स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शनिवार को बाल अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान द्वारा किया गया। जिसमें बाल अधिकार सहित बाल विवाह, भ्रूण हत्या, अशिक्षा, स्वच्छता आदि पर बच्चों ने कार्यक्रम पेश किया। बा विद्यालय में विश्व बाल अधिकार दिवस पर बाल अधिकार जागरूकता कार्यक्रम में बाल विवाह रोकने के लिए छात्राओ को जागरूक किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने छात्राओं को मेहनत से पढ़ाई लिखाई कर स्वयं निर्णय लेकर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दी। राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मुस्तन शेरुल्लाह ने बाल अधिकारों से बालिकाओं को अवगत कराया। सशस्त्र सीमा बल खुनुवा इंस्पेक्टर संजय कुमार, एमएसईएमवी के डिस्ट्रिक्ट लीड प्रसून शुक्ल व अमन शर्मा व चिल्हिया थाना एसआई लालचंद व महिला कांस्टेबल सीमा यादव ने बालिकाओं को साइबर सुरक्षा, महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर।से संबंधित जानकारी साझा किया। बालिकाओं ने भ्रुण हत्या विषयक मनमोहक नाटक के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम से बाल विवाह, स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया। इस दौरान एमएसईएमवीए से रूपा, वार्डन नीलम चतुर्वेदी, प्रीति जायसवाल, रूबी, सरिता सहित विद्यालय की छात्राएं शामिल शामिल रहीं।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान

**ललितपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भव्य और गरिमामय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद के दसों नगरों से लगभग 2500 मेधावी छात्रों को सम्मानित करना और उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना था। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक, शिक्षकों और समाजसेवियों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने विद्यार्थियों को सफलता के मार्ग पर निरंतर आगे बढने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करना चाहिए। आधुनिक तकनीक का उपयोग समझदारी से करें और नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहें।अनुशासन, सत्यनिष्ठा और मेहनत ही जीवन में सफलता की कुंजी है। मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री अभाविप मनीष राय ने कहा कि युवा शक्ति देश के विकास की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच अपनाने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि यदि छात्र अभी से अपने लक्ष्य का निर्धारण कर लें, तो भविष्य में कोई भी चुनौती उन्हें रोक नहीं सकती। नगर अध्यक्ष डा.रोहित वर्मा और नगर मंत्री गोपाल शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएँ, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

### ●महराजगंज तराई में आयोजित हुआ समाधान दिवस, मौके पर ही निस्तारित कराई गईं कई शिकायतें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** थाना महराजगंज तराई में शनिवार, 22 नवंबर 2025 को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में आए शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को डीएम व एसपी ने स्वयं सुना और कई प्रकरणों का मौके पर ही आपसी सहमति से निस्तारण कराया। अधिकारियों ने राजस्व और पुलिस विभाग के अमले को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि टीम बनाकर मौके पर जाने से वास्तविक स्थिति स्पष्ट होती है और न्यायपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जा सकता है। डीएम विपिन कुमार जैन ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि भूमि विवाद व कानून-व्यवस्था से जुड़े संवेदनशील मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम तत्काल कार्रवाई करते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित करे। थाना समाधान दिवस में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों के त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हुई मौत



**हमीरपुर :-** जनपद के मौदहा कस्बा निवासी एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से युवक को सदर अस्पताल के लिए रेफर किया गया था लेकिन कानपुर ले जाते समय युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कस्बे के मोहल्ला मराठीपुरा टेमन बाबा के निवासी भगवान दास (22)पुत्र स्व. चुनुबाद ने अपने घर में देररात अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगडने पर परिजनों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से युवक की हालत खराब होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था लेकिन सदर अस्पताल से कानपुर ले जाते समय रास्ते में युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने परिवार में दो भाई और तीन बहिन थे जिसमे दो बहनो की शादी हो चुकी है। वहीं सूत्रों की माने तो मृतक की मां अक्सर बीमार रहती थी और कर भी अस्पताल में भर्ती रही है उसके बाद रात में घर आकर सभी ने साथ में खाना खाया लेकिन उसके बाद भगवान दास ने ऐसा क्यों किया कोई कुछ नहीं कह रहा। जबकि कुछ लोग मृतक की मौत का कारण आर्थिक तंगी बता रहे हैं। जबकि इस सम्बन्ध में प्रभारी कोतवाली प्रभारी चंद्र शेखर गौतम ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और कोई तहरीर आएगी तो उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### झलकारी बाई के योगदान को याद कर दी गयी पुष्पांजलि



**हमीरपुर-** कस्बा सुमेरपुर में वर्णिता संस्था के तत्वावधान में अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने झलकारी बाई की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि झलकारी बाई वास्तव में एक समर्पित युवा वीरांगना थी। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका जन्म झांसी के निकट भोजला गांव में सरोवर सिंह व जमुना बाई के घर 22 नवंबर 1830 को हुआ था। इनके पति का नाम पूरन कोरी था। यह वीर महिला थी। 1857 के समर में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण थी। रानी के साथ भितरघात होने पर झांसी पराजय के समय रानी को झांसी से बाहर जाने में झलकारी बाई की अहम भूमिका थी। यह रानी की हमशक्ल थी। उन्होंने रानी के वेश में गोरों के शिविर में पहुंचकर उन्हें भ्रम में डाल दिया था। इनकी मौत को लेकर दो मत है। एक स्वयं पहल कर सखी द्वारा मृत्यु और दूसरी गोरों द्वारा दी गई मौत। चार अप्रैल 1857 को यह शहीद हो गयी थीं। इस कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, रामनरायन सोनकर, दयाराम सोनकर, रिचा, पंकज सिंह, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

### पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर काली पट्टी बांध जताया विरोध



**हमीरपुर-** माह के चौथे शनिवार को सुमेरपुर थाना में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे लेखपालों ने पुरानी पेंशन बहाल



करने की मांग को लेकर काली पट्टी बांधकर कार्य किया। माह के चौथे शनिवार को थाने में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे लेखपालों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को काली पट्टी बांधकर कार्य किया। लेखपालों ने बताया कि जब तक पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा नहीं होगी उनका विरोध प्रदर्शन निरंतर जारी रहेगा।

# लाखों क्विंटल बासमती धान पैदा करने वाले किसानों को जिले में नहीं मिल रहा बाजार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुरः-** सूखे बुंदेलखंड में धान की बेशकीमती प्रजाति बासमती का रिकॉर्ड उत्पादन करने वाले किसान जिले में धान का बाजार नहीं होने से मायूश है। बाहर से आने वाले व्यापारियों को औने पौने दामों में धान बेचकर नुकसान उठा रहे हैं। किसानों का कहना कि अगर एक अदद धान मिल स्थापित हो जाए, तो इसका लाभ किसानों को मिलने लगेगा। कभी बुंदेलखंड की पहचान सूखे चटियल मैदान के रूप में होती थी। किसानों ने इस मिथक को तोड़ा और सूखे चटियल बुंदेली धरा पर धान की वेशकीमती बासमती की प्रजाति 1121 एवं 1718 को उठाकर रिकॉर्ड उत्पादन किया है। लेकिन इस धान का बाजार जिले में नहीं है। बांदा,अतर्रा,बबेरू, खुरहंड से आने वाले धान व्यापारी औने पौने दामों में बासमती धान खरीद रहे हैं। किसानों की मजबूरी है कि वह बाजार के अभाव में इसको कौड़ियों के भाव बेचकर नुकसान उठा रहे हैं।

टेढ़ा के किसान सौरभ सिंह, अनिल यादव, राजा सिंह, जगदीश वर्मा,राजेंद्र सिंह, मुलायम सिंह परिहार आदि ने बताया कि एक दशक पूर्व टेढ़ा से बासमती धान की उत्पादन की शुरुआत हुई थी। तब यह कुछ ही बीघे में रोपित किया गया था। अब यह हजारों हेक्टेयर क्षेत्र में उत्पादित हो रहा है। प्रगतिशील कृषक सौरभ सिंह ने बताया कि पंजाब हरियाणा में बासमती धान का वास्तविक मूल्य 3500 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल है। जबकि यहां महज 2800 से 3000 रुपये प्रति कुंतल बिक रहा है। इस लिहाज से किसानों को करीब 1000 रुपये प्रति क्विंटल का नुकसान उठाना पड़ रहा है। अगर एक अदद चावल मिल जिले में स्थापित हो जाए, तो किसानों को इसका लाभ मिल सकता है। किसानों के अनुसार ब्लाक क्षेत्र में 15000 हेक्टेयर में इस वर्ष बासमती धान का उत्पादन हुआ है। औसत उत्पादन 5 से 6 क्विंटल प्रति बीघा है। लाखों क्विंटल बासमती धान पैदा करने वाले किसानों को वाजिब दाम नहीं मिल पा रहे हैं। किसान औने पौने दामों में धान बेचने को मजबूर है। धान खरीद केंद्र के प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि सरकारी केंद्र में बासमती प्रजाति के धान खरीद का प्रावधान नहीं है। यहां पर महज मोटा धान खरीदा जा रहा है। मंडी सचिव ब्रजेश निगम ने बताया कि दो व्यापारियों ने टेढ़ा मंडी में धान खरीद का लाइसेंस लिया है।

### सदर विधायक के गांव के किसानों ने प्राइवेट खाद दुकानदारों पर लगाया ज्यादा मूल्य लेने का आरोप

**हमीरपुर :-** सदर विधायक मनोज प्रजापति जे गांव पैथिया के किसानों ने ही निजी दुकानदारों पर अधिक दामों में खाद की बिक्री करने का आरोप लगाया है। सुमेरपुर विकास खंड क्षेत्र के पौथिया गांव में दो खाद की प्राइवेट दुकानें हैं। जो दुकानदार निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर खाद की बिक्री करने का आरोप किसानों ने लगाया है। किसानों का कहना है कि उन्हें खाद की सख्त जरूरत है। लेकिन 270 की प्रति बोरी मिलने वाली खाद 320,350, रुपए प्रति बोरी के हिसाब से विक्रय कर रहे हैं। पौथिया सहित कीरतपुर, महमूदपुर, शिकरी, सहुरापुर, उजनेडी, ललपुरा, कलौलीजार के किसान राजाराम,सहदेव, रामबाबू, बीर सिंह, सन्तोष, प्रीतम आदि किसानों ने प्रशासनिक अधिकारियों ने शिकायत करने की बात कही है। उन्होंने प्राइवेट दुकानदारों के उपर अधिक दामों में कर रहे खाद बिक्री पर अंकुश लगाने की मांग की है।यहां खास बात यह है कि सदर विधायक मनोज प्रजापति इसी गांव के निवासी हैं और यहीं के किसान खाद की कालाबाजारी से पीड़ित हैं।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमो के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

**● यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर बस एवं दो पहिया वाहन जप्त**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**शहडोल** थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने यात्री बसों का किया आकस्मिक निरीक्षण पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल यातायात पुलिस द्वारा लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं इसी कड़ी में शहडोल यातायात पुलिस द्वारा बस स्टैंड एवं बुढ़ार चौक क्षेत्र में यातायात पुलिस टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, तेज रफ्तार से बचने, नशे में वाहन न चलाने, तथा सड़क पर अनुशासन बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत थाना प्रभारी संजय जायसवाल एवं सूबेदार प्रियंका शर्मा द्वारा यात्री बसों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक बस बिना परमिट एवं बीमा के पाई गई, जिसे मौके पर जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की गई। साथ ही शहर में ध्वनि प्रदूषण एवं यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे ऐसे बुलेट वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो बुलेट जब्त किए गए हैं तथा बिना परमिट, फिटनेस और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाली एक निजी यात्री बस को भी जप्त कर आवश्यक कार्यवाही की गई एवं बस स्टैंड शहडोल में बस चालकों का आकस्मिक शराब परीक्षण भी किया गया।

## बाइक सवार जीजा-साले का हुआ एक्सीडेंट, अस्पताल जाते समय रास्ते पर साले की हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुर :-** हमीरपुर- मौदहा कपसा मार्ग पर शुक्रवार देर रात लोडर की टक्कर लगने से बिना हेलमेट लगाए बाइक सवार जीजा व साले गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें गम्भीर हालत में सरकारी अस्पताल से प्राथमिक इलाज के बाद मुख्यालय रेफर कर दिए गया जिसमें सदर अस्पताल से कानपुर ले जाते समय साले की मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस में मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम छिरका निवासी करण 26 वर्ष पुत्र प्रेम नारायन शुक्रवार की देर रात अपने जीजा तेज प्रताप 36 वर्ष पुत्र भारत निवासी कुम्हउपुर को बाइक में बैठाकर अपनी बहन की ससुराल ग्राम सिजनौडा जा रहा था तभी कपसा मार्ग पर रेलवे चौकी के समीप सामने से आ रहे लोडर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक में सवार जीजा साले गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस की मदद से लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने दोनों घायलों की हालत नाजुक देख उनका प्राथमिक उपचार कर उन्हें मुख्यालय रेफर कर दिया, जब करण के परिजन उससे सदर अस्पताल से कानपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है जबकि उसके जीजा तेज प्रताप की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक तीन भाइयों व पांच बहनों में सबसे छोटा था, वह मजदूरी कर अपने परिवार के भरण पोषण में मदद करता था। करण के अपने पीछे चार वर्षीय पुत्र व एक दुधमुंही बच्ची समेत पत्नी व परिवार को बिलखता छोड़ गया है। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।

### ईरिक्शा चालक ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या



**हमीरपुर-** बीते शुक्रवार देर शाम सुमेरपुर विकासखण्ड के चन्दपुरवा गांव निवासी ई रिक्शा चालक ने चंदपुरवा गेट के समीप ट्रेन से कटकर जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजन घटना का कारण नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। चंदपुरवा बुजुर्ग निवासी दयाराम साहू ने बताया कि उसका सबसे बड़ा पुत्र आशीष साहू (22) ईरिक्शा चलाकर परिवार का सहयोग करता था। शुक्रवार को देर शाम इसने चंदपुरवा गेट के समीप किसी ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। परिजन घटना का कारण नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक तीन भाइयों एवं एक बहन में सबसे बड़ा और अविवाहित था। बहन की शादी हो चुकी है। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। माता-पिता भाइयों एवं बहन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

## गुवाहाटी में असम प्रदेश नाथ योगी सम्मेलन का प्रेस वार्ता, सरकार से मुख्य आठ समस्या समाधान करने की मांग

**● 25 नवंबर की विधानसभा से दो मुख्य मांग समाधान की आह्वान।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**असम धेमाजी** असम के प्राचीन समुदायों में से एक नाथ योगी सम्प्रदाय। असम में 1919 में गठित द्वितीय सबसे पुरानी रेजिस्टेंट संगठन असम प्रदेश नाथ योगी सम्मेलन। जो कि 106 साल में पदार्पण कर चुके है।संगत की तरफ से आज गुवाहाटी प्रेस क्लब में एक प्रेस वार्ता की आयोजन की। सम्मेलन के अध्यक्ष धीरेन नाथ ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि,असम में सबसे पिछड़े हुए ओर सरकार की तरफ से अवहेलित शांतिप्रिय समुदाय है नाथ योगी समुदाय। समुदाय के लोगों के समस्या को समाधान के लिए सम्मेलन के एक प्रतिनिधि दिलों ने असम के मुख्यमंत्री को गत 14जून 2023 को जनता भवन में मुख्यमंत्री से बैठ कर समुदाय के समस्याओं को समाधान करने की मांग में एक ज्ञापन सौंपा था लेकिन आज 2 साल बाद भी सरकार की तरफ़ से कोई कदम न उठाने पर दुःख जताते हुए आज सरकार के समक्ष निम्नलिखीत मांगो को लेकर प्रेस वार्ता की।

**मांगे**

1, असम में ट्राइबल बैल्ट ओर ब्लैक में पहले से बसी नाथ योगी समुदाय के लोगों को 19 सितंबर 1998 में क्रम्न .100/93/92 असम सरकार ने आरक्षित श्रेणी के अधिचूसना को संशोधित कर असम के ट्राइबल बैल्ट ओर ब्लैक में नाथ योगी समुदाय के 100 प्रतिशत भूमि का अधिकार कायम रखना ।

2, असम में उपेक्षित नाथ योगी समुदाय के भविष्य सुनिश्चित करने के लिए राजनैतिक, अर्थनीतिक,साहित्य, संस्कृति एवं हर तरफ़ के विकाश के लिए नाथ योगी उपग्रहीय ऑटोनॉमस काउंसिल गठन करना।

3, असम के उच्च शिक्षा अनुष्ठान में विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेजों के अलावा क्रष्ट के परीक्षा में कोटा एवं आसान संरक्षण करना।

4 ,असम में उच्च सदन (विधान परिषद) गठन की मांग जिसमें असम के मूल निवासियों में से प्रतिनीत्व कर चके।

5, आजादी के 78 साल बाद असम में नाथ योगी समुदाय के केवल 7 जिसमें 2 ब्रम्हपुत्र वैली से 5 बोराक वैली से। 1987 में ग्वालपाड़ा से दिवंगत खगेंद्र नाथ ओर 1972 में रोहा से दिवंगत गुनेंद्र नाथ पण्डित। लोकसभा ओर राज्यसभा में एक भी नहीं। राजनीति में समुदाय के प्रतिनिधि नहीं होने की कारण समुदाय के समस्याओं के बारे में सरकार के समक्ष विधान सभा में कई आवाज नहीं उठाते। राज्यसभा के 7 सीटों में एक आसन में नाथ योगी समुदाय के लोगों को मनोनीत करने की मांग।

6, बि, टि,सी, समझाते में अन्यतम हस्ताक्षर करने वाली नाथ योगी समुदाय के राजनैतिक, अर्थनीतिक, सामाजिक हर तरह से उपेक्षित हैं, बि टि सी मे बसे नाथ योगी समुदाय के लोगों की भूमि के अधिकारों के अलावा सभी प्रकार के अधिकार सुनिश्चित करना एवं बोडोलैंड स्वायत्त शासित परिषद में नाथ योगी कैंडिडेट को मनोनीत करना।

7, क्षमता पुर स्वायत्त शासित परिषद के अंतर्गत अविभाजित गोवालपाड़ा जिले में नाथ योगी समुदाय के लोगों के हर प्रकार की अधिकार सुनिश्चित करने की साथ क्षमता पुर स्वायत्त शासित परिषद में नाथ योगी लोगों के लिए आसान संरक्षण करना।

8, सरकारी निकाय, निगम ओर प्रतिष्ठानों के मुख पदों में नाथ योगी समुदाय के योग्य व्यक्ति को नियुक्ति करना।

इन मांगो के अलावा असम में नाथ योगी समुदाय के समस्याओं के ओर 12 मांगे वाली ज्ञापन असम के मुख्यमंत्री के हाथ में सौंपा जा चुका है। समझे मुख दो मांगे नाथ योगी स्वायत्त शासित परिषद ओर नाथ योगी समुदाय के भूमि के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए 25 नवंबर में होने वाले विधानसभा की जरिए समाधान करने की मांग की है।

समस्या समाधान नहीं करने से शांतिप्रिय असम के नाथ योगी समुदाय के लोगों अपनी समस्या समाधान के लिए राजमार्ग में निकल आएंगे। आज की प्रेस वार्ता में असम प्रदेश नाथ योगी सम्मेलन के अध्यक्ष धीरेन नाथ, सचिव गुंजीत नाथ, नाथ योगी विकास परिषद के अध्यक्ष बेनुधर नाथ, नाथ योगी जातीय परिषद, युवा परिषद, महिला सम्मेलन के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## ग्रामीण बेटियों के लिए कस्तूरबा विद्यालय बना डिजिटल हब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर- राठ।** मोबियस फाउंडेशन के ज्ञान कन्या शक्ति कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के उरई मार्ग स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय को डिजिटल हब के रूप में विकसित किया गया है। इसके अंतर्गत छात्राओं को ऑनलाइन क्लास के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे पारंपरिक पढ़ाई के साथ आधुनिक तकनीक से भी जुड़ रही हैं।

कार्यक्रम की समन्वयक नीशू बोस ने बताया कि मोबियस फाउंडेशन के ज्ञान कन्या शक्ति कार्यक्रम द्वारा चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, कौशांबी, झांसी, जालौन और ललितपुर जनपद के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों को डिजिटल हब में तब्दील किया गया है। इन विद्यालयों में अब बालिकाओं की पढ़ाई केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि डिजिटल क्लासरूम, स्मार्ट बोर्ड और आधुनिक तकनीक की मदद से की जा रही है। इससे छात्राओं की पढ़ाई आसान हुई है और उनकी रुचि व आत्मविश्वास में भी इजाफा हुआ है।

जिला समन्वयक विवेक कुमार ने बताया ज्ञान कन्या शक्ति पहल केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके तहत ग्रामीण बेटियों को स्वास्थ्य, डिजिटल साक्षरता और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी सशक्त किया जा रहा है। जिन्होंने पहले पढ़ाई-लिखाई और संसाधनों से वंचित रहना पड़ता था, अब वे डिजिटल माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़ रही हैं। वर्ष 2023 से संचालित इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में अब तक 46 आईटी क्लासरूम स्थापित किए जा चुके हैं। इन आईटी क्लासरूम में टीवी स्क्रीन, लैपटॉप, इनवर्टर बैकअप और अन्य तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिनकी मदद से बालिकाओं को लाइव इंटरएक्टिव क्लासेस की सुविधा दी जा रही है। इससे शिक्षण प्रक्रिया में सुधार हुआ है और छात्राओं को नवीन शिक्षण पद्धतियों के साथ जोड़ा गया है।

कार्यक्रम के तहत कक्षा 6 से 9 तक की छात्राओं को हर वर्ष स्टेशनरी किट भी दी जाती है,



जिसमें दो रजिस्टर, 12 पेन और ज्योमेट्री बॉक्स शामिल हैं। इसके अलावा खेल सामग्री, टी-शर्ट और सेनेटरी नैपकिन जैसी आवश्यक वस्तुएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि उनकी शैक्षिक व व्यक्तिगत जरूरतों की पूर्ति हो सके। बोस ने बताया कि हर साल दो बार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) टीम के सहयोग से हेल्थ कैंप आयोजित किए जाते हैं। इन कैंपों के माध्यम से छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच, परामर्श और आवश्यक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को शिक्षा के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा भी सुनिश्चित हो रही है।

## कुलदीप का जादू, दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज लड़खड़ाई: भारत की दिन के अंत में दमदार वापसी

**● दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने अहम समय पर बड़े स्कोर बनाने का मौका गंवा दिया, जिससे भारत को वापसी करने का मौका मिला। कुलदीप यादव की शानदार गेंदबाजी (3 विकेट) ने मेहमान टीम की लय तोड़ी और उन्हें 247/6 पर रोकने में अहम भूमिका निभाई।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भारत ने शनिवार को गुवाहाटी में दूसरे टेस्ट मैच के आखिरी सत्र में जोरदार वापसी की और पहले दिन स्टंप्स तक दक्षिण अफ्रीका को 247/6 पर रोक दिया। लंच के समय 156/2 के स्कोर पर आरामदायक स्थिति में चल रहे प्रोटियाज़ और पहली पारी में बड़ा स्कोर बनाने की ओर अग्रसर दिख रहे थे, लेकिन आखिरी सत्र में भारतीय गेंदबाजों के लगातार प्रहारों के कारण उनकी लय टूट गई। दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे सत्र में चार अहम विकेट गंवाकर 91 रन बनाए।

कप्तान टेम्बा बावुमा, जो अच्छी लय में दिख रहे थे, ब्रेक के बाद सबसे पहले आउट हुए और 41 रन बनाकर आउट हुए। रवींद्र जडेजा ने मैच का अपना पहला विकेट लिया। ट्रिस्टन स्टब्स, जो 49 रन बनाकर शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे, आउट होने वाले अगले बल्लेबाज थे और कुलदीप यादव को मैच का अपना दूसरा विकेट दिया। 200 का आंकड़ा पार करने के कुछ ही पल बाद, दक्षिण अफ्रीका को एक और झटका लगा जब वियान मुल्डर 13 रन बनाकर आउट हो गए। कुलदीप ने फिर से शानदार प्रदर्शन किया। मेहमान टीम अचानक 201/5 के स्कोर पर लड़खड़ा गई।

टोनी डी ज़ोरज़ी दिन के आखिरी शिकार बने, जिन्हें मोहम्मद सिराज ने 28 रन पर आउट किया। लाल मिट्टी वाली सतह पर, कुलदीप यादव 48 रन देकर 3 विकेट लेकर भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ बनकर उभरे। जसप्रीत बुमराह, सिराज और जडेजा ने एक-एक विकेट लिया। पहले दिन दूसरे सत्र के अंत में, प्रोटियाज़ का स्कोर 55 ओवर में 156/2 था, जिसमें बावुमा (86 गेंदों पर 36* रन) और स्टब्स (82 गेंदों पर 32* रन) क्रीज़ पर डटे हुए थे। दक्षिण अफ्रीका ने अपने सत्र की शुरुआत 82/1 के स्कोर से की, जिसमें रिकल्टन और बावुमा क्रीज़ पर थे।



चाय के विश्राम के बाद कुलदीप यादव ने पहली पारी के 28वें ओवर में सलामी बल्लेबाज़ रयान रिकल्टन (82 गेंदों पर 35 रन) को आउट करके शुरुआती सफलता दिलाई। रिकल्टन के आउट होने के बाद, स्टब्स और कप्तान बावुमा ने तीसरे विकेट के लिए शानदार, नाबाद साझेदारी करके पारी को संभाला। अपनी पारी की शुरुआत में दोनों बल्लेबाज सतर्क थे और परिस्थितियों पर बारीकी से नजर रख रहे थे। क्रीज़ पर जमने के बाद, बावुमा और स्टब्स ने इसका फ़ायदा उठाया और स्कोरबोर्ड को तेज़ी से आगे बढ़ाने के लिए आक्रामक रुख़ अपनाया। 33वें ओवर में, स्टब्स ने तेज़ गेंदबाज़ सिराज के ख़िलाफ़ दो चौके लगाए, जबकि 37वें ओवर में बावुमा ने भारतीय तेज़ गेंदबाज़ के ख़िलाफ़ लगातार दो चौके जड़कर आक्रामकता का परिचय दिया। 42वें ओवर की पाँचवीं गेंद पर, स्टब्स ने कुलदीप यादव के ख़िलाफ़ अपना पहला छक्का जड़ा।

## G20 में भारत की दमदार दस्तक: पीएम मोदी का ड्रग्स-आतंकवाद के गठजोड़ पर कड़ा प्रहार, स्वास्थ्य को भी दी प्राथमिकता

**● जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक विकास पर पुनर्विचार करते हुए भारत के सभ्यतागत मूल्यों, विशेषकर एकात्म मानववाद, पर आधारित समावेशी और सतत विकास पर जोर दिया। उन्होंने पारंपरिक ज्ञान भंडार, स्वास्थ्य सेवा प्रतिक्रिया दल और ड्रग-आतंकवाद गठजोड़ से निपटने जैसी महत्वपूर्ण पहलों का प्रस्ताव रखा, जो अफ्रीका की प्रगति को वैश्विक विकास से जोड़ने पर केंद्रित हैं।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत के सभ्यतागत मूल्यों के अनुरूप वैश्विक विकास को नया रूप देने के उद्देश्य से कई पहलों का प्रस्ताव रखा। 'समावेशी और सतत आर्थिक विकास, जिसमें कोई पीछे न छूटे' विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक विकास मानदंडों पर गहन पुनर्विचार का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जी-20 ने लंबे समय से वैश्विक वित्त और विकास को आकार दिया है, लेकिन प्रचलित मॉडलों ने बड़ी आबादी को संसाधनों से वंचित किया है और प्रकृति के अति-दोहन को बढ़ावा दिया है। ये चुनौतियाँ अफ्रीका में तीव्र रूप से महसूस की जा रही हैं।

मोदी ने कहा कि अफ्रीका द्वारा पहली बार जी-20 शिखर सम्मेलन की मेज़बानी के साथ, अब हमारे लिए अपने विकास मानदंडों पर पुनर्विचार करने और समावेशी एवं सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करने का सही समय है। भारत के सभ्यतागत मूल्य, विशेष रूप से एकात्म मानववाद का सिद्धांत, आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, 'दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले सत्र को संबोधित किया, जिसमें समावेशी और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया। अफ्रीका द्वारा पहली बार जी-20 शिखर सम्मेलन की मेज़बानी के साथ, अब हमारे लिए अपने विकास मानदंडों पर पुनर्विचार करने और समावेशी एवं सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करने का सही समय है। भारत के सभ्यतागत मूल्य, विशेषकर एकात्म मानववाद का सिद्धांत आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। '

मोदी ने कहा कि मैंने सर्वांगीण विकास के हमारे सपने को साकार करने के लिए कुछ कार्ययोजनाएँ प्रस्तावित कीं। उनमें से पहला है जी20 वैश्विक पारंपरिक ज्ञान भंडार का निर्माण। इस संबंध में भारत का इतिहास समृद्ध है। इससे हमें अपने सामूहिक ज्ञान को बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। अफ्रीका की प्रगति वैश्विक प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत हमेशा अफ्रीका के साथ एकजुटता में खड़ा रहा है। मुझे इस बात पर गर्व है कि भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान ही अफ्रीकी संघ जी20 का स्थायी सदस्य बना। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए, भारत जी20-अफ्रीका कौशल गुणक पहल का प्रस्ताव रखता है। हमारा सामूहिक लक्ष्य अगले दशक के भीतर अफ्रीका में 10 लाख प्रमाणित प्रशिक्षक तैयार करना होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत एक जी20 वैश्विक स्वास्थ्य सेवा प्रतिक्रिया दल (जी20 Global Healthcare Response Team) के गठन का प्रस्ताव रखता है। स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं के समय जब हम मिलकर काम करते हैं, तो हमारी स्थिति और भी मज़बूत होती है। हमारा प्रयास जी20 के अन्य देशों के प्रशिक्षित चिकित्सा विशेषज्ञों की टीमें बनाना होना चाहिए जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत तैनाती के लिए तैयार रहें। मादक पदार्थों की तस्करी, खासकर फेंटेनाइल जैसे बेहद खतरनाक पदार्थों के प्रसार की चुनौती से निपटने के लिए, भारत ने मादक पदार्थों-आतंकवाद के गठजोड़ का मुकाबला करने के लिए जी-20 पहल का प्रस्ताव रखा है। आइए, हम इस बदहाल मादक पदार्थ-आतंकवादी अर्थव्यवस्था को कमज़ोर करें!